| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 28.5 | 16.6 |
| जमशेदपुर | 29.2 | 19.0 |
| डालटनगंज | 27.2 | 13.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

गुरुवार, 08 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 291 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





**बुमराह ने रचा इतिहास**

## टेस्ट के नं.1 बॉलर बने

**दुबई।** जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए. विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने नौ विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया. वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी हैं. इससे पहले बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं. बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो पिछले 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे. टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गये. बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है.

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला : कारोबारी के घर व दफ्तर में ईडी ने ली तलाशी**

# कोलकाता में योगेश अग्रवाल के कई ठिकानों पर ईडी की रेड

- अग्रवाल परिवार रीयल इस्टेट, फाइनेंस और मोटर ट्रेनिंग स्कूल का कारोबार करता है

**संवाददाता। रांची**

झारखंड की शेल कंपनी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में रांची ईडी की टीम ने बुधवार को कोलकाता में छापा मारा. झारखंड में सत्ता शीर्ष से जुड़े लोगों के कोलकाता स्थित ठिकाने पर ईडी की टीम छापेमारी की गयी. ईडी के अधिकारियों ने कोलकाता मुदियाली में कारोबारी योगेश अग्रवाल के घर दबिश दी. एक महिला समेत कुल छह अधिकारी योगेश के घर की तलाशी ली. इसके अलावा ईडी की एक अन्य टीम ने योगेश अग्रवाल के बिधान सरणी स्थित दफ्तर में भी छापा मारा.

**ईडी की दबिश जारी :** योगेश अग्रवाल के घर और दफ्तर पर ईडी की तलाश लगातार जारी है. सूत्रों का कहना है कि अग्रवाल परिवार रीयल इस्टेट, फाइनेंस और मोटर ट्रेनिंग स्कूल का कारोबार करता है. मोटर ट्रेनिंग कंपनी का नाम 'लाला भगवानदास मोटर ट्रेनिंग स्कूल' है. इन कंपनियों के निदेशक योगेश अग्रवाल और अनीशा अग्रवाल हैं. जो खबर सामने आ रही हैं कि दिल्ली स्थित पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के आवास से ईडी ने एक बीएमडब्ल्यू कार जब्त किया था, यह कार भगवानदास फर्म से जुड़ा हुआ था.

## पीएमएलए कोर्ट ने पांच दिन बढ़ाई पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत



**संवाददाता। रांची**


रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी. यह जानकारी वकीलों ने दी. पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा था. सोरेन की ईडी हिरासत बुधवार को समाप्त हो गई थी. महाधिवक्ता राजीव रंजन ने संवाददाताओं से कहा, ईडी ने सात दिन हिरासत का अनुरोध किया था, जिसका हमने पुरजोर विरोध किया. ईडी को पांच दिन की हिरासत दे दी गई. सोरेन को धनशोधन मामले में ईडी द्वारा सात घंटे की पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था. सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. मौके पर हेमंत ने हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया.

**शादी की 18वीं सालगिरह पर हेमंत सोरेन की पत्नी का भावुक संदेश**

## ...मैं एक योद्धा की जीवनसाथी हमेशा उनकी ताकत बनी रहूंगी

**शुभम संदेश डेस्क। रांची**

मैं एक योद्धा की जीवनसाथी हूं, हमेशा उनकी ताकत बनी रहूंगी. भले ही शादी की 18वीं सालगिरह पर उनके पति परिवार के साथ न हों, लेकिन वह भावुक नहीं होंगी, क्योंकि हेमंत साजिश से बाहर निकलेंगे और एक विजेता के रूप में उभरेंगे. यह संदेश झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बुधवार को अपनी शादी की 18वीं सालगिरह के मौके पर दिया. कल्पना सोरेन ने 'एक्स' पर



कहा, हेमंत जी ने झारखंड की पहचान और अस्तित्व की रक्षा के लिए सिर झुकाना स्वीकार नहीं किया.

***X** कल्पना सोरेन ने 'एक्स' पर कहा, हेमंत जी ने झारखंड की पहचान और अस्तित्व की रक्षा के लिए सिर झुकाना स्वीकार नहीं किया. उन्होंने खुद को समर्पित कर साजिश का मुकाबला करने का विकल्प चुना. आज हमारी शादी की 18वीं सालगिरह है लेकिन हेमंत जी परिवार और बच्चों के साथ नहीं हैं. हमें विश्वास है कि वह इस साजिश से बाहर निकलेंगे और विजेता के रूप में उभरकर जल्द ही हमारे पास होंगे.'*

**मैं आज भावुक नहीं होऊंगी :** कल्पना सोरेन ने कहा, मैं झारखंड के बहादुर योद्धा की संगिनी हूं. मैं आज भावुक नहीं होऊंगी. हेमंत जी की तरह मैं भी मुश्किल परिस्थितियों में मुस्कुराऊंगी और उनके साहस व संघर्ष में शक्ति बनूंगी. सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन के पांच जनवरी को बहुमत साबित करने और हेमंत सोरेन के झारखंड विधानसभा में जबरदस्त भाषण देने के बाद कल्पना ने 'एक्स' पर घोषणा की, अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी.

## कांग्रेस के कारण 16 तक टला मंत्रिमंडल विस्तार

**कौशल आनंद। रांची**

- कांग्रेस 12वीं बर्थ और डिप्टी सीएम की मांग पर अड़ा, अब राहुल गांधी लेंगे अंतिम निर्णय

कांग्रेस के कारण चंपाई सोरेन सरकार का 8 फरवरी को होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार को टाल दिया गया है. बुधवार को पहले मुख्यमंत्री द्वारा 8 फरवरी को राजभवन से समय मांगा गया, मगर शाम तक इसे वापस लेते हुए नयी तिथि 16 फरवरी भेजी गयी. जानकारी के अनुसार एक दिन में तिथि परिवर्तन के पीछे की वजह कांग्रेस है. कांग्रेस सरकार में चार साल से रिक्त पड़ी 12वीं बर्थ और उपमुख्यमंत्री के पद को लेकर अड़ गयी है. दिल्ली में मंत्रियों के नाम पर निर्णय लेने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बी वेणुगोपाल और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की बैठक शाम को हुई.

- शेष पेज 7 पर

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

**ब्रीफ खबरें**


### प्रार्थना करूंगा कि कांग्रेस 40 सीट ही बचा ले : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर करारा हमला बोला. उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय तक देश की सत्ता पर काबिज रहने वाली पार्टी के पतन और गिरावट को लेकर उनके मन में संवेदनाए हैं. वह प्रार्थना करेंगे कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट बचा ले. राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए पीएम ने कहा कि वह प्रार्थना करेंगे कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी अभी की ही सीट ही बचा ले. कांग्रेस की सोच भी आउटडेटेड हो गयी है व कामकाज भी आउटसोर्स कर लिया है.

### केजरीवाल को 17 को कोर्ट में पेशी का समन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने समन का पालन नहीं करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है. ईडी द्वारा समन भेजे जाने के बाद भी पेश नहीं होने पर कोर्ट ने केजरीवाल को पेशी का समन जारी किया. शराब घोटाला मामले में ईडी के 5 समन के बाद केजरीवाल के पेश न होने के खिलाफ ईडी ने याचिका दाखिल की थी.

## रेस में हैं कांग्रेस के छह विधायक, तीन को मिलेगी जगह

# चंपाई कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से दिख सकते हैं नए चेहरे

संवाददाता। रांची

- चार साल से खाली पड़ा 12वां मंत्री का पद भी जा सकता है कांग्रेस के पाले
- प्रदेश प्रभारी दिल्ली रवाना केसी वेणुगोपालन से मिल फाइनल करेंगे लिस्ट

चंपाई कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से इस बार नए चेहरे भी दिख सकते हैं. सत्ता के गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही है कि प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर दिल्ली में पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिल कर लिस्ट फाइनल करेंगे. मीर दिल्ली रवाना हो चुके हैं. बताते चलें कि काफी लंबे समय से कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को बदलने की बात सामने आ रही थी. चर्चा यह भी है कि बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख की जगह नए चेहरे को जगह मिल सकती है. वहीं 12 वें मंत्री पद को भी कांग्रेस अपने कोटे से भर सकती है. कांग्रेस की ओर से विधायक प्रदीप यादव, भूषण बारा, रामचंद्र सिंह, जयमंगल सिंह, दीपिका सिंह पांडेय और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का नाम सामने आ रहा है. इनमें से तीन का चयन किया जाएगा. जानकारी के अनुसार अगले दो से तीन दिन के अंदर चंपाई कैबिनेट का विस्तार होगा.



### सीएम का जल्द मंत्रिमंडल विस्तार पर है जोर

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वास मत हासिल करने के बाद जल्द मंत्रिमंडल विस्तार की बात कही थी. हालांकि कैबिनेट में जगह पाने के लिए जबरदस्त लॉबिंग भी चल रही है. कांग्रेस के कई विधायक खुले तौर पर मंत्री बनाए जाने की उम्मीद जता रहे हैं. दावा भी पेश कर रहे हैं. कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को लेकर उत्सुकता ज्यादा है. पार्टी के विधायकों ने चेहरे बदलने का दबाव बढ़ाया है. यही वजह है कि कुछ नए चेहरों को जगह मिल सकती है. फिलहाल झामुमो और कांग्रेस के अंदर मंत्री पद की शपथ लेने वालों का नाम तय नहीं हो पाया है. संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि बहुत जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार होगा. सरकार की यह कोशिश होगी कि 23 फरवरी से बजट सत्र भी आरंभ किया जाए. इसको लेकर सीएम मे बुधवार को विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी की.



# ड्रॉपआउट बच्चों का डेटा कलेक्ट कर रहे क्लस्टर

संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने दिया है निर्देश
- ड्रॉपआउट बच्चों का फिर कराया जाएगा नामांकन

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश पर क्लस्टर रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) स्कूल जाकर ड्रॉपआउट बच्चों का डेटा कलेक्ट कर रहे हैं. ड्रॉपआउट बच्चों को चिह्नित कर उनका फिर से स्कूल में नामांकन कराया जाएगा. वहीं यू-डीआईएसई पोर्टल पर जिन बच्चों का नाम रजिस्ट्रर्ड नहीं है, उनका भी डेटा तैयार किया जाएगा. यह जानकारी सीआरपी-बीआरपी एसएस संघ के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने दी है.

यू-डीआईएसई पोर्टल के अनुसार, रांची में 10,388 बच्चों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है. हालांकि इन बच्चों का नामांकन 2022-23 में हो गया है. पोर्टल पर डेटा अपलोड नहीं होने के कारण ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी दिख रही है. कृष्णा प्रसाद ने बताया कि यू-डीआईएसई पोर्टल पर छात्रों का डेटा हर साल अपडेट किया जाता है, लेकिन रांची में 2023-24 सत्र के लिए केवल 70 प्रतिशत डेटा अपडेट किया जा सका है. सीआरपी दौरे के दौरान पता चला कि ड्रॉपआउट के रूप में सूचीबद्ध बच्चों में से कुछ का नाम दूसरे स्कूलों में नामांकित है. जानकारी के अभाव और पोर्टल पर डेटा अपलोड नहीं होने के कारण नामांकन के बाद भी छात्रों को ड्रॉपआउट चिह्नित किया गया था.

## विद्युतवरण, जयंत, हांसदा व वीडी राम का ऑडिट सर्टिफिकेट ही पेंडिंग

# 124 करोड़ खर्च, पर आठ सांसदों के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं


**खास बातें**

- झारखंड के सांसदों ने योजना राशि का 98 .96% किया खर्च
- 16 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च किया जाना है बाकी

रवि भारती। रांची

झारखंड के सभी 14 सांसदों को क्षेत्र विकास योजनाओं के लिए 124.61 करोड़ रुपये मिल चुके हैं. यानि सभी सांसदों को मिलाकर 98.96 फीसदी राशि खर्च की जा चुकी है. 16 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया जाना बाकी है, लेकिन आठ सांसदों द्वारा खर्च की गई राशि का अब तक उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं हो पाया है. वहीं चार सांसदों का ऑडिट सर्टिफिकेट अब तक पेंडिंग ही पड़ा हुआ है. केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा का सभी प्रमाण पत्र अंडर प्रोसेस है. सांसद निशिकांत दुबे का प्रोविजनल यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट अब तक लंबित है. विद्युतवरण महतो का ऑडिट सर्टिफिकेट के साथ उपयोगिता प्रमाण पत्र भी पेंडिंग है. विजय हांसदा का ऑडिट और उपयोगिता प्रमाण पत्र पेंड़िग है. बीडी राम का भी ऑडिट और उपयोगिता प्रमाण पत्र पेंडिंग है. वहीं चंद्रप्रकाश चौधरी, गीता कोड़ा और सुनील सोरेन का प्रोविजनल उपयोगिता प्रमाण पत्र पेंडिंग है.

**चार सांसदों का जमा हो चुका है ऑडिट और यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट :** अब तक सिर्फ चार सांसदों का ऑडिट और यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट जमा हो चुका है. इसमें कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी, धनबाद के सांसद पीएन सिंह, रांची के सांसद संजय सेठ, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत और चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह शामिल हैं.




### किस क्षेत्र की कितनी योजनाएं हुईं स्वीकृत

| क्षेत्र | कितनी योजनाएं |
|---|---|
| पेयजल सुविधा | 296 |
| एजुकेशन | 47 |
| हेल्थ व फैमिली वेलफेयर | 11 |
| सिंचाई सुविधा | 01 |
| गैर पारंपरिक ऊर्जा | 01 |
| पब्लिक फैसिलिटी | 284 |
| रोड, पाथ वे,ब्रिज, लिंक रोड | 831 |
| सेनिटेशन | 11 |
| स्पोर्टस | 11 |
| कृषि कार्य से संबंधित | 03 |
| नगर विकास से संबंधित | 01 |

### किन प्रमुख योजना पर कितना खर्च

| योजना | राशि |
|---|---|
| ड्रिंकिंग वाटर फैसिलिटी | 396 .84 लाख |
| एडुकेशन | 499 .65 लाख |
| स्वास्थ्य कल्याण | 126 .30 लाख |
| गैर पारंपरिक ऊर्जा | 6 .44 लाख |
| पब्लिक फैसिलिटी | 1772 .74 लाख |
| सड़क, पाथवे, ब्रिज | 2636 .46 लाख |
| पब्लिक हेल्थ( टॉयलेट निर्माण) | 54 .17 लाख |
| स्पोर्टस | 135 .94 लाख |
| कृषि कार्य | 44 .29 लाख |
| शहरी विकास | 14 .00 लाख |

**अकाउंटेंट संजय हत्याकांड :** गिरफ्तारी के बाद यामिनी ने पुलिस के समक्ष आरोप स्वीकार किया

# बिल्डर कमल भूषण की बेटी को भेजा गया जेल

संवाददाता। रांची



बिल्डर कमल भूषण (मृत) के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने कमल भूषण की बेटी यामिनी को जेल भेज दिया. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यामिनी को मगंलवार को गिरफ्तार कर लिया था. आरोप है कि संजय हत्याकांड को अंजाम देने वाले भाड़े के हत्यारे को यामिनी ने ही नगद रुपये उपलब्ध करवाए थे. यामिनी कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल कुजूर की पत्नी है और कमल भूषण की पुत्री है. संजय सिंह की हत्या मामले की तफ्तीश शूटरों के गिरफ्तार होने के बाद भी जारी थी. पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी कि संजय सिंह की हत्या में यामिनी की संलिप्तता भी रही थी. यामिनी ने ही आरोपी राहुल और रोहित कुजूर के कहने पर संजय की हत्या करने वाले शूटरों को पैसा दिया था. गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में यामिनी ने पुलिस के समक्ष शूटरों को पैसे देने की बात स्वीकार की है.

**क्या है मामला :** जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की अपराधियों ने पांच जुलाई 2023 रातू रोड गैलेक्सिया मॉल के सामने काली मंदिर लेन में गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में पुलिस ने अपराधी संदीप कुमार प्रसाद, आकाश कुमार वर्मा, विवेक कुमार शर्मा, सुशीला कुजूर, साहिल बाड़ा के अलावा सोनू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. इस मामले के मुख्य आरोपी राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर जेल से ही साजिश रची थी. इससे पहले 30 मई 2022 को जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या भी राहुल कुजूर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कर दी थी.

सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी जमीन कारोबारी कमल भूषण की दो साल पहले अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. दरअसल राहुल कुजूर ने जमीन कारोबारी की पुत्री यामिनी से शादी कर ली थी. इसको लेकर दोनों के बीच दुश्मनी शुरू हो गयी थी. इसी क्रम में जमीन कारोबारी ने राहुल की हत्या करने की धमकी दी थी. इसी वजह से राहुल ने शूटरों के जरिये कमल की 30 मई 2022 को रातू रोड में गोली मारकर हत्या करवा दी थी.

# पीटीसी प्रशिक्षण में 109 पुलिसकर्मी फेल, 244 पास

संवाददाता ।रांची



पीटीसी प्रशिक्षण में 109 पुलिसकर्मी फेल हो गये. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जेएपीटीसी पदमा, जंगल वॉरफेयर स्कूल नेतरहाट, टीटीसी जमशेदपुर, सीटीसी मुसाबनी और जैप 10 में कुल 353 सिपाही स्तर के पुलिसकर्मियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्थ की थी. इस प्रशिक्षण में 244 पुलिसकर्मी पास हो गये, जबकि 109 पुलिसकर्मी फेल हो गये. आईजी ट्रेनिंग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है. जारी आदेश में पुलिसकर्मियों से संबंधित एसपी और ईकाई प्रधान को निर्देश दिया गया है कि परीक्षाफल के अनुरूप जिलादेश अंकित कर संबंधित पुलिसकर्मियों को सूचित करना सुनिश्चित की जाए.

# सीपीआईएम का केंद्र के खिलाफ विरोध मार्च आज

संवाददाता ।रांची



मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी आठ फरवरी को केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध मार्च निकालेगी. यह विरोध मार्च रांची के जिला स्कूल से राजभवन तक होगा. इसकी जानकारी राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने दी. उन्होंने बताया कि इस मार्च के जरिये प्रमुख रूप से संविधान निहित राज्यों के अधिकारों पर केंद्र सरकार के हमले, केंद्र सरकार की ओर से विपक्षी राज्यों की आर्थिक नाकेबंदी, राज्यपालों की संविधान विरोधी भूमिका, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग समेत अन्य मुद्दों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा. इसके तहत झारखंड के अलावा केरल का भी मुद्दा उठाया जायेगा, जहां इंडिया गठबंधन की सरकारों को गिराने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है.

## देशभर के 600 खिलाड़ी रांची आएंगे और लेंगे हिस्सा

# एसजीएफआई साइकिलिंग प्रतियोगिता आज से

संवाददाता। रांची

एसजीएफआई 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स में गुरुवार से साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है. झारखंड की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नेवरी रिंग रोड पर आयोजित होगी. प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बुधवार को कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र पाठक ने जानकारी दी.



जानकारी देते एसजीएफआई 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स के पदाधिकारी.

इसमें बताया गया कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, 19 बालक और बालिका प्रतिभागी हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता 8 से 12 फरवरी तक होगी. इसमें देशभर के कुल 617 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. वहीं झारखंड के 44 साइक्लिस्ट इस स्पर्धा में भाग लेंगे. इसके ट्रैक इवेंट में 237 खिलाड़ियों ने भाग लिया. यह स्पर्धा 8 और 9 फरवरी को खेलगांव के वेलड्रॉम में आयोजित की जाएगी. वहीं 10 फरवरी से रोड इवेंट का आयोजन नेवरी में किया जाएगा, जिसके लिए सभी परमिशन ले लिए गए हैं. पीसी के दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र पाठक, शशांक भूषण सिंह, समीर कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, रणवीर, प्रभात रंजन तिवारी, सुरजीत कुमार समेत एसोसिएशन और विभाग से जुड़े कई लोग उपस्थित थे.

CLASSIFIED


































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | गुरुवार, 08 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 291 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**सीएम चंपाई सोरेन का मास्टर स्ट्रोक**

## अब 125 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त


प्रमुख संवाददाता. रांची

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि बिजली सब्सिडी में जल्द बढ़ोतरी की जाएगी. बिजली उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने के साथ ही साथ सभी वंचित टोलों में बिजली पहुंचाई जाएगी. इस संबंध में ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के राजस्व प्राप्ति और व्यय को लेकर विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे.

उन्होंने विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधान और वास्तविक प्राप्ति तथा खर्च की जानकारी ली. उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को के आवश्यक निर्देश दिए.

**कार्यों में तेजी लाने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को विभिन्न योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि यहां की ज्यादा से ज्यादा जनता को इसका लाभ दे सकें. मुख्यमंत्री ने जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को समय पूरा करने को भी कहा. उन्होंने स्वीकृत योजनाओं का कार्य जल्द शुरू करने और लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया.

**वित्तीय प्रबंधन को करें बेहतर :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन को और भी बेहतर बनाने को कहा. उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब दो महीने से कम का समय बचा है. ऐसे में सभी विभाग अपने बजट की राशि के खर्चे में तेजी लाएं.



- जनहित से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूरा करने का सीएम ने दिया निर्देश
- जनता की उम्मीद और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### सरकार आपके द्वार के आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित जो आवेदन मिले हैं , उसकी अद्यतन जानकारी ली. इस क्रम में निष्पादित, अस्वीकृत और लंबित आवेदनों के बारे में भी जाना. उन्होंने कहा कि आवेदन लंबित न रहे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें और जिस आवेदन को अस्वीकृत किया गया है, उसकी वजह भी बतायी जाए. अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 59 .28 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा का निष्पादन किया जा चुका है.

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं की भी जानकारी ली :** मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागवार केंद्र प्रायोजित योजनाओं के उपलब्धियां की जानकारी ली. वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए जो राशि मिली है, उसे खर्च करने के लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं. उन्होंने यह भी कहा कि इस राशि के खर्च के बाद अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा .

## सीएम बनने के बाद पहली बार चंपाई पहुंचे पैतृक गांव



रांची । मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपाई सोरेन बुधवार को पहली बार सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में पहुंचे. इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से अभिवादन और स्वागत किया. मुख्यमंत्री ने यहां अमर वीर शहीद डीबा-किशुन जी व जागेश्वर टुडू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री ने सरना पूजा स्थल- जाहेरस्थान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की.

## तीसरी आंख को मोतियाबिंद

**5 करोड़ रुपये की लागत से शहर में 28 जगह लगे 125 सीसीटीवी, सभी बंद**

रिजवान शम्स । धनबाद

धनबाद के 28 स्थानों, प्रमुख चौक-चौराहों और शहर में प्रवेश स्थलों पर लगे सारे सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं. इन कैमरों के बंद हुए भी सालभर से अधिक समय गुजर चुका है. ऐसे में इन बंद कैमरों से सुराग कैसे मिलेगा. यदि कोई आपराधिक घटना हुई तो फिलहाल पुलिस के पास लाठी पीटने के अलावा कोई चारा नहीं है. आने-वाले कुछ महीनों में भी ये कैमरे काम करेंगे या नए कैमरे लगेंगे, इसकी कोई उम्मीद भी नहीं दिख रही है. बताते चलें कि वर्ष 2017 में नगर निगम ने शहर के 28 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे. ये कैमरे शहर के उन सभी स्थलों पर लगे थे, जहां से पुलिस की टीम एक कमरे में बैठकर पूरे शहर में होने वाली गतिविधि पर नजर रख सकती थी. धनबाद के पुलिस कंट्रोल रूम में मॉनिटर स्क्रीन पर नजर रखने के लिए एक पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति होती थी. कुछ दिनों तक कैमरों ने काम किया, फिर इनमें खराबी आनी शुरू हुई.

वक्त गुजरने के साथ अब एक भी कैमरा काम नहीं कर रहा है. ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस हाइटेक युग में बिना सीसीटीवी के पुलिस क्या करेगी. ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं है, बावजूद इसके कोई कारगर उपाय फिलहाल तक नहीं हो पाया है. कुछ कैमरे तो खराब हो गए , तो शेष कैमरों में वाई-फाई रिचार्ज और बिजली कनेक्शन जैसी समस्याएं भी सुनने को मिली थीं. कुल मिलाकर इन कैमरों के मेंटेनेंस का खर्च भी लाखों के होने की बात कही जा रही है. ये खर्च कौन विभाग करेगा, इस पर भी पेंच बना हुआ है, क्योंकि वर्ष 2017 में लगे सीसीटीवी में जिस कंपनी ने कैमरे लगाए थे, उन्हें पांच सालों तक मेंटेनेंस का कार्य करना था, ये अवधि साल भर पूर्व ही खत्म हो गई.







दृश्य 1 और दृश्य 2 में लगे सीसीटीवी कैमरे जो काफी दिनों से बंद हैं

### निजी कैमरों पर पुलिस हुई आश्रित

धनबाद में लगे सीसीटीवी कैमरों ने कई बड़ी वारदात में पुलिस को क्लू देने का काम किया था. नीरज सिंह हत्याकांड से लेकर छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं में पीसीआर में बैठकर अनुसंधान में दिशा मिल जाया करती थी, लेकिन इन कैमरों के बंद होने के बाद अब पुलिस निजी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों पर ही आश्रित हो गई है. खासकर शहर के बैंकमोड़, हीरापुर, स्टीलगेट, सिटी सेंटर बरटांड़, पुराना बाजार आदि इलाके में फिलहाल प्रतिष्ठानों के कैमरे ही पुलिस की अनसुंधान को दिशा देती हैं.

### क्या कहते हैं जिम्मेवार

**जल्द ही लगेंगे नए कैमरे : एसएसपी**



*इस बारे में जब धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कैमरों के खराब होने की सूचना है. इस बाबत एक प्रपोजल बनाकर निगम को भेजा गया है. जल्द ही नए कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि शहर की गतिविधि पर पैनी निगाह रखी जा सके.*

**कैमरे के लिए फंड ही नहीं है : नगर आयुक्त**



*दूसरी तरफ धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि निगम के पास फिलहाल कोई फंड ही नहीं है, जिससे शहर में कैमरे लगाए जा सके. कैमरों के लिए फंड की व्यवस्था होने के बाद ही कोई काम आगे बढ़ पाएगा. फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है.*

**कई नक्सलियों के मारे जाने की भी खबर**

## नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद, तीन घायल

संवाददाता । चतरा

पुलिस और नक्सलियों के बीच बुधवार की शाम को भीषण मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ जिले के सदर थाना क्षेत्र के जोरी बॉर्डर पर स्थित बैरियो जंगल में हुई है, जहां नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर पुलिस निकली थी. मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं. इसमें - सिकंदर सिंह और शुकर राम शामिल हैं. वहीं तीन जवान कृष्णा, आकाश और संजय घायल हैं. आनन-फानन में घायल जवानों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी गंभीर अवस्था देखते हुए रांची के मेडिका अस्पताल रेफर कर दिया गया.

इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भी गोलियां लगी हैं. यहां बता दें कि शहीद सिकंदर राम गया के रहने वाले थे. वहीं, शुकर राम पलामू के रहने वाले थे.



**बिना हथियार के सर्च करने निकले थे जवान, उठे रहे कई सवाल :** मुठभेड़ को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं. जानकारी के अनुसार जिला पुलिस की लापरवाही के कारण दो जवान शहीद हो गए हैं. पुलिस टीम जंगल में पोस्ता की खेती नष्ट करने गई थी. जहां घात लगाकर नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया. आधे से अधिक जवान बिना हथियार के ही गये थे. बिना हथियार का अफीम नष्ट करने भेज दिया गया था.

## राजीव अरुण सीएम के अपर मुख्य सचिव के प्रभार से मुक्त

संवाददाता । रांची

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के एडिशनल चार्ज से राजीव अरुण एक्का को मुक्त कर दिया गया है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है. इससे पहले पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद विनय चौबे ने सीएम के प्रधान सचिव का प्रभार स्वतः त्याग दिया था. इसके बाद राज्य सरकार ने फिर से आदेश जारी कर विनय चौबे को फिर से मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव की जिम्मेवारी सौंपी.

**ईडी ने रिकवर किए चैट, विनोद सिंह का मैसेज -**

## कहीं का डीसी बना देना भाई...

विनीत आभा उपाध्याय । रांची

ईडी ने जांच के दौरान सत्ता शीर्ष के करीबी विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट को हासिल कर लिया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि वह आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर- पोस्टिंग के काम में लगा हुआ था. ईडी ने जो चैट हासिल किया है, वह जून 2020 का है और मैसेज एकतरफा है. दूसरी तरफ से कोई जवाब (रिप्लाई) नहीं दिया गया है. चैट 539 पन्नों में है, जिसमें आईएएस अधिकारियों को जिले का डीसी बनाने और डीसी बनाने के लिए करोड़ों रुपये के ऑफर विनोद सिंह ने दिए हैं.

एक सूत्र ने यह भी बताया है कि ईडी ने विनोद सिंह के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान जेएसएससी की नियुक्ति परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की फोटो कॉपी भी बरामद की है. ईडी ने जो मैसेज चैट रिकवर किए हैं, उसके कुछ अंश लगातार व शुभम संदेश के पास मौजूद हैं, जिन्हें हम अपनी इस खबर में प्रकाशित कर रहे हैं.

**नो रिलेशन प्योर कॉमर्शियल...**

- शशि रंजन आईएएस, कहीं का डीसी बना देना
- आडी प्रिजन, सूडा डायरेक्टर :इसको भी डीसी हजारीबाग,बोकारो.. इटीसी
- रवि शर्मा : प्रेजेंट पोस्टिंग, डिप्टी सेक्रेटरी जेएसएससी, च्वॉइस 1- सेक्रेटरी आरटीए हजारीबाग, च्वॉइस 2-एएमसी, रांची नगर निगम
- मो. हैदर अली, ज्वाइंट सेक्रेटरी डायरेक्टर डीआरडीए गुमला फॉर पोस्टिंग डीडीसी लातेहार

### सड़क हादसे में रोजगार सेवक की हुई मौत

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के गोस्वामी पेट्रोल पंप के समीप एनएच 18 के सर्विस रोड पर चार पहिया वाहन ने बाइक सवार ( जेएच 05 सीएम 5590) केसरदा गांव निवासी रोजगार सेवक शिवलाल बेरा (48) जोरदार टक्कर मार दी. जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस पेट्रोलिंग वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया. वहीं, पुलिस घटनास्थल से चार पहिया वाहन को गिरे नंबर प्लेट जब्त कर अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है.

**गढ़वा में पदाधिकारियों का अजब-गजब कारनामा : 10 बीडीओ घेरे में**

## लक्ष्य से अधिक कूपों की दी स्वीकृति, शोकॉज

अरुण कुमार यादव । गढ़वा



**लाभुकों का आरोप- खूब हुई वसूली :** लाभुक मंटू पांडेय, शैलेश कुमार ने बताया कि योजनाओं में खूब वसूली हुई है. प्रति कूप 10 से 15 हजार रुपये की वसूली की गई है. जो राशि देने को तैयार हुआ, उसी का नाम योजना की लिस्ट में डाला गया. लाभुकों ने ग्राम स्तर से लेकर प्रखंड स्तर के कर्मियों और पदाधिकारियों पर मनमानी और वसूली का आरोप लगाया है.

गढ़वा के प्रखंड विकास पदाधिकारियों का अजब-गजब कारनामा सामने आया है. पदाधिकारियों ने मनरेगा व राज्य मद से क्रियान्वित बिरसा सिंचाई कूप योजना में वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक कूपों की स्वीकृति दे दी है. मामला उजागर होने के बाद डीडीसी ने जिले के भंडरिया, मेराल, डंडा, रमना, श्री बंशीधर नगर, मझिआंव, खरौंधी, बिशुनपुरा, धुरकी एवं भवनाथपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर गाज गिरी है. सभी को शोकॉज किया गया है. डीडीसी ने तीन दिनों में स्पष्टीकरण मांगते हुए इस कृत्य के लिए विभाग को कार्रवाई के लिए लिखने की भी चेतावनी दी है. डीडीसी सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार राय ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण में यह पूछा है कि आखिर किन परिस्थितियों में वरीय पदाधिकारियों के निर्देश की अवहेलना करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक बिरसा सिंचाई कूप की स्वीकृति दे दी गई. गौरतलब है कि राज्य मद के अभिसरण से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रति कूप 50000 रुपये आवंटित किया जाना है. यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक स्वीकृत किया जाता है तो राज्य मद के अभिसरण से दी जाने वाली 50000 रुपये की राशि का आवंटन नहीं हो पाएगा व योजना का क्रियान्वयन में भी समस्या उत्पन्न होगी.

**राहुल का झारखंड दौरा** | **जिला प्रभारी और संयोजकों से रिपोर्ट तलब, खूंटी कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी उठाये सवाल**

## भीड़ इकट्ठा नहीं होने पर केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस से नाराज

विशेष संवाददाता । रांची

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ा न्याय यात्रा का प्रथम चरण झारखंड में संपन्न हो चुका है. 2 फरवरी से 6 फरवरी तक राहुल गांधी झारखंड में रहे. विभिन्न क्षेत्रों और जिलों में रोड शो किया, सभा की. मगर इन कार्यक्रमों में भीड़ को लेकर कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश नेतृत्व से नाराजगी प्रकट की है. राहुल गांधी अपने पांच दिवसीय झारखंड दौरे में पाकुड़, गोड्डा, देवघर, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला गए. कई स्थानों पर रोड शो किया, कई स्थानों पर सभा की. मगर गोड्डा को छोड़कर कहीं भी अपेक्षित भीड़ प्रदेश नेतृत्व या जिला, लोकसभा संयोजक जुटा नहीं पाए. कई स्थानों पर तो स्वागत तक नहीं हुई. इसकी पूरी रिपोर्ट कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश नेतृत्व से मांगी है.

राहुल गांधी के लिए तैनात किए गए विभिन्न लोकसभा प्रभारी और जिला प्रभारियों से रिपोर्ट तलब की गयी है. रिपोर्ट के बाद कांग्रेस नेतृत्व कोई कड़ा एक्शन ले सकती है.

**मनरेगा जनसुनवाई में शामिल होंगे राहुल :** राहुल गांधी अपने पलामू दौरे के क्रम में गढ़वा के रंका में मनरेगा जनसुनवाई में शामिल होंगे. झारखंड नरेगा वाच ने यह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया है. इस दौरा राहुल मनरेगा कर्मी और मजदूरों से बातचीत करेंगे.

*__रांची कार्यक्रम को लेकर भी नाराजगी, उठ रहे सवाल :__ राहुल गांधी के रांची के कार्यक्रम को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हुए हैं. बूटी मोड़ चौक पहुंचने पर राहुल गांधी का स्वागत कार्यक्रम तक नहीं रखा गया. बूटी मोड़ से शहीद मैदान धुर्वा तक के रोड-शो में अपेक्षित भीड़ कांग्रेस खासकर रांची लोकसभा के पूर्व सांसद जो लोकसभा के प्रभारी भी हैं, वे इकट्ठा नहीं कर सके. हद तो तब हो गयी, जब जिस रास्ते से राहुल गांधी शहीद मैदान धुर्वा गए, महज थोड़ी ही दूरी पर बिरसा चौक उन्हें क्यों नहीं ले जाया गया, राहुल गांधी का बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम क्यों नहीं रखा गया...*



### खूंटी कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी नाराजगी

खूंटी भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली है. खूंटी के कार्यक्रम को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े किए गए हैं. सबसे बड़ा सवाल यह उठाया गया है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थली उलिहातू क्यों नहीं तय किया गया. खूंटी जो झारखंड की राजनीति का केंद्र बिंदू माना जाता है. खूंटी में राहुल गांधी की पदयात्रा कार्यक्रम क्यों तय नहीं किया गया. जबकि खूंटी के लोग राहुल गांधी को देखना चाहते थे. राहुल गांधी का खूंटी में स्वागत कार्यक्रम तक नहीं रखा गया. यही हाल धनबाद और बोकारो को लेकर आ रहा है. इन जिलों में अपेक्षित भीड़ नहीं हो पायी. मालूम हो कि खूंटी लोकसभा प्रभारी कालीचरण मुंडा और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की हैं.

**14-15 फरवरी को राहुल गांधी फिर आएंगे झारखंड**

राहुल गांधी दूसरे चरण के तहत 14 और 15 फरवरी को फिर झारखंड आएंगे. 14 फरवरी को राहुल गांधी पलामू आएंगे, 15 को गढ़वा आएंगे. फिर यहीं से वे छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए.

**विधायक ढुल्लू व अशोक महतो के बीच विवाद**

## जांच करने पहुंचे डीएसपी दुकानदारों से जानकारी ली

संवाददाता । कतरास

विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ उनके गांव चिटाही निवासी अशोक महतो की शिकायत पर बुधवार को बाघमारा के डीएसपी महेश प्रजापति चिटाहीधाम स्थित रामराज पहुंचकर जांच पड़ताल की. वहां के स्थानीय पीड़ित दुकानदारों की समस्याओं की जानकारी ली. साथ ही न्याय संगत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया पीड़ित दुकानदारों ने मीडिया को बताया कि उनलोगों ने डीएसपी के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनलोगों की दुकानों को जबरन हटाने व जबरन जमीन हड़पने की नीयत से विधायक ढुल्लू महतो के इशारे पर हम दुकानदारों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है. दुकानों के सामने बांस का घेरा लगाकर तिरपाल से घेर दिया गया है, ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालु दुकान तक नहीं आ सके. उनलोगों के घरों का बिजली कनेक्शन और पानी कनेक्शन कटवा दिया गया है, जिससे उनलोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है. मालूम हो कि चिटाही निवासी अशोक महतो ने विधायक ढुल्लू महतो पर जमीन हड़पने की नीयत से आवास का बिजली पानी कटवाने, सड़क अवरुद्ध करने व दुकानदारी बाधित करने का आरोप लगते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपायुक्त, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत की है.

ब्रीफ खबरें

## साइबर ठगों ने की दो लोगों से ठगी

**धनबाद।** साइबर ठगों ने दो लोगों से क्रेडिट कार्ड और बीमा के नाम पर हजारों रुपये की ठगी की है. दोनों मामलों की शिकायत बुधवार को साइबर थाने पहुंची थी. जामाडोबा निवासी पप्पू विश्वकर्मा ने बताया कि उनके मोबाइल पर 26 जनवरी को फोन आया था, फोन करने वाले ने मोबाइल पर ही क्रेडिट कार्ड अपडेट करने की बात कही, तो उनकी बातों में आ गए और बाद में पता चला कि उनके क्रेडिट कार्ड से 25 हजार रुपये की खरीदारी मुंबई में कर ली गई. साथ ही बलियापुर निवासी रमेश चौबे ने बताया कि उन्हें बीमा के नाम पर फोन करके 49 हजार की निकासी कर ली गई.

## मैथन की तीन दुकानों से हजारों की चोरी

**मैथन।** मैथन क्षेत्र में मंगलवार की देर रात चोरों ने दो किराना दुकान एवं एक सब्जी दुकान के छत का एस्बेस्टस तोड़कर नगदी सहित हजारों रूपये की संपत्ति चोरी कर लिया है. इस घटना से दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया है. सूचना पाकर मैथन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानों की मुआयना किया. जानकारी के अनुसार मैथन क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित दिनेश किराना स्टोर, एरिया चार स्थित राजू सब्जी दुकान एवं एरिया पांच स्थित महेश वर्णवाल के किराना स्टोर को चोरों ने निशाना बनाया.

## चंदे के पैसे से होगा तालाब का जीर्णोद्धार

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र के शिवलीबाड़ी रहमत नगर स्थित वर्षों से बेकार पड़ा तालाब का जीर्णोद्धार हो रहा है. युवाओं ने आपस में चंदा कर जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया है. जेसीबी व ट्रैक्टर से बुधवार को तालाब की साफ सफाई भी शुरू करा दी गई है. युवकों ने बताया कि ईसीएल के राजपुरा कोलियरी प्रबंधन सहित अन्य से तालाब की साफ-सफाई कराने की गुहार लगायी गयी है. लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई. भू-माफियाओं की गिद्ध दृष्टि इस तालाब पर है. तालाब की भराई कराकर उसकी जमीन को बेचने का प्रयास किया जा रहा है.

## नाबालिग ने किया शादी से बगावत

**धनबाद।** चाइल्ड वेलफेयर कोर्ट और चाइल्ड हेल्प लाइन के संयुक्त प्रयास से बुधवार को एक नाबालिग की जबरन शादी होने से रोक दी गई. लड़की ने भी बाल विवाह के खिलाफ बगावती तेवर अपना लिया, इस कारण उसे फिलहाल बालिका गृह में रखा गया है. सीडब्ल्यूसी की तरफ से उसकी आगे की पढ़ाई आदि की व्यवस्था करने की बात चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने कही है. उत्तम मुखर्जी ने बताया कि धनबाद में ये पहला मामला है, जिसमें खुद लड़की ने बालविवाह से मना किया है, ऐसे में लड़की के साथ हमारी पूरी टीम खड़ी है, जल्द ही उसकी पढ़ाई को लेकर रणनीति बनाई जाएगी.

## पुलिस ने साइबर ठग को खदेड़कर पकड़ा

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत खिलकनाली गांव से गोविंदपुर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में साइबर क्राइम को अंजाम देते रंगे हाथ निमाई रविदास नामक युवक को खदेड़कर पकड़ा. वह धनबाद जिला में होमगार्ड है. पुलिस को देखकर उसका दामाद भागने में सफल रहा. मौके पर से पुलिस ने आधे दर्जन से अधिक एंड्राइड मोबाइल एवं एक दर्जन से अधिक मोबाइल कंपनियों के सिम बरामद किए हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस इस गांव में मोबाइल लोकेशन के आधार पर घेराबंदी छापेमारी की.

### पुना महतो स्मारक उवि में वार्षिक महोत्सव समारोह का हुआ आयोजन, बोले विधायक

# बच्चों में पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी

**संवाददाता। महुदा**



पुना महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा मोड़ में बुधवार को वार्षिक महोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस प्रतियोगिता में सौ मीटर, दौ सौ मीटर दौड़, रिले रेस, एक पैर से दौड़, मेढ़क दौड़, सांप दौड़, म्युजिकल चेयर, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता शामिल था. सभी खेलों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त सभी सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी बांटा गया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित बाघमारा विधायक दुल्लू महतो ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है. उन्होंने कहा कि मैंने सेवा की भावना से इस विद्यालय की स्थापना किया है. बच्चे मेहनत करें और स्कूल का नाम रोशन करें. विधायक प्रतिनिधि सह विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो ने कहा कि आज के समय में खेल का भी बड़ा महत्व है. सरकार खेल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की नौकरियां प्रदान कर रही है. समारोह का संचालन प्राचार्य हेमंत कुमार दुबे ने किया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, रिंकु देवी, समीर कुमार लाला, हिमांशु शेखर रवानी, मट्टक मिश्रा, गौरव कुमार सिन्हा, हेमंत कुमार दुबे, पवन कुमार महतो, फटीक चंद्र कालिन्दी, सुधाकर गोस्वामी, दिलीप कुमार महतो, भीम महतो, दुर्गा प्रसाद, दिलीप विश्वकर्मा, गुरुपद महतो, पलटू रवानी, रूपलाल रवानी, गोविंद महतो, रिंकू सिंह, सुप्रिया कुमारी, पिंकी कुमारी, सुनीता सिन्हा, खुशबू, संगीता, बबीता देवी, चुनाराम महतो, श्यामलाल महतो, कमल, झालू देवी, काशीनाथ मिश्रा, खालिद शैख, अमित सिंह, डेगलाल महतो सहित अन्य मौजूद थे.

## एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार को दी गई विदाई

**मैथन।** बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार का तबादले पर बुधवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें जनप्रतिनिधि, मुखिया, जिप सदस्य, 20 सूत्री सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड प्रमुख उपस्थित थे. लोगों ने बीडीओ को नम आंखों से विदाई दी. कहा कि कर्मकार एग्यारकुंड प्रखंड में अब तक के सबसे सुलझे और व्यवहारिक बीडीओ थे. उन्होंने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में सभी का ध्यान रखा. सभी से बेहतर संबंध बनाए रखा. उनके यहां से जाने पर दुख तो हो रहा है, लेकिन इस बात की खुशी भी हो रही है कि यहां रहते हुए उनकी पदोन्नति हुई. यहां से वो दुमका एलआरडीसी बनकर जा रहे हैं. मौके पर लखी सोरेन, संगीता महतो, विनोद दास, बादल बाउरी, गुलाम कुरैशी, गोपिन टुडू, मधु सिंह, सुनीता सिंह, रीता रवानी, संगीता महतो आदि मौजूद थीं.

### बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

# 15 दिनों से बिजली नहीं, ग्रामीणों ने दी धरने पर बैठने की चेतावनी

**संवाददाता। कतरास**



सलानपुर बस्ती में व्याप्त बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को बीसीसीएल एरिया चार के सलानपुर कोलियरी में संचालित आरके माइनिंग आउटसोर्सिंग परियोजना में विरोध-प्रदर्शन किया, साथ ही जल्द समस्या का समाधान नहीं करने पर कंपनी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने की चेतावनी दी. इस दौरान ग्रामीणों ने बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया की 16 जनवरी को गुहीबांध मिलत कमेटी के समीप भू-धंसान की घटना हुई थी उस घटना में बिजली के कई खंभे गिर गई थी, जिसके कारण हमलोगों का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था. इसकी जानकारी बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग प्रबंधन को दी गई, बावजूद आज तक ट्रांसफार्मर बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई. मौके पर चंदन चौहान, राजेश चौहान, बिरजू ठाकुर, पुरन चौहान, छोटू चौहान, मुनिया, प्रमोद चौहान, रीता देवी, रूकमणिया देवी, शांति देवी, उर्मिला देवी, प्रमोद चौहान, जय चक्रवर्ती आदि मौजूद थे.

### बहाली में गड़बड़ी में शामिल 3 अधिकारियों पर केस दर्ज नहीं हुआ

# होमगार्ड भर्ती घोटाला के सात साल बाद भी नहीं सौंपी चार्जशीट

**संवाददाता। धनबाद**

होमगार्ड भर्ती घोटाला



▪ फाइल फोटो

होमगार्ड भर्ती घोटाला के सात साल बाद भी धनबाद थाना की पुलिस ने चार्जशीट नहीं सौंपी है. 2017 में धनबाद में होमगार्ड बहाली में गड़बड़ी में शामिल तीन अधिकारियों पर एफआईआर नहीं हुई है. जबकि धनबाद डीसी व उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग के आयुक्त के निर्देश के बाद तत्कालीन कमांडेंट आदेश मेहता और कंपनी कमांडर राजीव गौरव व कृष्ण मुरारी को एफआईआर में आरोपी नहीं बनाया गया. आज भी कंप्यूटर ऑपरेटर गजेंद्र गुप्ता व धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ अनुसंधान चल रहा है. जिसमें धर्मेंद्र अभ्यर्थियों से पैसे वसूलने में पकड़े जाने पर जेल गया था. उसने कोर्ट में बयान दिया था कि कमांडेंट व कंपनी कमांडर के कहने पर ही कई अभ्यर्थियों से पैसे वसूल रहा था. ताकि उनलोगों को फर्जी तरीके से भर्ती कराया जा सके, लेकिन उस समय कुछ अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों को भनक लग जाने से हंगामा हो गया और शिकायत के बाद बहाली रद्द कर दी गई. इसी बीच दो-तीन पदाधिकारियों ने पकड़े जाने की डर से कंप्यूटर ऑपरेटर को कहकर बहाली का सीडी गायब करवा दिया. साथ ही कंप्यूटर में डाउनलोड वीडियो को भी फॉरमेंट कर दिया गया. हार्डडिस्क की जांच में कोई सुबूत नहीं मिला. फोटोग्राफर अमरजीत कुमार को भी सस्पेंड कर आरोपी बनाया गया था.

### खास बातें

- गजेंद्र व धर्मेंद्र के खिलाफ अनुसंधान चल रहा है
- पदाधिकारियों ने पकड़े जाने के डर से सीडी गायब करवा दिया
- वहीं कंप्यूटर में डाउनलोड वीडियो को फॉरमेट कर दिया

### होमगार्ड डीजी ने कंपनी कमांडर को किया सस्पेंड

सूत्रों के अनुसार वर्ष 2014 के नियमावली के तहत 2017 में धनबाद गृह रक्षा वाहिनी की ओर से 405 ग्रामीण गृह रक्षक और 663 शहरी गृह रक्षक के पद पर बहाली निकाली गई. धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में बहाली की सभी प्रक्रिया पूरी की गई. इधर होमगार्ड डीजी ने कंपनी कमांडर कृष्ण मुरारी को सस्पेंड कर दिया गया. वहीं एक अन्य आरोपी राजीव गौरव को प्रोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है. इसके अलावा डीसी व आयुक्त के जांच में मुख्य आरोपी तत्कालीन कमांडेंट आदेश मेहता रिटायर्ड हो चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है. फिलहाल विभागीय जांच कमांडेंट समेत दो अन्य कंपनी कमांडर के खिलाफ आज भी जारी है.

### अभ्यर्थियों और अभिभावकों की शिकायत पर मामला हुआ था उजागर

जानकारी के अनुसार बहाली के समय 2017 में अभ्यर्थियों और अभिभावकों की शिकायत और हंगामा के बाद अधिकारियों ने जालसाजी की जांच शुरू की. एसएसपी से लेकर एसपी, डीसी, एडीएम और रांची के कमांडेंट तक के अधिकारियों ने बारीकी से जांच की और धनबाद से लेकर रांची मुख्यालय तक बैठक हुई. होमगार्ड के डीजी तक जांच रिपोर्ट सौंपी गई. उसके बाद अंत में 30 सितंबर 2021 को डीसी संदीप सिंह ने जिला समादेष्टा होमगार्ड को पत्र लिखा कि धनबाद थाना में कंप्यूटर ऑपरेटर व फोटोग्राफर पर एफआईआर कराएं. दोनों ने मिलकर हार्डडिस्क और वीडियोग्राफी साजिश के तहत गायब कर दिया है. कंप्यूटर में वायरस बताकर फॉर्मेट कर दिया गया. पहले कहा गया कि नजारत में जमा है, लेकिन वहां भेजा ही नहीं गया था. फिर कमांडेंट ने धनबाद थाना में लिखित की और पुलिस ने एफआईआर कर जांच शुरू की. पांच साल में केस के तीन अनुसंधानकर्ता बदले जा चुके हैं, लेकिन चार्जशीट तैयार नहीं हुई.

## भाजपा नगर उपाध्यक्ष ने की मरांडी से मुलाकात

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से बुधवार को रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात कर सिंदरी के डोमगढ़ स्थित आवासों की समस्याओं पर वार्ता की. उपाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसपर सकारात्मक पहल की जाएगी. उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि एफसीआई सिंदरी द्वारा सेल को जमीन देकर डोमगढ़वासियों को बेघर करने का काम किया जा रहा है. इससे डोमगढ़वासी चिंतित हैं. इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर समस्या बताई गई है. उन्होंने आश्वस्त किया है कि इसको लेकर दिल्ली स्थित उर्वरक मंत्रालय में बात की जाएगी. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सकारात्मक पहल होने पर डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के प्रतिनिधियों को दिल्ली बुलाएंगे. ताकि इसपर डोमगढ़ को बचाया जा सके.

## जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**सिंदरी।** भाजपा धनबाद महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रवण राय को धनबाद स्थित सिंह मेंशन में भाजपा नेता लक्की सिंह ने मंगलवार को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. इस मौके पर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह को अयोध्या स्थित प्रभु श्री राम मंदिर का प्रारूप देकर सम्मानित किया गया.भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने श्रवण राय के जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा. उन्होंने कहा कि आशा ही नहीं विश्वास है कि इनके कार्यकाल में लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की गारंटी अबकी बार 400 पार के लक्ष्य में धनबाद भी योगदान देगा. मौके पर विमल सिंह, गुड्डू सिंह, बसंत कुमार सिंह, मनोज कुमार दुबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

न्यूज अपडेट

## आरपीएफ दारोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धनबाद।** आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर कुंदन कुमार समेत 4-5 अज्ञात जवानों के खिलाफ नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का मुकदमा दाखिल किया गया है. बलियापुर थाना क्षेत्र के भिखराजपुर निवासी ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम प्रभाकर सिंह की अदालत में अपने अधिवक्ता ए सरकार उर्फ डेविड के माध्यम से शिकायतवाद दाखिल की है. शिकायतवाद में पीड़िता द्वारा आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर कुंदन कुमार तथा चार से पांच अज्ञात आरपीएफ के जवानों पर छेड़छाड़ करने, जबरन उसके पति को खींचकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवायी है.

## राहुल का पशुप्रेम भी नहीं पच रहा : अभिजीत

**धनबाद।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने धनबाद परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 4 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की धनबाद गुजर रहे थे, इस क्रम में सैकड़ों लोग, समाजसेवी, महिलाएं ,मजदूर, बच्चे राहुल गांधी से मिल रहे थे. उनमें एक व्यक्ति जितेंद्र भी थे. उनके साथ में एक डॉगी था, वह लगातार गांधी को आवाज दे रहे थे कि राहुल जी आपसे मिलना चाहता हूं, फिर राहुल जी ने उन्हें अपने पास बुलाया फिर उनके डॉगी को प्यार से पुचकारा व दुलार किया. लेकिन इस घटना क्रम को भाजपा के आईटी सेल के अमित मालवीय ने ट्वीट किया और उसमें लिखा कि राहुल ने कुत्ते को बिस्किट खिलाना चाहा मगर कुत्ते ने बिस्किट खाने से मना कर दिया.

## अवकाश ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**गोविंदपुर।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलकंठ मंडल ने कहा कि ईमानदारी से कर्तव्य निभाते हुए अवकाश ग्रहण करना आत्म-गौरव की बात है. मंडल ने बुधवार को उत्क्रमित मवि गोड़तोपा में सहायक शिक्षक गोवर्धन पाठक के अवकाश ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करते हुए उक्त बातें कही. मुख्य अतिथि पूर्व डीडीओ अनिल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया विनोद रजवार थे. संचालन चंद्रभूषण तिवारी, स्वागत भाषण पूनम कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार राय ने किया. प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में जय प्रकाश मिश्र, रामचंद्र मिश्र, विवेकानंद, ममता, जयंत चक्रपाणि, कमलदेव, दाऊद अंसारी, किशोर आदि शामिल थे.

## नगर आयुक्त ने की बैंकर्स के साथ बैठक

**धनबाद।** धनबाद नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित एनयूएलएम के स्वयं सहायता समूह लींकेज, स्वयं सहायता समूह के खाता खोलने एवं पीएमएसवीए निधि से संबंधित बैंकर्स के साथ बैठक हुई. इस दौरान नगर आयुक्त द्वारा एनयूएलएम एसईपी और एसएचजी लिंकेज से संबंधित बैंकों में भेजे गए शेष आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को दिया गया. सभी बैंक शाखाओं में समूह के खाता खोलने हेतु भेजे गए आवेदनों को जिला समन्वयक को आदेश देते हुए दिनांक 24 फरवरी के अन्दर निष्पादित किए जाने का आदेश दिया गया. साथ ही सभी बैंक शाखाओं में समूह के सदस्यों का शून्य बैलेंस पर खोलने और बैंक शाखाओं को पीएम निधि से 29 फरवरी तक लोन वितरित करने की बात कही गई.

## दो दिवसीय परिचर्चा का हुआ आयोजन

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा महाविद्यालय महुदा में चुनौतियां और स्थानीय क्षमताओं पर दो दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा का आयोजन बिंद्रा इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च स्टडी एंड एक्शन, रांची के माध्यम से किया गया. परिचर्चा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा. वक्ताओं ने कहा की जंगल को बचाना बहुत जरूरी है नहीं तो आने वाले पीढ़ी के लिए काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है. साथ ही पूरी दुनिया नष्ट हो जाएगी. जमीन बचेगा तो जंगल बचेगा, जंगल बचेगा तो पानी बचेगा. जो एक मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है. इस परिचर्चा में रांची, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो, चतरा आदि जिलों से दर्जनों लोगों ने भाग लिया.

## मजदूरों के लिए हमेशा लड़ते रहे सत्तो दा

**कतरास।** मजूदर नेता सह धनबाद बार के पूर्व महासचिव अधिवक्ता सत्यनारायण भट्टाचार्य उर्फ सत्तो दा की पुण्यतिथि पर बुधवार को कतरास भंडारीडीह स्थित सामुदायिक भवन परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रमजीवी विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने स्व. सत्तो दा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि मजदूरों के मसीहा रहे सत्तो दा कोयलांचल के मजदूरहित के लिए जिंदगी भर लड़ते-लड़ते अमर हो गये. उनका योगदान कोयलांचल के गरीब, दबे कुचले लोग कभी नहीं भूलेंगे. कॉमरेड सत्तो दा को कोयलांचल की जनता हमेशा रखेगा. वही वक्ताओं ने सत्तो दा के द्वारा गरीब मजदूरों के हित में उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए कहा कि वे पूरी जिंदगी गरीबों के हक-अधिकार की रक्षा के लिए लड़ते रहे. शोषित व गरीब वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पूरी जिंदगी काम करने वाले सत्तो दा गरीबों का मुकदमा मुफ्त लड़ते थे. इधर, कार्यक्रम के आगंतुक अतिथियों का स्वागत सत्तो दा के पुत्र सह वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य ने किया. कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार कर रहे थे.

### प्रेसिडेंट टाटा पावर जेनरेशन पहुंचे एमपीएल

# सीएसआर के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**संवाददताता। मैथन**



टाटा पावर (जेनरेशन) के प्रेसिडेंट आशीष खन्ना ने बुधवार को मैथन स्थित एमपीएल का दौरा किया. उन्होंने प्लांट का अवलोकन किया. साथ ही सीएसआर के तहत चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली. स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व खिलाड़ियों से मिलकर उनकी हौसला आफजाई की. मौके पर उनके साथ सीईओ सह ईस्टर्न रिजन के चीफ विजयंत रंजन भी थे. इस दौरान खन्ना ने समृद्धि सेंटर का निरीक्षण किया. सेंटर में एसएचजी की महिलाओं के स्टॉल पर उनके बनाए समान को भी देखा. साथ में एमपीएल के सीईओ भी थे. मौके पर दोनों अधिकारियों ने महिलाओं का मनोबल बढ़ाया और उनके रोजगार से संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी ली. ज्ञात हो कि एमपीएल की ओर से सीएसआर के तहत दिए गए प्रशिक्षण से स्वयं सहायता समूह लगभग दो हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं. मौके पर कंपनी के इंजीनियरिंग हेड नवीन मिश्रा, आशीष भट्ट, मृत्युंजय रे, रश्मि लकड़ा, अजीत सिंह, अजय कुमार आदि उपस्थित थे.

## यू. कोल वर्कर्स यूनियन का हुआ मिलन समारोह

**निरसा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का मिलन समारोह यज्ञ मैदान स्थित यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष नाड़ु गोपाल चक्रवर्ती एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव मधुरेंद्र गोस्वामी ने किया. बड़ी संख्या में विभिन्न ट्रेड यूनियन के लोगों ने यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की सदस्य ग्रहण की.मिलन समारोह को संबोधित करते हुए यूनियन के क्षेत्रीय प्रभारी मन्नू तिवारी ने कहा कि ईसीएल मुगमा क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का शोषण आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा ईसीएल प्रबंधन एवं विभिन्न ट्रेड यूनियन के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यक्रम को अमर लोहार रामपति शर्मा डीसी कर्मकार मुन्ना बर्मन ने संबोधित किया.

# डीवीसी मवि का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न

**संवाददाता। मैथन**



डीवीसी मध्य विद्यालय, डाइक एरिया मैथन में 60वीं खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ. प्रतियोगिता में कक्षा सात के छात्र पवन कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब हासिल किया. प्रतियोगिता तीन समूहों में बांटकर आयोजित हुआ. जिसमें समूह ए का चैम्पियन शिवनाथ भंडारी एवं मोमिता मुर्मू, समूह बी का चैंपियन पवन कुमार एवं प्रीति हांसदा तथा समूह सी का चैंपियन देव कुमार एवं पीयू दास बनी. सभी विजयी प्रतियोगियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया. मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीवीसी के वरीय महाप्रबंधक एसके सिन्हा महापात्रा एवं डी चौधरी उपस्थित थे. जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व रूद्रप्रताप सिंह, राकेश रंजन केसरी, पार्थ सारथी बनर्जी, मो. सरफराज शेख, मिथिलेश, रंजीत गुप्ता, पीके साहू, शुक्ला चौधरी आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम

### रोटरी इंटरनेशनल एनआईडी की 15 सदस्यीय टीम पहुंची धनबाद

# दिव्यांग बच्चों के साथ जमकर थिरके विदेशी मेहमान

**संवाददाता। धनबाद**



अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया से रोटरी इंटरनेशनल एनआईडी की 15 सदस्यीय टीम बुधवार को धनबाद में रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय जीवन ज्योति पहुंची. जहां दिव्यांग बच्चों द्वारा सभी विदेशी मेहमानों का स्वागत किया गया. टीम ने स्कूल में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और विशेष बच्चों की शिक्षा के बारे में जानकारी ली. साथ ही बच्चों के साथ स्कूल में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत कैंडल, अगरबत्ती, आर्टिफिशियल फ्लावर बनाना, मिट्टी के दीये इत्यादि एक्टिविटी को देखा व समझा.

कार्यक्रम में जीवन ज्योति के विशेष बच्चों ने अतिथियों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे विदेशी मेहमान भी बच्चों के साथ डांस करने से खुद को नहीं रोक पाए और जम कर बच्चों के साथ नृत्य किया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों को जीवन ज्योति के बच्चों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स मोमेंटो के रूप में प्रदान किया गया. इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन वितरित किया गया. कार्यक्रम के दौरान जीवन ज्योति के सचिव राजेश परकेरिया ने टीम को बताया कि विगत 35 वर्षों से रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित जीवन ज्योति विशेष विद्यालय दिव्यांग बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है. रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व निदेशक कमल संघवी ने सभी को रोटरी के मूल उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा की सेवा भाव ही हमारा मूल मंत्र है और इसी के तहत रोटरी क्लब धनबाद में विभिन्न सेवा परियोजनाओं को संचालित कर रही है.

वहीं, एनआईडी टीम की लीडर नैंसी बेंडर बार्बी ने जीवन ज्योति एवं रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के कार्यों की प्रशंसा और कहा कि मैं जब भी इंडिया आती हूं अपनी टीम को जीवन ज्योति का दौरा अवश्य कराती हूं. यहां एक आनंद एवं आत्मसंतुष्टि की अनुभूति प्राप्त होती है. उन्होंने जीवन ज्योति विशेष विद्यालय को भविष्य में हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया. इस दौरान टीम के सभी सदस्यों ने भी जीवन ज्योति के सभी सदस्यों की काफी प्रशंसा की.

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा जरूरतमंद दिव्यांगजन को निःशुल्क 1 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 2 व्हील चेयर, आदि वितरित किए गए.

### आईआईटी-आईएसएम में 9 और 10 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# देश-विदेश से जुटेंगे 91 कैंडिडेट्स

**संवाददाता। धनबाद**

नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईटी-आइएसएम धनबाद में 9 और 10 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा. जिसमें देश-विदेश के 91 कैंडिडेट्स भाग लेंगे. इसको लेकर बुधवार को आईआईटी-आइएसएम के मैनेजमेंट स्टडीज सभागार में जीआईएएन (गुजरात ग्रासरूट्स इनोवेशन ऑग्मेंटेशन नेटवर्क) अहमदाबाद की सीईओ डॉ. अनामिका डे और संस्थान के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एन्ड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विभाष चंद्र ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि इस सम्मेलन का थीम सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज पर आधारित है. वैसे इस सम्मेलन में अन्य कई थीम है जिसमें मुख्य रूप से इनोवेशन मैनेजमेंट स्ट्रेटजी, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, ग्लोबल इकोनामिक ट्रेंड्स, सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योर एन्ड इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी सप्लाई चैन एन्ड ऑपरेशन मैनेजमेंट, सस्टेनेबल मार्केटिंग है.



### आज होगा प्रीकॉन्फ्रेंस वर्कशॉप

प्रोफेसर विभाष चंद्र ने कहा कि एक सिंपोजियम ऑफ मैनेजमेंट रिसर्च भी रखा गया है. जिसमें शोधकर्ताओं को रिसर्च की जानकारी दी जाएगी. इस कांफ्रेंस के नोट्स स्पीकर प्रोफेसर राम बालक यादव आई एम जम्मू, प्रोफेसर रोहित गुप्ता आई एम संबलपुर, प्रोफेसर सुबी गुप्ता आई एम संबलपुर और प्रोफेसर प्रतीक्षा मौर्य टेक्निक मणिपाल होंगी. आज आईआईटी-आइएसएम में वर्कशॉप का भी आयोजन किया जा रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### 16 को होगा जोरदार प्रदर्शन : यूनियन

**बेरमो ।** गोमिया के आईईएल स्थित इंडस्ट्रियल मजदूर यूनियन के कार्यालय में बुधवार को यूनियन के सदस्यों की एक बैठक लालचंद सोरेन की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में यूनियन के महासचिव सह सीआईटीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में बताया गया कि संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा एवं किसान संगठनों की ओर से केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर विरोधी एवं किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी के देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल एवं बंद का समर्थन किया जाएगा. कहा कि हड़ताल का समर्थन करते हुए इंडस्ट्रियल मजदूर यूनियन गोमिया द्वारा भी 16 फरवरी को आईईपीएल गेट के समक्ष प्रदर्शन होगा.

### आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

साहिबगंज । उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत के बाबुलबोना व श्रीधर दियारा पंचायत के साहेब टोला में बुधवार को राधानगर पुलिस ने फरार आरोपियों के घर में इश्तेहार तामिला चिपकाया. राधानगर थाना के एसआई मो. एकबाल ने बताया कि राजमहल व्यवहार न्यायालय के निर्देश के आलोक में राधानगर थाना कांड संख्या 37/18 के आरोपित इमरान शेख व कल्लु शेख उर्फ अनसुर के घर पहुंचकर आत्मसमर्पण को लेकर इश्तेहार तामिला चिपकाया गया.

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहेट बोरियो मुख्य पथ के लोगाय गांव के समीप ट्रैक्टर के चपेट में आ जाने से एक युवक की मौत हो गई. जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के पचकठिया संथाली पंचायत के हरिशचंद्रपुर निवासी तल्लू सोरेन उम्र 30 एवं लक्ष्मण सोरेन उम्र 35 अपने बाइक बजाज पल्सर जेएच 06 4807 पर सवार होकर बरहेट बाजार से हरिशचंद्रपुर जा रहे थे. तभी बरहेट से बोरियों की ओर जा रही तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए.

### सुरक्षाकर्मियों पर हमला मामले में केस दर्ज

**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया के राजपुरा कोलियरी खदान में चोरों के दल द्वारा ईसीएल की सुरक्षा टीम पर किया गया हमला व जवाब में फायरिंग की घटना में एफआईआर दर्ज कर ली गयी है. जिसमें दो-तीन लोगों को नामजद भी किया गया है. अन्य अपराधियों को भी चिन्हित किया जा रहा है. पुलिस नामजदों का खुलासा नहीं कर रही है. वहीं, बुधवार को निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला कोलियरी खदान घटनास्थल पहुंचे. मैनेजर संजीव कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी अमीत रवानी, ड्यूटी में तैनात होम गार्ड जवान व अन्य से घटना के संबंध में पूछताछ की.

### टोटो पलटने से दो व्यक्ति घायल हुए

**साहिबगंज ।** बुधवार को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के समाहरणालय के समीप टोटो सवारी से भरा एक टोटो पलटने से दो लोग घायल हो गए. जिसमें जगदीश कुमार उम्र 36 तथा एक टोटो चालक घायल हो गए. जिसमें दो में से एक घायलों को सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया गया. जहां डॉ. शहवाज के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. घटना के बाद टोटो चालक अपने टोटो लेकर फरार हो गया. सूत्रों की माने साहिबगंज शहर क्षेत्र में दर्जनों टोटो चालक नाबालिग ड्राइवर के द्वारा टेंपो तथा टोटो चलाया जा रहा है.

---

225 बच्चों ने डाक विभाग के कामकाज के तौर-तरीकों व डाक की अत्याधुनिक सुविधाओं की जानकारी ली

# डीपीएस के छात्रों ने किया प्रधान डाकघर का दौरा

**संवाददाता।बोकारो**



अनुभव आधारित शैक्षणिक भ्रमण के तहत मंगलवार को डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने बोकारो प्रधान डाकघर का दौरा किया. तीसरी कक्षा के लगभग 225 बच्चों ने इस अवसर पर डाक विभाग के कामकाज के तौर-तरीकों और बदलते समय के साथ डाक की अत्याधुनिक सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की. विद्यार्थियों को डाक विभाग के गौरवशाली अतीत, चिट्ठियों और डाक टिकटों की रंग-बिरंगी दुनिया तथा देशवासियों को जोड़ने में डाककर्मियों की भूमिका के बारे में बताया गया.

विभाग की ओर से डाकपाल सतीश कुमार एवं मार्केटिंग विभाग के डाककर्मी कौशल कुमार उपाध्याय ने डाक प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया. बच्चों को चिट्ठियां भेजने की कोटिवार चरणबद्ध जानकारी के साथ-साथ डाक पार्सल, डाक टिकट संग्रहण (फिलाटेली) की महत्ता, फिलाटेली अकाउंट, आधार सेंटर की कार्य-प्रणाली, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा, पत्र-लेखन प्रतियोगिता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. माई स्टांप की जानकारी भी उनके लिए अहम रही, जिसमें वे अपने चित्र वाले डाक टिकट से किसी को पत्र भेज सकते हैं.

**छात्र उत्साहित**

- विद्यार्थियों ने डाककर्मियों की भूमिका के बारे में जाना
- छात्रों को डाक टिकट संग्रह के बारे में बताया गया

इस क्रम में पूरा डाकघर परिसर बच्चों के कोलाहल और उनकी चहल-पहल से गुलजार बना रहा. उन्होंने डाकपाल को कार्ड भेंटकर अपना आभार भी व्यक्त किया. विद्यार्थियों के साथ डीपीएस बोकारो की टीम में शिक्षिका श्वेता शुभम, पूनम शर्मा, मनीषा सिंह, आभा कुमारी झा, कामिनीकांत स्वैन, शेफालिका निधि, उषा श्रीवास्तव व नितेश कुमार शामिल रहे. जबकि, इस अवसर पर डाक विभाग की ओर से सीपीसी मैनेजर संतोष कुमार सिंह, वरीय डाककर्मी देवी प्रसाद चटर्जी, देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया. कहा कि इस दिशा में विद्यालय तत्पर व कटिबद्ध रहा है. बच्चे जो भी अपनी कक्षा में पढ़ते हैं, उन्हें बाहर की दुनिया में देखकर वे आसानी से समझ सकते हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में आज भी डाक विभाग की अपनी विशेष अहमियत है. डाक टिकटें अपने-आप में ज्ञान का सागर और अनुपम धरोहर हैं.

# पुलिस ने किया लूटकांड का खुलासा, दो हुए गिरफ्तार



**संवाददाता।साहिबगंज**

जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में हथियार का भय दिखा कर लूट के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया. वहीं जिरवाबाड़ी थाना में बुधवार को थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने बताया कि 4 फरवरी को पश्चिमी फाटक के समीप लूट मामले में कांड संख्या 18/24 दर्ज किया गया था. वहीं पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर कांड के उद्भेदन के लिए टीम का गठन किया गया था. टीम ने अनुसन्धान के क्रम में अप्राथमिक आरोपी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज निवासी सोनू कुमार यादव उम्र 24, महादेवगंज, बीच टोला निवासी छोटू कुमार यादव उम्र 20, को गिरफ्तार किया गया. उनसे लूटा हुआ वादी का मोबाइल व कांड में प्रयुक्त अपाची स्कूटी बरामद किया गया. वहीं छापामारी में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पुअनि विक्रम कुमार, जीतन तिग्गा, आरक्षी विजेंद्र कुमार सिंह, राजाराम महतो, प्रवीण कुमार शामिल थे .

---

टॉयलेट की बात कहकर निकली और दरवाजा बंद कर आत्महत्या कर ली

# मदरसा में पढ़ने वाली छात्रा की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**संवाददाता।गांवा**



गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत के घाघरा में संचालित छात्राओं के मदरसा जामियां इस्लामियां दारूल फलाम लिलबनात पिहरा में अध्ययनरत एक छात्रा की संदेहास्पद मौत हो गई. उक्त मदरसे के हॉस्टल में छात्राएं रहकर मजहबी शिक्षा लेती है. मंगलवार की रात लगभग आठ बजे वह टॉयलेट की बात कहकर निकली और अंदर से दरवाजा बंद कर आत्महत्या कर ली. मृत छात्रा की पहचान कोडरमा जिले के जानपुर निवासी कक्षा नवम की छात्रा सलीना प्रवीण पिता मो. हसनैन के रूप में की गई है. इस मामले पर खोरीमहुया एसडीपीओ साजिद जफर ने कहा कि घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नही जाएगा. गावां थाना पुलिस को मृत छात्रा का शव लाने के लिए कोडरमा भेजा गया है. शव के पोस्टमार्टम के बाद मामले का खुलासा हो जाएगा. इस घटना में जांच के उपरांत जो भी दोषी होंगे सभी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. वहीं छात्रा के शव को लेकर मदरसे के प्रधानाध्यापक मुफ्ती गुलाम रसूल, शिक्षक व समिति लोग देर रात कोडरमा जिले के जानपुर गांव पहुंचे. पुत्री के शव को देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे. आक्रोशित परिजनों ने शव को लेकर गये प्रधानाध्यापक समेत सभी को बंधक बनाकर डोमचांच थाना पुलिस को सूचना दी. बाद में सूचना पर बुधवार को गावां थाना पुलिस मदरसे में पहुंची व हॉस्टल में रह रहीं छात्राओं व आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ किया. बताया जाता है कि उक्त मदरसा सह छात्रावास का संचालन लगभग पांच - छः वर्षों से किया जा रहा है. यहां स्थानीय छात्राओं के अलावा गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग पटना समेत कई जिलों की छात्राओं का भी नामांकन लिया गया है.

जहां निर्धारित शुल्क देकर सभी पढ़ाई करती है. स्थानीय छात्राएं कक्षा के बाद रात्रि में अपने घर चली जाती है, लेकिन लगभग 60 से 70 की संख्या में छात्राएं मदरसे के हॉस्टल में रहती है. पूर्व में उक्त मदरसे का संचालन मुख्य पथ में स्थित एक घर में किया जाता था, लेकिन एक वर्ष पूर्व उसे सड़क से दूर मुहल्ले में ले जाया गया. विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अलावा पांच से छः की संख्या में पुरूष शिक्षक पदस्थापित हैं. एक महिला वहां भोजन बनाती है, जो रात में अपने घर चली जाती है. आसपास के लोगों ने कहा कि रात में केवल प्रधानाध्यापक की पत्नी वहां रहती है. बुधवार को सुबह सभी छात्राएं डरी सहमी थी. छात्राओं ने कहा कि मंगलवार की रात लगभग 7:30 बजे कक्षा संचालन के क्रम में टॉयलेट जाने की बात कहकर वह निकली. काफी देर तक नहीं लौटने पर जब कुछ छात्राएं वहां गई तो दरवाजा बंद था.

दरवाजे को धक्का देकर खोलने के बाद फंदे में झूलता शव पाया गया. हॉस्टल में रह रही छात्राओं ने कहा कि जाने से पहले अपनी एक सहेली से हाथ भी मिलाई. घटना के संबंध में और जानकारी देने से छात्राओं ने इनकार कर दिया. बगल के एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि पूर्व में भी यहां छात्राओं के साथ आपत्तिजनक मामले की शिकायत मिली थी. लेकिन मामले को आनन फानन में रफा दफा कर दिया गया था.

**होगी कार्रवाई**

- 60 से 70 छात्राएं मदरसे के हॉस्टल में रहती हैं
- स्थानीय छात्राएं रात में अपने घर चली जाती हैं

# केबी कॉलेज का प्रदर्शन रहा बेहतर

**संवाददाता।बेरमो**




पांच से सात 7 फरवरी तक बीबीएमकेयू धनबाद में युवा महोत्सव मनाया जा रहा है. जिसमें बीबीएमकेयू के सभी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया है. केबी कॉलेज बेरमो के छात्र छात्राओं ने 'औरत होने के गुनाह' शीर्षक पर एकांकी नाटक प्रस्तुत किया. जिसे युवा महोत्सव में चयनित एवं प्रोत्साहित किया गया. एकांकी नाटक के माध्यम से छात्र छात्राओं ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संदेश दिया. युवा महोत्सव मे कॉलेज से टीम मैनेजर डा साजन भारती पुरूष वर्ग के लिए, डॉ नीला पूर्णीमा तिर्की महिला वर्ग के लिऐ एवं टीम सहायक के रुप मे शिव चन्द्र झा गए थे. प्राचार्य प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार लाया जाता है और इनके आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाया जाता है. युवा महोत्सव के एकांकी प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नंदिनी कुमारी, काजल कुमारी, ईशा आफरीन, नीतू कुमारी, एकता कुमारी, स्किट प्रतियोगिता में श्रुति कौर, निशी कुमारी, विवेक कुमार, पीयूष कुमार, सुप्रिया कुमारी, विक्की कुमार ने भाग लिया था. प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा मधुरा केरकेट्टा, डा प्रभाकर कुमार, डा वासुदेव प्रजापति, प्रो अमीत कुमार रवि, डा व्यास कुमार, प्रो मनोहर मांझी, प्रो नितिन चेतन तिग्गा, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, रवि कुमार यादविंदू, मो साजिद, शिव चन्द्र झा आदि कॉलेज परिवार ने छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया और भविष्य में इनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### भाजपा ने दीपिका पांडेय का किया पुतला दहन

**गोड्डा ।** महगामा विधानसभा से कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडेय द्वारा सदन में आदिवासी महिलाओं को लेकर किए गए अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से जुलूस निकालकर विधायक का पुतला दहन किया गया. भाजपा गोड्डा महिला मोर्चा के महामंत्री सरिता दुबे एवं जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा की अगुवाई में जुटी भारतीय जनता पार्टी की दर्जनों महिला कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कारगिल चौक तक पहुंचे और विधायक दीपिका पांडे का पुतला दहन किया. भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस प्रकार विधायक पाण्डेय ने आदिवासी महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी किया वह हास्यास्पद है.

# माकपा प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से की मुलाकात

**संवाददाता।बेरमो**



गोमिया प्रखंड की जन समस्याओं को लेकर माकपा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो से मिला और वार्ता की. बीडीओ ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है.

वार्ता में माकपा के राज्य सचिव मंडल के सदस्य रामचंद्र ठाकुर भी मौजूद थे. ज्ञात हो कि पार्टी नेताओं ने इससे पहले बीडीओ को 24 सूत्री मांगपत्र सौंपा था. माकपा के गोमिया प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने बताया कि 24 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 11 जनवरी को प्रखंड कार्यालय के सामने धरना दिया गया था. आज उन्हीं मांगों पर बीडीओ के साथ वार्ता हुई. मांगों में इच्छुक लोगों को पशुपालन योजना का लाभ देने, मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म कर जरूरतमंदों को रोजगार देने, गोमिया की ही किसी एजेंसी को उज्ज्वला योजना का जिम्मा देने, पेयजल, राशन कार्ड व अन्य मांगें शामिल हैं. वार्ता में पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य श्याम सुंदर महतो, विनय महतो, भोला स्वर्णकार आदि शामिल थे.

---

# तिसरी में इंकलाबी नौजवान सभा की बैठक का आयोजन



**संवाददाता।तिसरी**

25 फरवरी को हजारीबाग जिले के बरकट्ठा में आयोजित जोहार युवा महासम्मेलन की तैयारी को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा की गिरीडीह जिला कमेटी की बैठक बुधवार को तिसरी में सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय व संचालन जिला सचिव अशोक मिस्त्री कर रहे थे. बैठक में मुख्य रूप से आरवाईए प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल मौजूद थे.

बैठक को संबोधित करते हुए आरवाईए के प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार आई तो थी नौजवानों को रोजगार देने के वादे पर लेकिन शासन के दस साल पूरा होने पर अब अक्षत-भभूत बांट कर नौजवानों को रोजगार के मुद्दे से भटका रही है. देश के नौजवान दस साल का हिसाब दो ! नफरत नहीं जवाब दो ! नारे के साथ संगठित होकर मोदी सरकार से हिसाब मांग रहे हैं. आने वाले चुनाव में अपने साथ हुए धोखे के लिए सबक सिखाएंगे. मोदी सरकार अपने दस साल की नाकामी को छिपाने के लिए देश में मंदिर के नाम पर लोगों के धार्मिक भावनाओं को भड़का फिर सत्ता पर काबिज होना चाहती है.

# डीसी ने की जिलास्तरीय समिति की बैठक

**संवाददाता।बोकारो**



समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं जिला गव्य विकास कार्यालय के विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों की सूची के अनुमोदन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक की.

मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी., जिला कल्याण पदाधिकारी मेनका, विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी हेमंत शेखर, विधायक प्रतिनिधि बेरमो विनोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि गोमिया दुर्गा चरण महतो, विधायक प्रतिनिधि डुमरी राम पुकार महतो समेत जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मणि, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी पुष्पा कुमारी, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, गव्य तकनीकी पदाधिकारी हरे कृष्ण समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे. बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के लिए आवेदकों के चयन प्रक्रिया एवं राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य के संबंध में पूछा. साथ ही, प्रखंड स्तरीय समिति से आवेदकों की प्राप्त अनुशंसा सूची की विस्तृत जानकारी ली. इस क्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मणि ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत जिले का कुल लक्ष्य 7,424 था. जिसमें बकरा विकास योजना के तहत कुल लक्ष्य 2249 था, जिसमें पूर्व में 1850 लाभुकों को अनुमोदित कर दिया गया था. उक्त बैठक में प्रखंड स्तर से 318 का अनुमोदन प्राप्त हुआ है. सुकर विकास योजना के तहत कुल लक्ष्य 428 था, जिसमें पूर्व में 321 लाभुकों को अनुमोदित कर दिया गया था. बैठक में प्रखंड स्तर से 107 का अनुमोदन प्राप्त हुआ है. बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के तहत कुल लक्ष्य 188 था, जिसमें पूर्व में 144 लाभुकों को अनुमोदित कर दिया गया था. बैठक में प्रखंड स्तर से 44 का अनुमोदन प्राप्त हुआ है. ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना के तहत कुल लक्ष्य 399 था, जिसमें पूर्व में 343 लाभुकों को अनुमोदित कर दिया गया था. बैठक में प्रखंड स्तर से 56 का अनुमोदन प्राप्त हुआ है. वहीं, बत्तख चूजा वितरण योजना के तहत कुल लक्ष्य 4160 था, जिसमें पूर्व में 2857 लाभुकों को अनुमोदित कर दिया गया था. बैठक में प्रखंड स्तर से 970 का अनुमोदन प्राप्त हुआ है. बैठक में उपायुक्त ने जिला गव्य कार्यालय द्वारा संचालित जोड़ा बैल योजना, दो गाय की योजना, पांच गाय की योजना, हस्त चलित चारा मशीन, विद्युत चलीत चारा मशीन आदि के अनुदान एवं प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली.

**बोले डीसी**

- डीसी ने आवेदकों की अनुशंसा सूची की जानकारी ली
- सूकर विकास योजना का लक्ष्य 428 था

### अधिवक्ता के निधन पर आश्रित को आर्थिक सहायता

**तेनुघाट ।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो ने संघ के सदस्य अधिवक्ता गणेश कुमार गुप्ता के निधन पर उनकी पत्नी सुमाना गुप्ता को आर्थिक सहयोग बुधवार को दिया गया. बता दें कि तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्य दिवंगत गणेश प्रसाद गुप्ता का निधन गुरुवार 1 फरवरी को हो गया था. उनके निधन के बाद दाह संस्कार के लिए सहायता राशि दी गई थी. इधर अधिवक्ता संघ के द्वारा दिया जाने वाला आर्थिक सहयोग दिवंगत की पत्नी को दिया गया. इस अवसर पर श्री मिश्रा और श्री महतो ने बताया कि अधिवक्ता संघ की ओर से संघ के सदस्य के निधन पर आर्थिक सहायता दी जाती है. बार काउंसिल के द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि भी जल्द ही दिवंगत गणेश गुप्ता की पत्नी को दिया जाएगा. आर्थिक सहयोग देते समय अधिवक्ता राम बल्लभ महतो सहित अन्य सदस्य मौजूद थे.

---

**शुभारंभ** गांडेय प्रखंड मुख्यालय परिसर में सार्वजनिक पुस्तकालय का डीसी ने किया उद्घाटन

# यहां बहुत कोई बहुत कुछ सिखा सकता है: डीसी

**संवाददाता।गांडेय (गिरिडीह)**



गांडेय प्रखंड मुख्यालय परिसर में बने स्वतंत्रता सेनानी सोना तिवारी सार्वजनिक पुस्तकालय सह पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन हुआ. इसका उद्घाटन गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसडीएम विशाल दीप खलको प्रशिक्षु आईएस दीपेश कुमारी ने सयुक्त रूप से फीता काट कर किया. इस अवसर पर डीसी नमन ने कहा की बहुत खुशी की बात है कि गांडेय जैसे छोटे से शहर में इस तरह का पुस्तकालय भवन का संचालन होना.

उन्होंने कहा कि यह वाचनालय है. यहां आ कर बहुत कोई बहुत कुछ सीखा सकता है. साथ ही पुस्तकालय में रखे किताब से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करके केंद्र और राज्य में होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेकर सफल हो सकते हैं. उन्होंने यहां के ग्रामीण जनता को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने इस तरह की बड़ी सोच के साथ पुस्तकालय भवन बनाए. डीसी ने लोगों से अपील किया कि आपलोग इस पुस्तकालय भवन को अच्छी तरह से रखरखाव करें, ताकि आने वाले समय में युवाओं को इससे अधिक लाभ हो सके. पुस्तकालय भवन में अभी तक 51 छात्र छात्राओं ने नामांकन कराया है. इसकी एक साथ 46 सीटिंग कैपेसिटी है. इस भवन में ड्रिंकिंग वाटर, वाटर फिल्टर प्रोवाइड कराया गया है. डीसी ने कहा कि गर्मी है तो मैं सभी से रिक्वेस्ट करूंगा कि आपलोग घड़ा समेत कुछ और आपसी सहयोग से डोनेट कर सकते हैं.

उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी सोना तिवारी के पोते को फलदार पौधे देकर सम्मानित किया. डीसी नमन ने प्रखंड परिसर में युवक युवतियों के बीच मतदाता जागरुकता अभियान चलाया. उन्होंने नए वोटरों को आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोटिंग करने की अपील की. मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक, पंचायत के मुखिया, चिन्हित आंदोलनकारी, बैजनाथ राणा समेत कई लोग मौजूद थे.

**पढ़ेंगे विद्यार्थी**

- डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने किया उद्घाटन
- इसमे अब तक 51 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है

जमुआ में पिरामल फाउंडेशन की ओर दिया गया ट्रेनिंग

# पंचायत सचिवों को मिला प्रशिक्षण

**संवाददाता।जमुआ (गिरिडीह)**



आकांक्षी प्रखंड जमुआ में पिरामल फाउंडेशन द्वारा प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में पिरामल फाउंडेशन के हिमांशु साहू, विनोद कुमार एवं पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक नीरज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे.

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना), जीपीपीएफटी (ग्राम पंचायत योजना सहयोगी दल), शून्य ड्रॉप आउट पंचायत,और गूगल रीड अलांग ऐप पर चर्चा की गई. मुखिया एवं पंचायत सचिवों को उनके सम्बधित पंचायतों में जीपीडीपी प्रक्रिया और जीपीपीएफटी का गठन करने की महत्ता के बारे में जानकारी दी. उन्हें भी समुदाय के सदस्यों के बीच शून्य ड्रॉप आउट के बारे में जागरूक किया गया, उन्हें समुदाय के सदस्यों के बीच फाइलेरिया के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया और उनसे 10 फरवरी से 25 फरवरी, 2024 के बीच घर-घर जाकर सहिया दीदी द्वारा वितरित दवा लेने का आग्रह किया गया. साथ ही सभी प्रतिभागी को गूगल रीड अलांग ऐप के उपयोग और महत्व की भी चर्चा की गई, ताकि वे अपने स्कूलों और गांवों में छात्रों को इसके बारे में जागरूक कर सकें.

▼ ब्रीफ खबरें

## प्रो. रमेश शरण विभावि के लोकपाल नियुक्त

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रमेश शरण को विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है. इनकी नियुक्ति 3 साल तक की होगी. विभावि में लोकपाल की नियुक्ति के साथ ही अब छात्र शिकायत निवारण समिति का गठन कर नियमों का पालन अनिवार्य होगा. छात्रों की समस्याएं, उत्पीड़न, शोषण की सुनवाई लोकपाल करेंगे. इसका उद्देश्य है कि किसी संस्थान में पहले से ही नामांकित छात्रों और साथ ही ऐसे संस्थानों में प्रवेश को इच्छुक छात्रों की कतिपय शिकायतों के निवारण के लिए अवसर प्रदान करना एवं उसके लिए एक तंत्र स्थापित करना है.

## कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**बड़कागांव।** पुलिस ने इंदिरा पसेरिया से अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त किया है. अंधेरे का लाभ उठा कर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भागने में सफल रहा. ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर लाया गया. थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पूरी कार्रवाई की गई. इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक, चालक और अवैध तरीके से संचालित कोयला खदान के मालिक पर मामला दर्ज किया गया है. थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि अवैध कोयला तथा खदान संचालित करने वाले लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई में सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे.

## सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगा कर दी जान

**चतरा।** जिले में पदस्थापित एक सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना बीती मंगलवार देर रात की है, लेकिन जानकारी बुधवार सुबह हुई. मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ के 190 बटालियन कैंप के जवान कैशल चंद के रूप में हुई है. वह मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहनेवाला था. हालांकि, उसने आत्महत्या क्यों की, इसका पता नहीं चल सका है. घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ सहित सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वहीं, सीआरपीएफ के अधिकारियों ने मृतक जवान के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है.

### बालू पर लगी है रोक, पांच गुनी अधिक कीमत पर बेच रहे माफिया

# लाल बालू का काला खेल

**विभाग मौन**

- बालू के इस खेल में पिस रहे अबुआ आवास लाभुक
- रात-रात भर जाग अधिक कीमत में खरीद रहे बालू

संवाददाता। हजारीबाग

बालू माफियाओं ने बालू कारोबार करने के लिए नई उपाय ढूंढ लिए हैं. किसी की नजर न पड़े, इसके लिए रात भर बालू का अवैध कराते देखे जा रहे हैं. इस खेल में संबंधित विभाग की मिलीभगम की बात सामने आती रही है. बालू परिवहन पर कोर्ट की रोक के बावजूद जिले में पांच गुनी अधिक कीमत पर बालू बिक्री का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. बालू माफियाओं के इस खेल से खासकर अबुआ आवास बनाने वाले लाभुक काफी परेशान हैं.

इस संबंध में शहरवासियों का कहना है कि बालू क्षेत्र में रहने वाले लोगों का बालू पर पहला अधिकार बनता है. सरकार और कोर्ट का भी दायित्व बनता है कि पहले बालू क्षेत्र में रहने वाले लोगों को ही बालू घाटों की लीज या ठीका दें. आम लोगों को सरकारी प्रावधान के अनुसार बालू मुहैया होना चाहिए था, लेकिन 5000 से 6000 रुपये प्रति 100 सीएफटी की दर से बालू खरीद रहे हैं. इसके लिए भी रात-रात भर जगना पड़ता है, जिसके बाद ही बालू मिल पाता है. बालू माफियाओं का साफ कहना है कि रात में जब उच्च अधिकारी सो जाएंगे, तभी बालू आपके घर पर पहुंचाया जाएगा और उसी वक्त पैसा भी लिया जाएगा. ऐसे में बालू गाड़ी आने के इंतजार में खरीदार रात भर टकटकी लगाए इंतजार करते रहते हैं.

### पुलिस से लेकर खनन विभाग की मिलीभगत

बालू के इस अवैध कारोबार में वर्दीधारियों की भूमिका भी कुछ कम नहीं है. सूत्र बताते हैं कि पेट्रोलिंग के नाम पर वर्दीधारी समय से निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाते हैं और बालू के इस खेल में शामिल हो जाते हैं. अगर बालू लदा ट्रैक्टर लेकर चालक ने भागने की कोशिश की, तो उसका पीछा कर पकड़ने के बाद पैसे लेकर छोड़ देते हैं. हालांकि, उन्हें कोई मोटी रकम नहीं मिलती. प्रत्येक ट्रैक्टर 100 से 200 लेकर ये वर्दीधारी अपने ईमान को बेच देते हैं. सूत्र यह भी बताते हैं कि बालू माफियाओं की खनन टीम से भी मिलीभगत रहती है और अवैध बालू परिवहन के एवज में उन्हें समय से नजराना भी पहुंचा दिया जाता है. यही कारण है कि बालू को पांच गुनी अधिक कीमत पर बेचा जाता है और आम लोगों की जेब पर बालू की ज्यादा कीमत का भार पड़ता है.




**रात गहराते ही शुरू हो जाता है बालू का अवैध परिवहन**

**बालू के इस काले कारोबार की सच्चाई जानने के लिए जिले के कई स्थानों पर 'शुभम संदेश' की टीम ने देर रात व अलसुबह सघन पड़ताल की. इसमें देखा गया कि केरेडारी, पदमा, इचाक, कटकमसांडी, कटकमदाग, बड़कागांव समेत कई जगहों से रात के 11 बजे से ट्रैक्टर से बालू की खेप निकलनी शुरू हो जाती है. वहीं, नेशनल पार्क इचाक, पेलावल पबरा मोड़, सलगावां ओवरब्रिज, बड़कागांव रोड, कुंडलवादी, संत कोलंबा कॉलेज मोरागी, छड़वा डैम, बैहमर गेट के अलावे कई जगहों पर बालू की मंडी बनी हुई है. यहां पर बालू लदे ट्रैक्टर खड़े किए जाते हैं और फिर यहीं से बाल की खरीब-बिक्री का कारोबार चलता है. वहीं, ऑर्डर के अनुसार गांव-गांव और शहर में जाकर एजेंट के माध्यम से खरीदार तक बालू पहुंचाया जाता है.**

**केस नं. 1**



पदमा थाना क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग रोड पर संबंधित विभाग की एक सफेद रंग की टाटा सूमो गाड़ी खड़ी थी. इनके कंधे पर अवैध बालू परिवहन को रोकने की जिम्मेवारी है. लेकिन, वर्दीधारी बालू लदे ट्रैक्टर को रुकवा कर कुछ बात करते दिखते हैं और फिर वहां से बालू लदा ट्रैक्टर लेकर चालक चला जाता है.

**केस नं. 2**



एनएच 33 रांची-पटना रोड पर सात नंबर पीसीआर वैन ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रोकती है. इसके बाद वैन में बैठे पुलिस कर्मी ट्रैक्टर चालक से कुछ बात करते दिखते हैं. हालांकि, बालू के वैध या अवैध की जानकारी ली जा रही थी या फिर कोई और कहानी है, इसकी तस्दीक नहीं हो सकी.

**केस नं. 3**



कटकमदाग थाना से लगभग तीन किमी की दूरी पर सलगावां ओवरब्रिज के पास मंडी में एक दर्जन से अधिक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर खड़े थे. वहीं, केरेडारी थाना क्षेत्र के हेंदेगिर, पचड़ा एवं नावा खाप व पेटो नदी से बालू का अवैध खनन हो रहा है. ये बालू बड़कागांव व केरेडारी की कई कंपनियों में पहुंच रहा है.

**केस नं. 4**



पेलावल-पबरा रोड पर बालू लदे कई ट्रैक्टर इधर-उधर खड़े थे. ट्रैक्टर चालक बेखौफ होकर बालू की ढुलाई कर रहे थे. यहां से थाना की दूरी मात्र आधा किलोमीटर है. वहीं, लोहसिंघना थाना से महज आधा किमी की दूरी पर न्यू एरिया के पास और मेन रोड पर बालू लदे कई ट्रैक्टर खुलेआम दौड़ते दिखे.

### क्या कहते हैं अबुआ आवास के लाभुक

अबुआ आवास बनाने वाले लाभुक कटकमसांडी के मुजाहिद अंसारी ने बताया कि सरकार ने अबुवा आवास के लिए निर्धारित रेट तय किया है. इस रेट में दो रूम और एक बरामदा बनाना है. लेकिन आधी कीमत, तो बालू की खरीदारी में ही चली जाती है. बचा हुआ पैसा मिस्त्री, मजदूर को दे दिया जाता है. फिर छरी, लोहा, ईंट, खरीदने के लिए महाजन से कर्ज पर पैसा लेते हैं. अगर कर्ज नहीं मिला, तो आवास अधूरा ही रह जाता है.

### क्या कहते हैं संवेदक और खनन पदाधिकारी

संवेदक दीपक कुमार मेहता ने बताया कि सरकार के द्वारा सड़क, नाली एवं भवन की योजना चल रही है. इसमें इंजीनियर के द्वारा बनाए गए प्राक्कलन के आधार पर रेट तय कर दिया जाता है. लेकिन, बालू महंगा मिलने के कारण काम करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में खनन विभाग के डीएमओ के मोबाइल पर कॉल कर पक्ष लेने का प्रयास किया गया, पर उन्होंने फोन का कोई जवाब नहीं दिया.

उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने संगठन मजबूती पर की चर्चा

**चौपारण।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय अपने एक निजी कार्यक्रम में जाने के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय के आवास पर पहुंचे. उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती, आगामी लोकसभा चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की. प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं. यह एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम और योग्यता से संगठन के शीर्ष पर पहुंच सकता है. उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने की जरूरत है. मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, मंडल उपाध्यक्ष रामाधीन पांडेय, गजाधर प्रसाद, मनीष सिन्हा, अजीत सिंह, अर्जुन राणा, लक्ष्मण साव, अजय पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## विभावि के भौतिकी विभाग में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में बुधवार को पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया. अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. निहारिका यादव ने की. इस अवसर पर विभिन्न सत्र के छात्र उपस्थित हुए और विभाग में बिताए दिनों को याद किया. विद्यार्थियों ने जोर देकर कहा कि विभाग से प्राप्त ज्ञान के बल पर आज वह अच्छे तरह से अपने जीवन में स्थापित हैं. इस दौरान विभागीय शिक्षक प्रो नवीन चंद्र एवं प्रो राकेश पांडे ने अपने-अपने विचार रखे. विभागीय प्राध्यापक प्रो. राखो हरि एवं प्रो. लक्ष्मी शिवेशवरी ने इस आयोजन में सहयोग किया. वहीं विभागाध्यक्ष प्रो निहारिका यादव ने बताया कि ऐसे आयोजन नियमित किया जाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के पूर्ववर्ती छात्र संघ के माध्यम से और भी पूर्ववर्ती छात्रों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा.

## कोयला खनन परियोजना का तीरंदाजी प्रशिक्षण शुरू

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा द्विमासिया तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया. उद्घाटन निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव ने किया. इस पहल के तहत परियोजना प्रभावित गांवों के दर्जनों बच्चों को प्रशिक्षित आर्चरी कोच द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस दौरान निर्देशक (ईंधन) ने कहा कि आप सब बच्चे खूब मेहनत और लगन से यहां प्रशिक्षण लें और जिला एवं राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन करें. वहीं, मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा ने कहा कि हम निरंतर जो भी सहयोग चाहिए, मुहैया करवाते रहेंगे. इस दौरान बच्चों को ट्रैकसूट भी दिया गया. मौके पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अनिमेष जैन, बादाम कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण अनंत राव पांडे, भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास और पुनर्स्थापना के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी, मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना के अलावा कई वरिष्ठ पदाधिकारी थे.

## हजारीबाग टीम बनी मूक-बधिर क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियन

**हजारीबाग।** झारखंड मूक-बधिर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हजारीबाग बनाम पश्चिम सिंहभूम के बीच खेला गया. संत कोलंबा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित फाइनल मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम की टीम को हजारीबाग की टीम ने 18 रन से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. फाइनल मुकाबले में हजारीबाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 125 रन बनाए, जबाबी पारी खेलते हुए पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी. फाइनल मुकाबले के दिन बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार, सांसद प्रतिनिधि चौधरी प्रसाद साहू, झारखंड मूक-बधिर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक यादव, कोषाध्यक्ष विशाल कुमार, सचिव रणजीत कुमार, दीपक शर्मा, अरुण कुमार, जोय रमैन, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा, अरुण कुमार, रीमा साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे.

## स्कूली बच्चों को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

**रामगढ़।** उपायुक्त के निर्देश पर जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों आदि के बीच पॉक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा राहा है. इस कड़ी में बुधवार को बिरसा सरस्वती विद्या मंदिर बड़कीडुंडी में बच्चों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण, स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई. इसके साथ ही बच्चों को सेफ एवं अनसेफ टच के प्रति भी जागरूक किया गया. मौके पर बच्चों ने काफी ध्यानपूर्वक अपने अधिकारों को लेकर जानकारी प्राप्त की. वहीं, शिक्षकों के लिए अलग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, बाल कल्याण समिति की सदस्य आरती वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

# बंदोबस्त कर्मियों का धरना खत्म

संवाददाता। हजारीबाग

जिला बंदोबस्त कार्यालय में पिछले 31 जनवरी से जारी कर्मियों के धरना प्रदर्शन को जिला प्रशासन ने बातचीत कर खत्म करा दिया है. उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार एसडीओ अशोक कुमार एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मुख्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मियों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर सहमति बनी. इसके बाद धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को तत्काल स्थगित करने का निर्णय लिया गया.

अब आपसी सहमति के आधार पर सभी 28 नियमित कर्मचारियों का भविष्य निधि लेखा संख्या का आवंटन की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी गई है. इनकी सेवापुस्तिका एक सप्ताह के अंदर खोल दी जाएगी. वहीं, इन सभी कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आदेशार्थ सक्षम पदाधिकारी के समक्ष संचिका उपस्थापित किया जा रहा है. सक्षम प्राधिकार से आदेश प्राप्त होते ही एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा. वहीं, धरना अवधि के आठों दिनों को कार्य अवधि माना जाएगा.



**वार्ता सफल**

- जिला प्रशासन से बातचीत में विभिन्न बिंदुओं पर सहमति
- सभी 28 कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान की प्रकिया शुरू

वहीं, इन कर्मियों के विरूद्ध किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी. वहीं, जिला महासंघ के जिला सचिव मनीष कुमार पर सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मुख्यालय, हजारीबाग से निर्गत पत्र के माध्यम लगाए गए आरोप को भी वापस लेने का निर्णय लिया गया है.

### वेतन भुगतान को लेकर धरने पर बैठे थे कर्मी

हजारीबाग के बंदोबस्त पदाधिकारी महेश कुमार संथालिया का बीते 31 जनवरी को तबादला कर दिया गया था. इसके बाद विभाग के 28 कर्मचारी कार्यालय पहुंच कर धरना पर बैठ गए. पूरा मामला 7 महीने के बकाया वेतन से जुड़ा हुआ था. धरना पर बैठे कर्मियों का कहना था कि आयुक्त कार्यालय से पत्र जारी किया कर बंदोबस्त पदाधिकारी को 7 महीने का बकाया भुगतान का निर्देश दिया गया था. लेकिन वह बकाया वेतन का भुगतान करने में खुद को असमर्थ बता रहे थे.

### 16 को पूरे सीसीएल क्षेत्र में बंदी का आह्वान

# ऐतिहासिक होगी कोल इंडिया में होनेवाली हड़ताल : योगेंद्र

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा स्थित ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेसीएमयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो व विशिष्ट अतिथि जोनल सचिव जय नारायण महतो, जोनल उपाध्यक्ष राजकुमार महतो मौजूद थे.

इस क्रम में निर्णय लिया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यूनियन की सदस्यता दिलाई जाएगी. योगेंद्र महतो ने ने कहा कि निजीकरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर आगामी 16 फरवरी को कोल इंडिया में होने वाली हड़ताल ऐतिहासिक होगी. मजदूरों के हक व अधिकार के लिए पूरे सीसीएल को बंद कराया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष शंकर चौरसिया व संचालन क्षेत्रीय सचिव महेंद्र मिस्त्री ने किया. मौके पर रजरप्पा, चरही, कुजू, मगध आम्रपाली, एनके एरिया, बरका सयाल, ढोरी, कथारा, बरकाकाना केंद्रीय कर्मशाला से आए कई पदाधिकारी मौजूद थे.

### शंकर चौरसिया रजरप्पा क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष

बैठक में जेसीएमयू की क्षेत्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शंकर कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष रोगन मांझी, सचिव महेंद्र मिस्त्री, सहसचिव भारत कुमार, कोषाध्यक्ष जगन रविदास, सह कोषाध्यक्ष शिवराम जोशी और बबलू तिर्की को संगठन सचिव चुना गया. इसके अलावा अनिल पहान, जगदीश प्रसाद, चंदर कुमार, सोमई मांझी, भागीरथ राम मांझी, रामलाल महतो, रामदेव मांझी, प्रकाश महतो, मोहरलाल मांझी, जय मंगल मांझी, एतवा मांझी, मोहर मांझी, धनेश्वर महतो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया.

# प्रगतिशील किसानों ने लगाई प्रदर्शनी

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के शंकरपुर स्थित आत्मा कार्यालय परिसर में बुधवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. किसान मेला का उद्घाटन प्रशिक्षु आईएएस सह सहायक समाहर्त्ता सुलोचना मीणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस मेला में जिला के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 1000 किसानों ने भाग लिया. महिला कृषकों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया.

कृषि मेला का उद्देश्य किसानों को सरकार की योजनाओं से रूबरू कराना और उनके कृषि उत्पादों को बढ़ावा देना था. इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी असीम रंजन एक्का ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी. संयुक्त कृषि निदेशक ने भी किसानों को संबोधित किया. वहीं, एन यूनिट रिसर्च संस्था ने नशामुक्ति अभियान तथा मिलेट मिशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया. किसान मेला में कृषि विभाग के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, भूमि संरक्षण, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, इफको, नेटाफेम एवं अन्य संबंधित संस्थाओं ने स्टॉल लगा कर योजनाओं की जानकारी दी गई.

मौके पर उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र के संयुक्त कृषि निदेशक संतोष कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार, डीपीआरओ पंचानन उराव, डीडीएम नाबार्ड प्रेम प्रकाश सिंह, डीएई विल्सन आनंद कुजूर, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी वीणा टुडू, जिला उद्यान पदाधिकारी राजकुमार साहू, भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी अनूप हेंब्रम, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी राहुल राज महली, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (प्रक्षेत्र) अलका कुमारी, सहायक निदेशक उद्यान निकीता कुमारी, सहायक निदेशक सांख्यिकी अमर लकड़ा, परियोजना निदेशक आत्मा अनुरंजन, उप परियोजना निदेशक आत्मा रजनीश आनंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.



- जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन
- किसानों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

### किसानों को किया पुरस्कृत

किसान मेला में कृषि विज्ञान केंद्र, मांडु के कृषि वैज्ञानिक डॉ. इंद्रजीत कुमार द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी दी गई. साथ ही कृषकों के खेती संबंधी समस्याओं का निदान किया गया. किसान मेला में कृषकों ने भी अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई थी. इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस ने उन्नत तकनीक से खेती करने वाले किसानों के बीच पुरस्कार के रूप में स्प्रेयर व कृषि टूल का वितरण किया. 30 प्रदर्शनियों में चयनित कृषकों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए गए.

**बनी रणनीति** | विधायक अंबा प्रसाद की मौजूदगी में सैकड़ों आजसू कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

# गरीखुर्द में कांग्रेस के मिलन समारोह में आजसू पार्टी में भारी टूट

संवाददाता। केरेडारी

गरीखुर्द राजाबागी में कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता प्रभु सोनी ने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ आजसू पार्टी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया. इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव आदि ने फूलमाला पहना कर सभी का पार्टी में स्वागत किया.

आजसू पार्टी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार गुप्ता एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत में बरवाडीह से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ पैदल मार्च करते हुए बड़कागांव चौक पहुंचे. इस दौरान आजसू पार्टी से कांग्रेस में शामिल हुए सभी लोगों का अभिनंदन किया गया. वहीं, विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के बड़कागांव पहुंचने पर दोनों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्रवासियों के प्यार और आशीर्वाद के लिए आभारी हूं. उन्होंने कहा कि कार्यकाल के पहले दिन से ही जन सेवा में समर्पित रही हूं और आगे भी क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में खड़ी रहूंगी. वहीं, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि क्षेत्र में बाहरी लोगों की गिद्ध नजर है, लेकिन उनकी मंशा पूरा नहीं होने देंगे. जनता के हित की लड़ाई के लिए हमेशा खड़े रहेंगे.

मौके पर बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, गर्रीकला मुखिया हित नारायण साव, कंडाबेर मुखिया दिनेश साव, बेलतू मुखिया जितनी देवी, बारियातु मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार, इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज, युवा कांग्रेस बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, पंचायत अध्यक्ष मेहंदी हसन, मुकेश ठाकुर, गणेश साव, मनोज साव, गौतम कुशवाहा, बबलू कुमार, रोहित सिंह, दीपू साव, राजेश साव, चंदन गुरु सहित भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे.



**मिलन समारोह**

- क्षेत्र वासियों के सुख-दुख में सदैव खड़ी रहूंगी : अंबा
- बाहरी लोगों की मंशा पूरी नहीं होने देंगे : योगेंद्र साव

### बड़कागांव में बाहरी विधायक नहीं चाहिए : प्रभु सोनी

कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रभु सोनी ने कहा कि इस वर्ष विधानसभा चुनाव में हम लोगों को 200 किलोमीटर दूर का बाहरी विधायक नहीं चाहिए, हमें अपने घर का विधायक चाहिए. 2024 के विधानसभा चुनाव में अंबा प्रसाद को फिर से विधायक बनाना है. उन्होंने कहा कि 15 साल आजसू पार्टी का झंडा ढोने के बाद भी सिर्फ दर्द मिला है. पुराने कार्यकर्ता होने के बावजूद रोशन लाल चौधरी ने दुख में साथ नहीं दिया. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में केरेडारी प्रखंड के हजारों आजसू कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होंगे.

# आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, थाने में केस दर्ज

संवाददाता। कोडरमा

**जघन्य कुकृत्य**

- बच्ची के पिता के आवेदन पर पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज
- तिलैया थाना पुलिस ने बच्ची की मेडिकल जांच करवाई

तिलैया थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है. पीड़ित बच्ची के पिता ने इस संबंध में तिलैया थाना में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया कि बीती 4 फरवरी को दिन के 12 बजे उनकी 8 साल की बेटी को गुमो के बड़की गली वार्ड नंबर 21 निवासी गोविंद सिंह (45) ने अपने घर में बुला कर दरवाजा बंद कर लिया.

इसके बाद वह बच्ची के साथ गलत करने का प्रयास करने लगा. बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर वहां पहुंचे और बच्ची को गोविंद से छुड़ाया. पीड़ित बच्ची के पिता ने आगे बताया कि जब इस घटना की सूचना तिलैया थाना को दी, तो आरोपी और उसके घरवालों ने उनके साथ मारपीट की और अंजाम भुगतने की धमकी भी दी. इधर पुलिस ने आवेदन के आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. वहीं बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — दशम चंद्रमा है, पिता से विशेष लाभ होगा. पर आलस का त्याग करें. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. कामकाज की गति बनी रहेगी.

**वृषभ** — समय बहुत ही उत्तम है. भाग्य का साथ मिलेगा. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. मित्रों से मदद मिलेगी.

**मिथुन** — विवाद से बचें. पेट से संबंधित रोगों से बचें. साथ ही किसी बड़े कार्य में जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुराने झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा.

**कर्क** — समय बहुत ही उत्तम है. रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. माता की सेवा से तरक्की संभव है.

**सिंह** — मौसमी बीमारियों से बचाव अति आवश्यक है. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** — दोस्ती में समय बर्बाद हो सकता है. पर समय उत्तम है. कार्य होगा और प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा.

**तुला** — व्यर्थ का भागदौड़ ज्यादा रहेगी. कार्य नहीं होने से मन खिन्न होगा, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है.

**वृश्चिक** — विद्यार्थी सफल रहेंगे. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें. हनुमानजी का ध्यान पूजा करें.

**धनु** — वाणी पर नियंत्रण रखें. संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी. संतान की इच्छा पूरी होगी.

**मकर** — समय बहुत ही उत्तम है. पर उदर रोग से बचें. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं.

**कुंभ** — खर्च पर अंकुश जरूरी है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. विवाद न करें. उतावली में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी.

**मीन** — आय के लिए किया प्रयास सफल होगा. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. गुरु मंत्र का जाप करें.

## टीडब्ल्यूयू के पदाधिकारी सम्मानित



**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) के प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी उर्फ टुन्नू को बुधवार को सम्मानित किया गया. शॉल एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सभी ने खुशी का इजहार किया. इस मौके पर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष संजीव तिवारी, सहसचिव श्याम बाबू, कमेटी मेंबर रणवीर सिंह डिंपल, राजेश सिंह, अश्वनी मैथन, प्रवीण चौधरी आदि को भी शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर प्रधान भगवान सिंह एवं चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने दूसरी बार नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी के बारे में कहा कि पूर्व में भी वह निर्विरोध रूप से अध्यक्ष घोषित हुए थे. मजदूर के हित में काम करने के चलते फिर दूसरी बार भी उन्हें निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुना गया है.

### पेज एक का शेष

## कांग्रेस के कारण 16 तक टला मंत्रिमंडल विस्तार

बैठक में कांग्रेस की ओर से रिक्त पड़ी 12वीं बर्थ और उपमुख्यमंत्री के पद पर दावा किया गया, जिसे फिलहाल झामुमो ने मानने से इनकार कर दिया. इसके बाद इसके लिए अंतिम निर्णय लेने के लिए राहुल गांधी को अधिकृत करने का फैसला हुआ. बताते चलें कि राहुल गांधी फिर 14 और 15 फरवरी को झारखंड आ रहे हैं. वे 14 को पलामू और 15 को गढ़वा में रहेंगे. इसी दौरान वे मुख्यमंत्री से बात करके मंत्रियों के नामों और दावों का विवाद सुलझाएंगे.

**झामुमो का लिस्ट हो चुका था तैयार :** झामुमो सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के नाम आने में देरी के कारण अंततः मुख्यमंत्री ने यह फैसला लिया था कि 8 फरवरी को झामुमो कोटे के मंत्रियों का शपथ ग्रहण करवा लिया जाए. झामुमो कोटे के मंत्रियों की सूची भी तैयार कर ली गयी थी, जिसे बुधवार को देर शाम तक राजभवन भेजे जाने की तैयारी थी. मगर ऐन मौके पर इसे टाल दिया गया. इसके पीछे की वजह यह बताया गया कि इससे मैसेज अच्छा नहीं जाएगा. दोनों कोटे के मंत्रियों का शपथ ग्रहण एक साथ हो. इसके कारण पुनः राजभवन से 16 फरवरी का समय मांगा गया.

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सुनील मीणा अब अमन साहू गिरोह का खास, दिए कई अपराधिक मामलों को अंजाम

# गैंगस्टर सुनील झारखंड पुलिस के लिए बना चुनौती

संवाददाता ।रांची

कौन है जेल में बंद अपराधी अमन साहू गैंग का सुनील मीणा, जिसको गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है सुनील. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया जाने के बाद सुनील कुआलालमपुर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपने जड़े जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा.



### अमन साहू गैंग से जुड़ा सुनील मीणा

सुनील मीणा लॉरेंस गैंग के अलावे झारखंड के डॉन अमन साहू के राइट हैंड माने जाने वाले मयंक सिंह से जुड़ा और अमन साहू गैंग के लिए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. अमन साहू गैंग के इशारे पर सुनील मीणा ने ही झारखंड में कोल ट्रांसपोर्ट कर रही छत्तीसगढ़ की आरकेटीसी कंपनी के कोरबा स्थित ऑफिस में अधिकारियों पर फायरिंग करायी थी. इसी कंपनी के डायरेक्टर सुशील सिंघल की हत्या के नियत से उसने रायपुर स्थित उनके हेड ऑफिस पर फायरिंग करावायी थी.

### अमेरिका से कर रहा है अमन के लिए रिक्रूटमेंट

झारखंड पुलिस की एटीएस ने सुनील का पासपोर्ट रद्द करा दिया है और वह एटीएस के डीएसपी और एसआई साहू को गोली मारने से जुड़े मामले में वांछित है. राजस्थान पुलिस और दिल्ली स्पेशल सेल के जांच में यह सामने आया है कि सुनील मीणा पासपोर्ट रद्द होने के बाद डंकी रूट के जरिये सिंगापुर, ईरान, मेक्सिको होते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका में दाखिल हो चुका है. वह वहीं से अमन साहू गैंग के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली के आपराधिक गिरोहों से रिक्रूटमेंट का काम कर रहा है. साथ ही मयंक सिंह के साथ बैठकर झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ के कोल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से रंगदारी वसूली का पिच तैयार कर झारखंड के पलामू सेंट्रल जेल में बंद अमन साहू के गैंग का प्रभाव बढ़ा रहा है.

### विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगकर चर्चा में आया

राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगकर सुनील मीणा सबसे पहले चर्चा में आया था. लॉरेंस के इशारे पर ही सुनील ने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप संचालक से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी. रंगदारी देने से इनकार करने पर उसने संचालक पर फायरिंग की थी. इस घटना के बाद राजस्थान पुलिस ने सुनील के खिलाफ डोजीयर तैयार कर उसको रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए पत्राचार किया था.

## चाईबासा विधायक दीपक बिरुआ बने सकते हैं मंत्री?

**किरीबुरु।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से झारखंड की राजनीतिक में भूचाल सा आ गया है. झामुमो आसन लोकसभा चुनाव में भाजपा को पुरी तरह से पटखनी देने के लिए आदिवासी समाज के कद्दावर नेताओं को तरजीह देने और आगे बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है. इसी कारण सिंहभूम के जुझारू आंदोलनकारी युवा विधायक दीपक बिरूआ को मंत्री बनाने के लिए हेमंत सोरेन द्वारा एनओसी देने की खबर सामने आ रही है. राजनीतिक खींचतान में और पार्टी में आपसी गुटबाजी के कारण हेमंत सरकार में दीपक बिरूआ का मंत्री बनने का सपना अधूरा रह गया, लेकिन सूत्रों अनुसार झामुमो की गुटबाजी को दूर कर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दीपक बिरूआ को मंत्री बना सकती है. कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन अब झारखंड के मुखिया बन गए हैं इसलिए अब में बिरूआ को मंत्री बना कर कोल्हान टाइगर की जगह को भरने का काम कर सकतें हैं.

### मोदी के 'इस बार 400 पार' की बातों पर झामुमो ने किया बड़ा हमला

# पीएम का दावा बड़े साजिश की ओर कर रहा है इशारा : सुप्रियो

विशेष संवाददाता ।रांची

झामुमो ने लोकसभा और राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बार 400 पार की बातों को लेकर बड़ा हमला किया है. पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि देश अब लोकसभा चुनाव की ओर तेजी से बढ़ चला है. वर्तमान में संसद सत्र चल रहा है. देश के प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा और अब राज्यसभा में कई बातें कहीं है, जैसे अबकी बार, 400 के पार.

मजे की बात यह है कि देश अभी जिस दौर से गुजर रहा है, यह किसी से छिपी नहीं है. चारों ओर संघर्ष ही संघर्ष नजर आ रह है. प्रधानमंत्री का यह बयान एक बड़ी सोच और साजिश की ओर इशारा कर रहा है. प्रधानमंत्री की सोच भारत में लोकतंत्र को समाप्त करना है. इसकी पुष्टि खुद भारत के सर्वोच्चय न्यायालय ने चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर कर दी है. अदालत ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है, हम चुप नहीं रह सकते हैं. ऐसे में यह भी स्पष्ट है कि लोकतंत्र का हत्यारा कौन है. निश्चित तौर पर भाजपा है. जिस प्रसंग में वे बातें कही यह मेयर चुनाव के पीठासीन पदाधिकारी और वर्तमान पार्षद के बारे में कही गयी. ये बातें करीब 2023 से चल रही है. लोकतंत्र की हत्या महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और ताजा-ताजा झारखंड में हुई. उन्होंने कहा कि चिंता की बात नहीं है झारखंड और बिहार में भाजपा एक अंक में सिमट जाएगी. बंगाल में पीएम सपना देखते रहे. वहां भी ऐसा ही हश्र होगा.



### क्या कहा

- चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी है इसका आधार
- अब अदालतों को बचना है, तो लोकतंत्र को पहले बचाना होगा
- बिहार-झारखंड में सिंगल डिजिट में सिमट जाएगी एनडीए

### आज की स्थिति आपातकाल से भी भयावह

सुप्रियो ने कहा कि आज की स्थिति आपातकाल से भी भयावाह हो गयी है. आज सबसे डरावना काम केंद्रीय जांच एजेसियां कर रही हैं. आपातकाल के समय मीडिया में लोगों को आंदोलनकारी बताया जाता था, लेकिन अब जो मीडिया है वह आंदोलनकारी को भ्रष्टाचारी बताती है. कहीं कोई आधार नहीं होता है, मगर मीडिया ट्राइल पहले हो जाती है और जो आधार है, जिस पर चार्टशीट है, वह न केवल विधानसभा में बैठता है, लोकसभा और राज्यसभा में बैठता है. मंत्री, उपमुख्यमंत्री बन जाते हैं. केवल और केवल यह गांरटी होनी चाहिए कि वह भाजपा का हो. भाजपा में नहीं है, तो वह भ्रष्टाचारी है, वह देशद्रोही है, वह पाकिस्तानी है. क्योंकि अब तो यह विधानसभा में भी बोला गया.

**राजभवन में हुआ लोकतंत्र की हत्या का नंगा नाच :** सुप्रियो ने कहा कि जब एक मुख्यमंत्री राजभवन जाते हैं और इसे गिरफ्तार कर लिया जाता है, जिससे यह साफ है कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या का नंगा नाच हुआ है. उन्होंने कहा कि अब तो लगता है कि हम भी अपनी फरियाद लेकर उच्च न्यायालय और उच्चत्तम न्यायालय जाएं, लेकिन कही ऐसा न हो कि वहां पहले से नाटा मल्लिक बैठा हो और हमें सीधे फांसी पर लटका दे, क्योंकि जो जल्लाद का काम होता है, वह अब भाजपा के पीठासीन पदाधिकारी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने यहां बहुत बड़ी-बड़ी बातें कही है. उनकी बातों से यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष उसने टारगेट में है.

# जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक प्रकरण की जांच की मांग

### आरटीआई कार्यकर्ता ने की शिकायत

संवाददाता । जमशेदपुर



आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केन्द्रीय महासचिव सह आजसू पार्टी के जिला सचिव कृतिवास मंडल ने जेएसएससी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में राष्ट्रपति कार्यालय में शिकायत की है. अपनी शिकायत में उन्होंने बताया है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 28 जनवरी को आयोजित की गई थी. लेकिन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी की मिली भगत से परीक्षा के पहले दिन ही बड़ी सुनियोजित तरीके से हिंदी, अंग्रेजी, क्षेत्रीय भाषा, समान्य ज्ञान विषय के प्रश्न पत्र लीक कर दिए गए. उन्होंने यह भी कहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष एवं परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के बिना आदेश के एक पत्ता भी हिल नहीं सकता है. क्योंकि प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाने की जिम्मेवारी पूरी ईमानदारी के साथ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष, कर्मचारियों और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी की होती है. इसके बावजूद भी जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से प्रश्न पत्र लीक होना पदाधिकारियों की मिलीभगत को दर्शाता है. छात्रों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ किया गया है. झारखंड सरकार द्वारा आयोजित 'झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023' भ्रष्टाचार के दायरे में पूरी तरह अब खुलकर आ गई है. कृतिवास मंडल ने राष्ट्रपति के उप सचिव जेबी सुब्रमण्यम से अनुरोध किया है कि अविलंब उपरोक्त मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके. मामले की शिकायत के बाद राष्ट्रपति कार्यालय ने झारखंड सरकार में संयुक्त सचिव नीलम लता को जांच का आदेश दिया है.

### खास बातें

- कार्यकर्ता ने राष्ट्रपति कार्यालय में की शिकायत
- 28 जनवरी को हुआ था परीक्षा का आयोजन

# आज से 12 तक डायवर्ट होकर चलेंगी 11 ट्रेन

संवाददाता ।धनबाद

पीडीडीयू से प्रयागराज के बीच डीएफसी लिंक लाइन के लिए हो रहा यार्ड रिमॉडलिंग के कारण गुरुवार से 12 फरवरी तक 11 ट्रेनें डायवर्ट होकर चलेंगी. जिसमें धनबाद-गोमो होकर चलनेवाली दीक्षाभूमि और जालियांवाला बाग एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें शामिल हैं. धनबाद होकर गुजरने वाली कोलकाता-बीकानेर, सियालदह-अमृतसर, बाड़मेर-हावड़ा और दीक्षाभूमि के साथ-साथ गोमो होकर चलनेवाली नंदनकानन, ओडिशा संपर्क क्रांति, झारखंड संपर्क क्रांति ट्रेनें शामिल हैं. रेलवे सूत्रों के अनुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय (पीडीडीयू) से प्रयागराज के बीच डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लिंक लाइन के कनेक्शन के लिए यार्ड रिमॉडलिंग का काम चल रहा है. जिसके कारण अलग-अलग दिनों में ट्रेनें प्रभावित रहेंगी.



### किस तिथि को कौन ट्रेन होगी डायवर्ट

**8 फरवरी**

- ट्रेन नंबर 12825, रांची - आनंदविहार झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पंडित दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर व प्रयागराज के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, जंघई, प्रयाग व प्रयागराज होकर चलेगी

**9 फरवरी**

- ट्रेन नंबर 11045, कोल्हापुर-धनबाद दीक्षाभूमि एक्सप्रेस, माणिकपुर, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पीडीडीयू से होकर चलेगी
- ट्रेन नंबर 12816 आनंदविहार - पुरी नंदन कानन एक्सप्रेस, प्रयागराज, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पीडीडीयू से होकर चलेगी
- ट्रेन नंबर 12496 कोलकाता - बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस पीडीडीयू, मिर्जापुर व प्रयागराज के बदले पीडीडीयू, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग व प्रयागराज से होकर चलेगी
- ट्रेन नंबर 12379 सियालदह-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस पीडीडीयू, मिर्जापुर, प्रयागराज व कानपुर सेंट्रल के बदले पीडीडीयू, लखनऊ व कानपुर सेंट्रल से होकर चलेगी
- ट्रेन नंबर 12820 आनंदविहार - भुवनेश्वर ओडिशा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज व पीडीडीयू के बदले कानपुर, लखनऊ व पीडीडीयू चलेगी
- ट्रेन नंबर 12818 आनंदविहार-हटिया झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस प्रयागराज, मिर्जापुर व पीडीडीयू के बदले प्रयागराज, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पीडीडीयू से होकर चलेगी

**10 फरवरी**

- ट्रेन नंबर 12324 बाड़मेर - हावड़ा एक्सप्रेस प्रयागराज, मिर्जापुर व पीडीडीयू के बदले प्रयागराज, प्रयाग, जंघई, वाराणसी व पीडीडीयू से होकर चलेगी
- ट्रेन नंबर 12826 आनंदविहार - रांची झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस कानपुर, प्रयागराज व पीडीडीयू के बदले कानपुर, लखनऊ व पीडीडीयू से होकर चलेगी

**11 फरवरी**

- ट्रेन नंबर 12380 अमृतसर-सियालदह जालियांवाला बाग एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, मिर्जापुर व पीडीडीयू के बदले कानपुर, लखनऊ व पीडीडीयू से होकर चलेगी
- ट्रेन नंबर 12819 भुवनेश्वर-आनंदविहार ओडिशा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पीडीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल व गाजियाबाद के बदले पीडीडीयू, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग व प्रयागराज से होकर चलेगी

**12 फरवरी**

- ट्रेन नंबर 22806 आनंदविहार - भुवनेश्वर सुपरफास्ट स्पेशल प्रयागराज, मिर्जापुर व पीडीडीयू के बदले प्रयागराज, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी व पीडीडीयू होकर चलेगी.

### अखिल भारतीय कला साधक संगम में झारखंड की दल भी हुई शामिल

# कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

संवाददाता ।रांची

झारखंड के 25 सदस्यीय कलाकारों के दल ने अखिल भारतीय कला साधक संगम के दौरान संस्कार भारती झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुशील अंकन के नेतृत्व में आयोजित कांवर शोभा यात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता की झांकी प्रस्तुत दी. इसके अलावे छऊ नृत्य की टीम ने भी श्रीराम केवट प्रसंग पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी. झारखंड के कलाकारों में सुशील अंकन, उमेशचंद्र मिश्र, विश्वनाथ प्रसाद, राकेश रमण, संजय कुमार श्रीवास्तव , रामानुज पाठक, डॉ. रागिणी भूषण, डॉ. जूही सपर्पिता, डा. मुदिता चंद्रा, अनीता सिंह, मथुरेश कुमार वर्मा, सच्चिदानंद सिंह, अर्चना वर्मा, ब्रह्मानंद दसौंधी, सीए विकास वर्मा, कुमार केशव, विष्णु चरण गिरि, नरेंद्र प्रसाद, सत्यजीत कृष्ण, हरिओम सुधांशु, विपिन प्रसाद सिन्हा, धीरज कुमार आदि शामिल थे. चार दिनों तक चले कार्यक्रमों में ढाई हजार कलाकार शामिल हुए. इनमें समरसता पर आधारित शार्ट फिल्म का प्रदर्शन, विभिन्न प्रांतों के समरसता के अग्रदूत रहें महापुरूषों की रंगोली पोर्टेड समेत अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.



### कला संस्कार देने के लिए है : मोहन मधुकर

आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र में चल रहे इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ संचालक मोहन मधुकर भागवत ने कहा कि कला संस्कार देने के लिए है. कलाकार अपने संस्कार और चरित्र से संपूर्ण कला जगत को संदेश दे. इन्हीं उद्देश्यों के लिए संस्कार भारती निरंतर काम कर रहा है. कला के क्षेत्र में संस्कार भारती ऐसी स्थिति में आ गई है कि अब कला के माध्यम से समाज में परिवर्तन ला सकती है. रवि शंकर ने कहा कि संघे शक्ति कलियुगे को ध्यान में रखते हुए आरएसएस हिंदू समाज को संगठित कर रही है.

### हिंदू समाज में है वैश्विक दृष्टिकोण : नीतीश भारद्वाज

महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण एवं संस्कार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीतीश भारद्वाज ने कहा कि हिंदू समाज में वैश्विक दृष्टिकोण है. सामाजिक समरसता के विषय पर केंद्रित कई कार्यक्रम हुए. हम सबको इस दिशा में एक जुट होकर काम करना होगा. इस दौरान संस्कार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष वासुदेव कामथ, उपाध्यक्ष मंजु मैसुर नाथ एवं एस हेमलता मोहन, राष्ट्रीय महामंत्री अश्विन दलवी, प्रसिद्ध फिल्म निदेशक राज दत्त, अयोध्या मंदिर में रामलला के मूर्तिकार अरुण योगिराज एवं दूसरे चयनित मूर्तिकार जीएल भट्ट समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### जमीन विवाद

### बरकट्ठा विधायक अमित यादव पर जमीन कब्जा करने व बेचने का आरोप

# विवाद में विधायक व पूर्व विधायक के पुत्र आमने-सामने

संवाददाता।बरकट्ठा (हजारीबाग)

चटकरी ग्राम के कुछ ग्रामीणों ने वहां के निवासी व बरकट्ठा विधायक अमित यादव के खिलाफ जमीन कब्जाने व उसे दान किये गये जमीन को बेचने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन दिया है. आवेदन में लिखा है कि चलकुशा प्रखंड के मौजा-चटखरी, खाता नंबर 17, रकबा में 1.25 एकड़ गैरमजरूआ जमीन है. उक्त विद्यालय के जमीन को बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव द्वारा हड़प कर जमीन को एग्रीमेंट के माध्यम से बेचा जा रहा है. जमीन खरीदने वाले व्यक्तियों ने मकान भी बनाना चालू कर दिया है. ऐसा करने से मना करने पर धमकी दी जा रही है. विधायक के साथ सांठ-गांठ कर जमीन को खरीदने वाले व्यक्ति रामा यादव मारपीट करने के लिए उतारू हो जाते हैं. ग्रामीणों के बच्चों के लिए यह स्कूल शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र साधन है. ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर नीजी निर्माण को रोकने की गुहार लगायी है.



**सोशल मीडिया में वायरल हो रहे पुराने व नए क्लिप्स :** इस आवेदन के बाद वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव व उनके प्रतिद्वंदी पूर्व विधायक के पुत्र में ठन गयी है. सोशल मीडिया में दोनों के प्रशंसक आपस में भीड़ गये हैं. पुराने व नये वीडियों वायरल हो रहे हैं. वाद-विवाद का दौर जारी है.

### सब पॉलिटिकल एजेंडा है: अमित कुमार यादव

इस मामले पर जब वर्तमान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से जानकारी ली गयी तो, उन्होंने कहा कि विद्यालय की जमीन को मेरे पूर्वजों के द्वारा दान में दी गयी थी. हमलोगों के द्वारा इस क्षेत्र में स्कूल, क्लब, स्टेडियम, आंगनबाडी, मंदिर इत्यादि का निर्माण कराया गया है. 9 से 10 एकड़ की जमीन दान में दी गयी है. विद्यालय के पास वाली जमीन को मेरी मां ने रामा यादव को बहुत पहले ही बेच दी थी. पूर्व विधायक के लोगों के द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है. सब पॉलिटिकल एजेंडा है.

### दान की हुई जमीन को कैसे बेच दिया: अजीत यादव

इस मामले में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद के पुत्र अजीत यादव ने कहा कि विधायक अमित यादव ने गलत काम किया है. आप किस आधार पर दान की गयी जमीन, जिसपर विद्यालय का निर्माण किया गया है, उसे किसी को बेच सकते हैं. ऐसे तो जिले व प्रखंड में बहुत सारे विद्यालय दान की हुई जमीन पर बनी हुई है, अगर सब उसपर कब्जा कर बेचेंगे तो छात्र कहां जाएंगे. ये गलत है. मेरे हिसाब से हर बात को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखना चाहिए.

# चिकित्सकों ने किया हाथी का पोस्टमार्टम

संवाददाता।घाटशिला

वन क्षेत्र के कालचिति पंचायत अंतर्गत माकुली गांव के समीप जंगल में मृत नर हाथी का पशुपालन विभाग के चार चिकित्सकों की टीम ने बुधवार को पोस्टमार्टम किया. टीम में शामिल पशु चिकित्सक डॉ राजेश कुमार, डॉ. सिंकेस यादव, डॉ प्रतिमा कुमारी एवं डॉ प्रशांत कुमार ने वन विभाग के पदाधिकारी की उपस्थिति में पोस्टमार्टम किया. बताया गया की हाथी की मौत स्वाभाविक मौत है. मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी विमद कुमार, रेंजर दिग्विजय सिंह, प्रभारी फॉरेस्टर संजय दास सहित अन्य वन रक्षी शामिल थे.



**दो हाथियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में एक की मौत :** ज्ञात हो कि घाटशिला वन क्षेत्र के कालचिति पंचायत अंतर्गत माकुली गांव के समीप घोर जंगल में मंगलवार की दोपहर दो हाथियों के वर्चस्व की लड़ाई में एक नर हाथी की मौत हो गई. हाथी की मौत की घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी को मामले की जानकारी मिलने पर डीएफओ ममता प्रियदर्शी, रेंजर समेत वन विभाग के अन्य कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे, और आस-पास के ग्रामीणों से पूरे घटना की जानकारी ली. ग्रामीणों ने बताया कि दो हाथियों की लड़ाई के दौरान कई पेड़ भी टूट गया. घंटो चली लड़ाई के बाद एक हाथी की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने घटना की जानकारी लेने के बाद मंगलवार की शाम को जमशेदपुर लौट गए. घने जंगल होने के कारण संध्या के समय हाथी का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका.

# गिनीपिग बनाने की तैयारी!

प्रथम दृष्टया यह खबर चौंकाती है कि इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण सफलता पूर्वक किया गया है. विज्ञान के जरिये मानव कल्याण के क्षेत्र में किये गये हर शोध-अनुसंधान का स्वागत ही किया जाना चाहिए. लेकिन संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबोट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं. ध्यान रहे कि यह प्रत्यारोपण किसी सरकारी चिकित्सा शोध संस्थान या विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है. यह प्रत्यारोपण दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने किया है. वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी. वही मस्क, जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं. जाहिर है, मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है. बहरहाल, अभी चिप लगाने की शुरुआत हुई है. आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचने में दशकों लग सकते हैं. वहीं इसके प्रत्यारोपण की प्रक्रिया इतनी खर्चीली होगी कि शायद ही आम आदमी के हिस्से में कभी इसका लाभ आ सके. बहरहाल, हर नये अनुसंधान व शोध का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज मानवता के लिए संहारक न बने. जैसे अल्फ्रेड नोबेल को अपने डायनामाइट के आविष्कार के संहारक होने का अपराध बोध हुआ. उन्होंने इसके चलते विश्व शांति व मानवता को समृद्ध करने वाले विभिन्न विषयों की प्रतिष्ठा के लिये अपनी कमाई से कालांतर नोबेल प्राइज की शुरुआत की थी. बहरहाल, शुरुआती संकेत बताते हैं कि इंसानी दिमाग में चिप लगाने का प्रयास सफल रहा है. इस प्रयोग से इंसानी जीवन में विज्ञान व तकनीक की भूमिका के नये अध्याय की शुरुआत मानी जा सकती है. यह मानव कल्याण के लिये वरदान भी साबित हो सकती है बशर्ते यह निर्मम बाजार का हथियार न बने. वैसे ऐसा भी नहीं है कि न्यूरालिंक इस तकनीक का प्रयोग सफलतापूर्वक करने वाली पहली कंपनी है. इससे पहले इस कंपनी की प्रतिस्पर्धी कंपनी ब्लैकरॉक न्यूरोटेक भी इंसान के दिमाग में चिप प्रत्यारोपण का सफल प्रयोग कर चुकी है. कहा जा रहा है कि इसका लाभ उन लोगों को होगा जो जन्मजात या किसी दुर्घटना तथा बीमारी के चलते अपने कुछ अंगों से वंचित हैं. चिप लगाने के बाद इन लोगों के महज सोचने भर से फोन, कंप्यूटर आदि निर्देशों का पालन करने लगेंगे. किसी बीमारी के चलते किसी व्यक्ति के निष्क्रिय अंग सक्रिय हो सकेंगे. विशेष रूप से मानसिक रोगों, मसलन पार्किंसन व भूलने की बीमारी अल्जाइमर में यह चिप कारगर हो सकती है. इतना ही नहीं अवसाद व विभिन्न लतों से मुक्ति दिलाने में भी इसे सहायक बताया जा रहा है. लेकिन आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये यदि इंसान के दिमाग पर ऐसी चिप के जरिये नियंत्रण के नकारात्मक प्रयास होने लगें तो निस्संदेह, स्थिति खासी विकट हो सकती है.

> बहरहाल, हर नये अनुसंधान व शोध का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज मानवता के लिए संहारक न बने.

## सुभाषित

**पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलमन्नं सुभाषितम्।**
**मूढैः पाषाणखण्डेषु रत्नसंज्ञा प्रदीयते॥**

पृथ्वी पर तीन ही रत्न हैं जल, अन्न और अच्छे वचन. फिर भी मूर्ख लोग पत्थर के टुकड़ों को रत्न कहते हैं, जिससे न तो प्यास मिट सकती है और न ही भूख मिट सकती है और न ही आत्मा को संतुष्टि मिल सकती है.

# लोकतंत्र के आंगन में सत्ता का खेला!

**क्या भारतीय लोकतंत्र केवल संख्याबल के आधार पर चलेगा? लोकतंत्र में संख्याबल के आगे सिर सभी झुकाते हैं, परन्तु विचारों का क्या होगा? क्या अगर केंद्र की सत्ता मजबूत होगी तो संख्यात्मक रूप से कमजोर सरकार उसका शिकार बनेगी? भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में नियम कायदे के अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य परंपरा है, जिसके सहयोग से सहयोगात्मक व्यवस्था उत्पन्न हुई और समयानुकूल उन परंपराओं के आधार पर सरकारें चलीं.**



• देश-काल



डॉ. कौशलेंद्र बटोही

वर्तमान दौर में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर दिये गये प्रसिद्ध भाषण की चर्चा करना आवश्यक है- 'सरकारें आएंगी जाएंगी, पार्टियां बनेंगी बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए, लोकतंत्र रहना चाहिए'. तो वर्तमान परिस्थितियों में ऐसे महान विचारों का क्या हुआ? भारतीय राजनीति के दो खेमों में खेमाबंदी, दोनों के बीच की संवादहीनता, देश के मुद्दों पर भी चर्चा का अभाव चिंताजनक है. भविष्य में यह किस दिशा की ओर राजनीति को लेकर जाएगा, यह कहना अभी संभव नहीं है. अधिकांश राजनीतिक पार्टियां या तो व्यक्ति आधारित हो गई हैं या फिर परिवार आधारित. पार्टियां लोकतंत्र बचाने के नाम पर अपना वजूद और पारिवारिक सदस्यों को बचाने में लगे हैं. देश के जिस भी प्रदेश की बात करें तो यह कहीं न कहीं उस राज्य की राजनीति को प्रभावित करता है और जनमानस की भावना के रूप में उसे अग्रेसित राजनैतिक पार्टियों द्वारा किया जाता है. झारखंड से ही शुरू करते हैं. यहां व्यवस्था के दो पहलू उभरे हैं. एक तो व्यक्ति कितना भी ताकतवर हो, अगर वह भ्रष्टाचार में लिप्त है तो वह भी कानून के सामने बराबर है और बच नहीं सकता. यह लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा स्थापित कार्यपालिका एवं न्यायपालिका की गतिशीलता एवं उत्तरदायित्व का बोध उसके मतदाताओं एवं देश के नागरिकों को कराता है.

दूसरा क्या भारतीय लोकतंत्र केवल संख्याबल के आधार पर चलेगा? लोकतंत्र में संख्याबल के आगे सिर सभी झुकाते हैं, परन्तु विचारों का क्या होगा? क्या अगर केंद्र की सत्ता मजबूत होगी तो संख्यात्मक रूप से कमजोर सरकार उसका शिकार बनेगी? भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में नियम कायदे के अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य परंपरा है, जिसके सहयोग से सहयोगात्मक व्यवस्था उत्पन्न हुई और समयानुकूल उन परंपराओं के आधार पर सरकारें चलीं. इसमें कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार अपने देश में संस्थागत हो चुका है और वह नासूर हो गया है. उसको व्यवस्था में नियंत्रित करने के लिए हर तरह की कार्रवाई होनी चाहिए. परन्तु क्या ये कार्रवाइयां विपक्ष के नेताओं पर ही होगी? क्या भाजपा से जुड़े लोग एवं सरकार पूर्णत भ्रष्टाचाररहित है? अगर आप ईमानदार हैं तो ईमानदार दिखना भी चाहिए.

यह हो सकता है कि भारत सरकार साफ एवं नेक नीयत से ही यह सब कार्रवाइयां कर रही है और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कर रही है. सफलता भी मिल रही है, परन्तु समाज की राजनैतिक लड़ाई की तरह समस्त कारवाइयाँ प्रतित हो रही है. अब महाराष्ट्र शांत हो गया, छत्तीसगढ़ में सत्ता बदलते ही केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयां नियंत्रित हो गई हैं, अभी झारखंड और दिल्ली में ताबड़तोड़ कारवाई हो रही है, सरकार बदलते ही लालू परिवार पर फिर से कार्रवाई शुरू हो गयी है.

इसमें कोई दो राय नहीं कि इन पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप हैं और एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई के माध्यम से न्यायालय में सिद्ध भी किया है, परन्तु छापेमारी की तारीख, जगह एवं व्यक्ति से नीयत पर शंका जरूर पैदा हो जाती है. पार्टी तोड़कर सत्ता के लिए रोज बनते नये गठबंधन, पार्टी तोड़कर बनती राज्य सरकारें अपने भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप नहीं हैं. पार्टियां तोडना, उनको मान्यता दिलवाना नित्य नये हथकंडे का उपयोग करना यह भारतीय लोकतंत्र की परंपरा नहीं रही है. इन सारी घटनाओं में दोनों पक्ष शामिल हैं. समस्त राजनैतिक पार्टियों की 'हम्माम में सभी नंगे हैं' वाली स्थिति है. इस संख्या के खेल से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ तो लोकतंत्र के मूल्यों एवं विचार- धाराओं का. उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की वर्तमान सरकार को ही लें. वह किस विचारधारा की सरकार है, किन किन पार्टियों की सरकार है, वहां बस सरकार चल रही है. महाराष्ट्र से बिहार आते ही नीतीश कुमार के लोकतांत्रिक नंगापन का नायाब उदाहरण है. नीतीश कुमार किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं? समाजवादी हैं या रामवादी है? लोहियावादी, साम्यवादी या धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक हैं? पता नहीं, क्योंकि हर साल बिहार के विकास के नाम पर सबके साथ गठबंधन बना लेते हैं. इसलिए किस विचारधारा का माना जाएगा. अगर विचारधारा के आधार पर बात करेंगे तो शायद ही कोई राजनैतिक पार्टी होगी, जो समय और परिस्थिति के अनुरूप स्वार्थवश आपस मे गठबंधन कर सत्ता की मलाई न खाई हो. यही हेमंत सोरेन भाजपा से गठबंधन में रह चुके हैं और वर्तमान में कांग्रेस के साथ है, तो किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व हुआ. यह भी अपने अनुसार चयनात्मक विचारधारा हो गया. जैसे भारत में नेताओं का अपनी जाति का प्रयोग चयनात्मक है. वैसे ही विचारधारा भी हो गया है.

जब सत्ता का सुख भोगना हो तो राज्य का विकास, उसकी विचारधारा की रक्षा की बात ध्यान में आ जाता है और जैसे ही नेताओं को अपने कर्मों की सजा, भ्रष्टाचार के आरोप आते हैं, कार्रवाइयां होती हैं उसे जाति कि अस्मिता से जोड़ते ही समाज को जोड़ते हैं अपने कर्मों के लिए. शायद ही कोई राजनैतिक दल है, जिसने भाजपा या कांगेस के साथ गठबंधन कर सरकार न चलाई हो . समाजवाद, एकात्मवाद, लोहियावाद, साम्यवाद, साम्राज्यवाद, अल्पसंख्यकवाद या किसी का भी प्रतिनिधि करें, सब सारे चोला उतार कर सत्तावाद में समाहित हो जा रहे हैं. परिणामस्वरूप इस सत्तावाद ने विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है. वर्तमान दौर में एक और मुद्दा को राज्यवाद भी कहा जा सकता है. वह पुनः विकसित हो गया है और यह राज्यपालवाद केंद्रीय सत्ता की मजबूती का द्योतक है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## आधा किलो आटा

एक नगर का सेठ अपार धन सम्पदा का स्वामी था. एक दिन उसे अपनी सम्पत्ति के मूल्य निर्धारण की इच्छा हुई. उसने तत्काल अपने लेखा अधिकारी को बुलाया और पूछा- "कुल कितनी सम्पदा है?" लेखाधिकारी नें कहा – "सेठ जी, मोटे तौर पर कहूँ तो आपकी सात पीढ़ी बिना कुछ किए धरे आनन्द से भोग सके इतनी सम्पदा है आपकी." लेखाधिकारी के जाने के बाद सेठ चिंता में डूब गए, 'तो क्या मेरी आठवी पीढ़ी भूखों मरेगी?' वे रात दिन चिंता में रहने लगे. सेठानी द्वारा बार बार तनाव का कारण पूछने पर भी जवाब नहीं देते. सेठानी ने मन स्थिरता व शान्ति के किए साधु संत के पास सत्संग में जाने को प्रेरित किया. सेठ सीधा संत समागम में पहुंचा और कहा- "महाराज मेरे दुख का तो पार नहीं है, मेरी आठवीं पीढ़ी भूखों मर जाएगी. कृपया कोई उपाय बताएं कि मेरे पास और सम्पत्ति आए और अगली पीढ़ियां भूखी न मरे." संत ने समस्या समझी और बोले- "इसका तो हल बड़ा आसान है. ध्यान से सुनो सेठ, बस्ती के अन्तिम छोर पर एक बुढ़िया रहती है, एक दम कंगाल और विपन्न. उसके न कोई कमानेवाला है और न वह कुछ कमा पाने में समर्थ है. उसे मात्र आधा किलो आटा दान दे दो. अगर वह यह दान स्वीकार कर ले तो तुम्हारी समस्त मनोकामना पूर्ण हो जाएगी." सेठ को सब्र कहां था, घर पहुंच कर सेवक के साथ क्वीन्टल भर आटा लेकर पहुंच गया बुढ़िया के झोपडे पर. सेठ ने कहा- "माताजी मैं आपके लिए आटा लाया हूं इसे स्वीकार कीजिए." बूढ़ी मां ने कहा- "बेटा आटा तो मेरे पास है, मुझे नहीं चाहिए." सेठ ने कहा- "फिर भी रख लीजिए." बूढ़ी मां ने कहा- "क्या करूंगी रख के मुझे आवश्यकता नहीं है." सेठ ने कहा- "अच्छा, कोई बात नहीं, क्विंटल नहीं तो यह आधा किलो तो रख लीजिए." बूढ़ी मां ने कहा- "बेटा, आज खाने के लिए जरूरी आधा किलो आटा पहले से ही मेरे पास है, मुझे अतिरिक्त की जरूरत नहीं है." सेठ ने कहा- "तो फिर इसे कल के लिए रख लीजिए." बूढ़ी मां ने कहा- "बेटा, कल की चिंता मैं आज क्यों करूँ, जैसे हमेशा प्रबंध होता है कल के लिए कल प्रबंध हो जाएगा" बूढ़ी मां ने लेने से साफ इन्कार कर दिया. सेठ की आंख खुल चुकी थी, एक गरीब बुढ़िया कल के भोजन की चिंता नहीं कर रही और मेरे पास अथाह धन सामग्री होते हुए भी मैं आठवी पीढ़ी की चिन्ता में घुल रहा हूँ. मेरी चिंता का कारण अभाव नहीं तृष्णा है.

# तेजी से बढ़ रहा है भारत का वैश्विक महत्व

• आर्थिकी

सुरेश सेठ

वर्ष 2014 में जो भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों में दसवें पायदान पर था. आज वह न केवल पांचवें पर पहुंचा, बल्कि ताजा आंकड़ों के अनुसार हमारी अर्थव्यवस्था चार लाख अरब डॉलर की हो गई है. शीघ्र ही इसे 5 लाख अरब के लक्ष्य तक पहुंचा दिया जाएगा. 2047 अर्थात् जब हम अपनी स्वाधीनता का शतक मनाएंगे तो विश्वास है हमारा देश विकसित भारत कहलाएगा. भारत की आबादी दुनिया में सबसे अधिक हो गई. इस कारण हमारी श्रमशक्ति भारत की आर्थिकता का बहुत बड़ा बल है.लेकिन आज भी यह उपेक्षा हमें चौंकाती है कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद में हमें अपना देय नहीं मिलता. सुरक्षा परिषद में उन्हीं पांच बड़े देशों के पास वीटो पावर है, जिनके पास आज से पौन सदी पहले थी. इसके अतिरिक्त न केवल भारत बल्कि तीसरी दुनिया के देशों और अफ्रीकी देशों को भी इस विश्व मंच पर स्थान मिलना चाहिए, यह बात भारत ही नहीं, पश्चिमी देशों में से फ्रांस और ब्रिटेन भी दोहरा रहे हैं. अभी ब्रिटिश पत्रकार मार्क अरबन ने एक और बात की ओर ध्यान दिलाया कि भारत केवल एक उभरती हुई महान आर्थिक शक्ति ही नहीं, बल्कि स्वावलम्बी सैन्य शक्ति भी बनता जा रहा है. उसकी जल, नभ और थल सेना जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य भारत ही नहीं, दुनिया के लिए निभा रही है. अरबन बोले, भारत कैसे अदन की खाड़ी और लाल सागर में संकट के समय उभरकर आया. उधर अमीरात में मौजूद विशेषज्ञों ने अदन में भारतीय नौसेना की कार्रवाई को सराहा है. नौसेना ने बताया कि 26 जनवरी को व्यापारिक जहाज लुआंडा पर अदन की खाड़ी में हुए हमले के समय बचाव की कार्रवाई तुरंत की गई. नौसेना ने हूती आतंकियों के ड्रोन हमलों का सामना किया. यूरोप के इतिहासकार मार्टिन सॉरबेरी लिख रहे हैं कि महाशक्ति का उदय हो रहा है. भारतीय नौसेना द्वारा लाल सागर में समुद्री लुटेरों पर काबू पाया जा रहा है.एक नया सत्य इस क्षेत्र में उभरकर आ रहा है, जिसके प्रति निवेशक और उत्पादक दुनिया के कोने-कोने से उत्साहित हो रहे हैं. अब निवेश की सुरक्षित और लाभदायक जगह चीन नहीं, है, उसकी तो आर्थिकता इस समय लड़खड़ा रही है. भारत एक ऐसी शक्ति के रूप में उभरकर सामने आ रहा है, जिसने विश्वव्यापी मंदी का रुख मोड़ दिया. मोदी जी ने भी भारत को एक सूत्र में बांधने वाली धार्मिक आस्था और भरोसेमंद न्यायप्रणाली के उभरने की बात अपने पिछले मन की बात कार्यक्रम में की है. निस्संदेह, भारत ने पिछले दशक में तेजी से तरक्की की है. इसके बावजूद भारत को विश्व मंच पर वह स्थान क्यों नहीं मिल रहा, जो उसे मिलना चाहिए.विश्व मंच में संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद के महत्व को कौन नकार सकता है. इस बीच दुनिया का चेहरा-मोहरा तेजी से बदल गया है. इस तेजी से बदलते माहौल में निश्चय ही भारत और तीसरी दुनिया के आजाद हुए नये देशों का महत्व तो बढ़ा ही है, अफ्रीकी देशों की प्रगति को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत और इन देशों को पूरा महत्व क्यों नहीं मिलता? जबकि ये दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपने देशों में बसाते हैं. भारत ने बार-बार अपनी क्षमता को सिद्ध किया है. जी20 देशों के शिखर सम्मेलन जब एक साल में भारत में हुए तो निश्चय ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गरिमा प्राप्त हुई. इससे पहले कोरोना की महामारी का मुकाबला भारत ने सफलता के साथ किया. भारत निर्मित कोरोना के टीके दुनिया को मौतों के दुर्भाग्य से बचा सके. इसके अतिरिक्त भारत अब तेजी के साथ अपनी आयात आधारित अर्थव्यवस्था का मिजाज बदलकर उसे निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बना रहा है. लेकिन सबसे बड़ी चुनौती की बात ऊर्जा संकट से निपटने की उसकी असफलता और पेट्रोल व डीजल के घरेलू उत्पादन में उपलब्धि न होकर 85 प्रतिशत इन ऊर्जा साधनों को अभी भी विदेशों से आयात करते जाना पूरे के पूरे संतुलन को बिगाड़ देता है. रुपये का मूल्य डॉलर और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले में गिरने लगता है. भारत अब कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर न रहकर उद्योग और निर्माण अर्थव्यवस्था का रुख ले रहा है. अभी देश के पर्यटन क्षेत्र के विकास के जो कदम उठाए गए हैं, वो भी उसे अंतर्राष्ट्रीय नक्शे में गौरवपूर्ण स्थान दे रहे हैं.निश्चय ही भारत के शासन के स्थायित्व के कारण दुनिया का रुख उसके प्रति बदल रहा है. भारत की वैश्विक साख में वृद्धि हुई है. दुनिया भी जानती है कि लोकतांत्रिक राजनीति के स्थायित्व के कारण भारत तेजी से बड़ी आर्थिक शक्ति बनता जा रहा है.

> सुरक्षा परिषद में उन्हीं पांच बड़े देशों के पास वीटो पावर है, जिनके पास आज से पौन सदी पहले थी. इसके अतिरिक्त न केवल भारत बल्कि तीसरी दुनिया के देशों और अफ्रीकी देशों को भी इस विश्व मंच पर स्थान मिलना चाहिए, यह बात भारत ही नहीं, पश्चिमी देशों में से फ्रांस और ब्रिटेन भी दोहरा रहे हैं.

# गाजा में मानवाधिकारों की रक्षा का सवाल

• देशांतर

एस. चक्रवर्ती

यूरोपीय संघ के देश जो स्वतंत्रता और लोकतंत्र की बात करते हैं और मानवाधिकारों की रक्षा के मामले में खुद को अमेरिका सहित दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं, ने लगभग चार महीने से जारी इजरायल-हमास युद्ध में अपना असली रंग दिखा दिया है. दक्षिण अफ्रीका द्वारा तेल अवीव पर 26 जनवरी को जारी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के आदेश की अनदेखी करने का आरोप लगाने के बाद, क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा में इजरायल के सैन्य हमले में 27,000 से अधिक लोग मारे गये हैं. तब से, इजरायल ने न केवल आईसीजे के आदेश का उपहास किया बल्कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की हत्याओं को जारी रखकर प्रतिशोध के तहत इसे भी नजरअंदाज भी किया. ऐसा पता चला है कि आदेश जारी होने के बाद से इज़रायली हत्याओं की संख्या 1100 से अधिक हो गई है. दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री नलेदीपंडोर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इज़रायल द्वारा नागरिकों की हत्या को रोकने के लिए 'वैश्विक समुदाय के सामने अन्य उपायों का प्रस्ताव करने पर विचार करेगा'. उन्होंने कहा कि आईसीजे के फैसलों को नजरअंदाज कर दिया गया है क्योंकि इजरायल का मानना है कि उसे कोई भी कार्रवाई करने का लाइसेंस मिल गया है. उन्होंने कहा कि यह खतरा है कि अगर बड़े देशों ने इज़रायल के खिलाफ कोई निवारक उपाय नहीं किया तो बड़ी संख्या में नागरिक हताहत होंगे. 1994 के रवांडा नरसंहार जैसी संख्या हो सकती है.अदालत का फैसला इज़रायल पर बाध्यकारी है, अगर वह आदेशों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसे सैद्धांतिक रूप से संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है, हालांकि किसी भी सजा पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वीटो किया जाना लगभग तय है. अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह इज़रायल को हत्याएं रोकने के लिए मनायेगा. यूरोपीय संघ के अन्य देश अमेरिका का अनुसरण कर रहे हैं. ब्रिटेन पहले से ही हथियार भेज रहा है और फ्रांस भी इज़रायली हत्याओं पर चुप्पी साधे हुए है.दक्षिण अफ्रीका भी इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में दायर एक मामले को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं. आईसीसी ने पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जारी युद्ध के दौरान यूक्रेन से बच्चों को निकालने के संबंध में युद्ध अपराधी करार दिया था. गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया और राष्ट्रपति पुतिन इसके कारण जी-20 बैठक के लिए भारत नहीं आ सके.जहां तक यूरोप की बात है तो इज़रायल यूरोपीय यूनियन के नेताओं के विचारों का तब तक ख्याल नहीं रखता जब तक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को वाशिंगटन का समर्थन प्राप्त है और यूरोपीय यूनियन यह जानता है कि उसके अरब देशों के साथ अच्छे आर्थिक संबंध हैं लेकिन फिर भी इस इज़रायल-हमास युद्ध के मुद्दे पर, यूरोपीय संघ के देश प्रभावी रूप से अमेरिकी सरकार के पिछलग्गू सेवक के रूप में व्यवहार कर रहे हैं.

ब्रुसेल्स में मिस्र के विदेश मंत्री समेहशौकरी और यूरोपीय संघ के विस्तार आयुक्त ओलिवरवर्हेली के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान बोरेल ने कहा कि 'इजरायल के पास फिलिस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय के लिए वीटो का अधिकार नहीं हो सकता है.' लेकिन इस टिप्पणी का यूरोपीय संघ सरकारों की कार्रवाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा.अल-अक्सा बाढ़ ऑपरेशन के तुरंत बाद, जर्मन चांसलरओलाफस्कोल्ज़, इतालवी प्रधानमंत्री जोर्जियामेलोनी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएलमैक्रॉन सहित यूरोपीय नेता, डच प्रधानमंत्री मार्करुटे के शब्दों में, तेल अवीव पहुंचे. उन्होंने दोहराया कि 'इज़रायल को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है.' तुरंत, यूरोपीय संघ की सरकारों ने सैन्य और खुफिया सहायता बढ़ा दी, यह जानते हुए भी कि इज़रायल हमास को खत्म करने के नाम पर फिलिस्तीनियों का नरसंहार कर रहा है.'2 नवंबर तक, जर्मन सरकार ने इज़रायल को लगभग 303 मिलियन यूरो ($323 मिलियन) मूल्य के रक्षा उपकरणों के निर्यात को मंजूरी दे दी है, 'रॉयटर्स ने रिपोर्ट की, इस बड़ी राशि की तुलना 32 मिलियन यूरो मूल्य के रक्षा निर्यात से करते हुए जिसे 2022 में बर्लिन द्वारा अनुमोदित किया गया था. यह सिर्फ एक उदाहरण है. शिपमेंट जारी है और जर्मन हथियार निर्माता यूरोपीय संघ के देशों के अन्य आपूर्तिकर्ताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं.

> दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री नलेदीपंडोर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इज़रायल द्वारा नागरिकों की हत्या को रोकने के लिए 'वैश्विक समुदाय के सामने अन्य उपायों का प्रस्ताव करने पर विचार करेगा'. उन्होंने कहा कि आईसीजे के फैसलों को नजरअंदाज कर दिया गया है, क्योंकि इजरायल का मानना है कि उसे कोई भी कार्रवाई करने का लाइसेंस मिल गया है.

## मीडिया में अन्यत्र

# चंडीगढ़ में लोकतंत्र का मजाक

**चंडीगढ़** के मेयर का जिस ढंग से चुनाव हुआ, उस पर सुप्रीम कोर्ट की चुभती टिप्पणी से यह शक पक्का हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज सोनकर की जीत हेराफेरी से हासिल की गयी. चुनाव प्रक्रिया का वीडियो फुटेज देखने के बाद, भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इसे स्तब्धकारी पाया, क्योंकि खुद पीठासीन अधिकारी बैलेट पेपरों को विरूपित (खराब) करते नजर आये. मुख्य न्यायाधीश ने इसे 'लोकतंत्र का मजाक' करार दिया. 30 जनवरी को चुनाव भाजपा के पक्ष में घोषित किये जाते ही बहुत से लोगों ने इसे प्रहसन बताया था, क्योंकि निर्वाचित पार्षदों द्वारा डाले गये आठ वोट अवैध करार दिये गये थे. 30 जनवरी को चुनाव भी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर हुआ. पहले यह चुनाव 18 जनवरी को होना था, लेकिन अंतिम क्षणों में इसे 6 फरवरी के लिए टाल दिया गया, क्योंकि एक नामित पार्षद और भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी अनिल मसीह कथित तौर पर बीमार पड़ गये. हालांकि, अदालत के हस्तक्षेप की बदौलत 30 जनवरी की तारीख तय हुई. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का आरोप है कि चुनाव केवल इसलिए टाला गया था क्योंकि दोनों पार्टियां, जो मिलकर लड़ रही थीं और जीतने वाली थीं. निगम में आप के 13 और कांग्रेस के सात सदस्य हैं, लेकिन आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार को केवल 12 वोट मिले और आठ वोट अवैध घोषित कर दिये गये. सोनकर 16 वोट के साथ विजयी घोषित किये गये. मेयर का चुनाव 35 निर्वाचित पार्षदों और चंडीगढ़ के सांसद द्वारा किया जाता है. ऐसे अपेक्षाकृत छोटे निर्वाचित निकाय के लिए अपना मेयर चुनने का सरल तरीका यह है कि संबंधित उम्मीदवारों के पक्ष में सदस्य या तो हाथ उठायें या खड़े हो जाएं. लेकिन उन्हें अपनी पसंद मत पर्चियों के जरिये दर्ज करनी पड़ी, जो बताता है कि संभावित क्रॉस-वोटिंग का संदेह था. इस प्रक्रिया को संदिग्ध बनाने वाली चीज यह थी कि चुनाव के पीठासीन अधिकारी मसीह पर उम्मीदवारों को 'अवैध' मतपत्र नहीं दिखाने का आरोप लगाया गया. नतीजतन, कोई ठीक-ठीक नहीं जानता कि ये वोट, जिन्हें शायद आप उम्मीदवार को गया होना चाहिए था, अवैध क्यों करार दिये गये. शीर्ष अदालत ने मतत्रों और रिकॉर्ड को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार-जनरल को सुपुर्द करने और निगम की प्रस्तावित बैठक अगले आदेश तक स्थगित रखने का आदेश देकर बिल्कुल सही कदम उठाया है. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


# मंथ/मंथन/मंथर

**यदि** आपसे पूछा जाये कि मंथ का मतलब क्या होता है तो आपके मानस पटल पर अंग्रेजी के एमओएनटीएच अक्षर उभर जायेंगे और आप धड़ल्ले से कह देंगे-महीना. क्या आप जानते हैं मंथ शब्द अंग्रेजी में ही नहीं, संस्कृत में भी होता है? हिंदी शब्दसागर के अनुसार संस्कृत वाले मंथ का अर्थ है मथना, बिलोना, हिलाना, क्षुब्ध करना, मर्दन, मलना, मारना, व्यस्त करना, कंपन, एक प्रकार की पीने की वस्तु जो कई द्रव्यों को एक साथ मथकर बनाते हैं, दूध या जल में मिलाकर मथा हुआ सत्तू, मथानी, वह औजार जिससे कोई पदार्थ मथा जाता है, मृग की एक जाति का नाम, सूर्य, सूर्यरश्मि, सूर्य की किरण, घर्षण से अग्नि उत्पन्न करनेवाला यंत्र, आंख का एक रोग जिससे आंखों से पानी या कीचड़ बहता है, एक प्रकार का रोग जो बालरोग के अंतर्गत माना जाता है. यहां यह बता देना आवश्यक है यह बाल रोग ज्वर में घी खाने और पसीना रोकने से होता है. इसमें रोगी को दाह, भ्रम और मतली जैसी परेशानी का सामना करना पड़ता है और प्यास अधिक लगती है. नींद नहीं आती, मुंह लाल हो जाता है और गले के नीचे छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं. कभी कभी अतिसार भी होता है. मंथ शब्द से बना है मंथक, जिसका मतलब है मथनेवाला, वहीं मंथज का अर्थ है नवनीत, मक्खन. मंथ से ही बनता है मंथन. एक पौराणिक कथा के अनुसार देवों और दानवों ने मिल कर क्षीर सागर का मंथन किया था तो चौदह रत्न निकाले थे. इसका अर्थ है मथना, बिलोना, अवगाहन, मथानी, रगड़ से आग पैदा करना. अगला शब्द है मंथर. इसका संज्ञा पुल्लिंग के रूप में अर्थ है बाल का गुच्छा, खजाना, फल, बाधा, अवरोध, रोक, मथानी, कोप, गुस्सा, दूत, गुप्तचर, बैशाख का महीना, दुर्ग, भंवर, मक्खन. वहीं मंथर का विशेषण के रूप् में अर्थ है मंद, सुस्त, जड़, मंदबुद्धि, भारी, स्थूल, झुका हुआ, टेढ़ा, नीच, अधम, सूचक. मंथरगति धीमी चाल को कहते हैं.

# ये हैं सदाबहार और सुटेबुल कैरेक्टर

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'



हमारे रामभरोसे जी सबको प्रिय हैं. कल हमारे यहां उन्होंने चाय पी. चाय के दौरान बातें होती रहीं.उन्होंने कहा- 'देश का भगवाकरण होकर रहेगा.' हमने जिज्ञासा से उनको ताका. दो शब्द कहे-'और संविधान.........' 'संविधान का तो जी प्रभु की मूरत की तरह हाल है. जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत तिन निरखही तैसी.' हम घनघोर चिंतन में डूब गये. देश को रसातल में जाने से कोई नहीं रोक सकता. हमारा मन उस दिन काम पर जाने का भी नहीं था, लेकिन जाना तो था ही. रामभरोसे जी लंच के समय भुपाली जी के घर पर बिरियानी खा रहे थे. उनके विचार काफी मोहक थे-'दो सालों में देश का जो विकास हुआ है, वह सत्तर सालों में नहीं हुआ. मैं पूछता हूं कभी अमेरिका ने आपको पाकिस्तान पर तरजीह दी थी. नहीं न. फिर? पूरे विश्व में मोदी जी की जय-जयकार हो रही है. रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं. ' बिरियानी के साथ शब्दों को चबाने का अलग ही स्वाद है. यह रामभरोसे जानते हैं. शाम के समय बाजार में दुकानदार से लड़ रहे थे—'यह क्या गुंडागर्दी है. किसान से बीस रुपये किलों टमाटर खरीदकर साठ की बेच रहे हो. लूट मचा रखी है.' दुकानदार सफाई दे रहा था-'ऐसा नहीं है साब जी. हम तो पचास का किलो ही लाते हैं. हम किसानों के पास नहीं जाते हमें तो मंडी से माल लेना होता है.' रामभरोसे जी महंगाई को लेकर आंसू बहाते रहे. उनकी श्रीमती जी ने आगे की शापिंग स्थगित की और घरवापसी कर ली. रामभरोसे जी घर आते ही फेसबुक पर जा विराजे. सुबह से एक सेल्फी नहीं. न ही कोई पोस्ट. तुरंत एक पोस्ट टांक दिया-' भर पेट दाल की पुड़ी और टमाटर की चटनी खाकर लोग महंगाई का रोना फेसबुक पर रोने लगते हैं.' लाईक और कॉमेंट की बरसात होने लगी. रामभरोसे का चोला मगन हो गया. यानी रामभरोसे जी जो हैं वह एक सुटेबुल कैरेक्टर हैं. उनको कष्ट नहीं होने वाला. उपाध्याय जी के यहां बैठे हैं तो उनकी तारीफ कर रहे हैं- 'सर, आपके मुकाबले में तो आधुनिक युग का कोई लेखक टिकता नहीं दिखता. आपने जिस बारीकी से मानवीय गुत्थियों का चित्रण अपनी कहानियों में किया है. वह अद्भुत है. प्रेमचंद के बाद हिन्दी साहित्य में ऐसा सूक्ष्म लेखन किसी का नहीं है.' उपाध्याय जी समझ रहे हैं कि बंदा दून की हांक रहा है. खजूर पर चढ़ाकर गिरायेगा, लेकिन मजबूर हैं. प्रशंसा में नशा होता है. वह तरी हो रहा है.

# लाइफ लाइन

# मैराथन दौड़ में चोट की रोकथाम और तैयारी के लिए एक गाइड



डॉ निर्मल कुमार
खेल चोट सर्जन
मेडिका ,रांची

स्पोर्ट्स इंजरी सर्जन के रूप में, मैंने पूरे झारखंड में विभिन्न फिटनेस स्तरों वाले व्यक्तियों के बीच मैराथन में बढ़ती भागीदारी की उत्साहजनक प्रवृत्ति देखी है. हालांकि रुचि में यह वृद्धि सराहनीय है, इसने संभावित चोटों, विशेषकर घुटनों और टखनों से बचने के लिए पर्याप्त तैयारी के महत्व को भी प्रकाश में लाया है. इसके आलोक में, मैं आपको मैराथन के लिए प्रशिक्षण के दौरान प्रभावी ढंग से तैयारी करने और चोटों के जोखिम को कम करने में मदद करने के लिए कुछ टिप्स साझा करना चाहूंगा-



## 1. जरा धीरे-धीरे

शुरुआत में जल्द बाजी से बचें. धीरे धीरे अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाएं. बेहतर हो कि एक प्रबंधनीय दूरी से शुरुआत करें और प्रत्येक सप्ताह धीरे-धीरे अपना माइलेज बढ़ाएं. इससे आपके शरीर को दौड़ने की बढ़ती मांगों के अनुकूल होने की अनुमति देता है, और चोटों की आशंका कम हो जाती है.

## 2. ताकत के लिए प्रशिक्षण

ताकत बढ़ाने के लिए वैसे एक्सरसाइज कीजिए जो आपके घुटनों और टखनों के आसपास की मांसपेशियों को टार्गेट करते हैं. इन मांसपेशियों को मजबूत करने से अतिरिक्त सपोर्ट और स्टैबिलिटी मिलती है. इससे आपके दौड़ने के दौरान चोट लगने की आशंका कम हो जाती है.

## 3. आरामदायक जूते

अच्छी गुणवत्ता वाले दौड़ने वाले जूतों में निवेश करें जो जो प्रॉपर सपोर्ट और कुशनिंग देते हैं. जूते प्रोफेशनली फिट हों, आर्च प्रकार और पैरों के औंधी स्थिति के अनुकूल हो, इसके लिए स्पोर्ट्स जूतों के स्पेशल स्टोर में जाएं. घिसे-पिटे या अनुचित जूते चोट लगने का कारण बन सकते हैं, इसलिए अपने जूते नियमित रूप से बदलें.

## 4. अपने शरीर की सुनें

असुविधा, दर्द या थकान के किसी भी लक्षण पर ध्यान दें. इन संकेतों को नज़रअंदाज़ करने से अत्यधिक उपयोग से चोट लग सकती है. यदि आप लगातार दर्द का अनुभव करते हैं, तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना महत्वपूर्ण है.

## 5. उचित वार्म-अप और कूल डाउन

प्रत्येक दौड़ सत्र को पूरी तरह से वार्म-अप के साथ शुरू करें. इसमें आपकी मांसपेशियों और जोड़ों को गतिविधि के लिए तैयार करने के लिए गतिशील स्ट्रेच शामिल हैं. इसी तरह, रिकवरी और लचीलेपन में सहायता के लिए उचित कूल-डाउन रूटीन के साथ अपनी दौड़ समाप्त करें.

## 6. क्रॉस-ट्रेनिंग

कार्डियोवस्कुलर फिटनेस को बनाए रखते हुए अपनी दौड़ने वाली मांसपेशियों को आराम देने के लिए साइकिल चलाना या तैराकी जैसी क्रॉस-ट्रेनिंग गतिविधियां शामिल करें. यह अत्यधिक उपयोग से होने वाली चोटों को रोकने में मदद करता है और समग्र ताकत और कंडीशनिंग को बढ़ावा देता है.

## 7. आराम और रिकवरी

पर्याप्त आराम उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि प्रशिक्षण. अपने शरीर को ठीक होने और मरम्मत करने की अनुमति देने के लिए अपने शेड्यूल में आराम के दिनों को शामिल करें. समग्र स्वास्थ्य लाभ और चोट की रोकथाम के लिए गहरी नींद भी आवश्यक है.

## 8. पानी और पौष्टिकता

हाइड्रेटेड रहें और संतुलित आहार से अपने शरीर को ऊर्जा प्रदान करें. खूब पानी पिएं और पौष्टिक आहार लें. पोषण बेहतर प्रदर्शन और पुनर्प्राप्ति में सहायता करता है.

## 9. व्यावसायिक मार्गदर्शन

किसी खेल चिकित्सक से सलाह लेने पर विचार करें. वे आपके शरीर और जरुरत के अनुसार आपको पर्सनली गाइड करेंगे. आपके दौड़ने के फॉर्म का विश्लेषण कर सकते हैं, और चोटों के जोखिम को कम करने के लिए कुछ विशेष सलाह प्रदान कर सकते हैं.

**याद रखें, मैराथन प्रशिक्षण का लक्ष्य सिर्फ दौड़ पूरी करना नहीं है बल्कि इसे स्वस्थ और टिकाऊ तरीके से पूरा करना है. इन युक्तियों को अपने प्रशिक्षण दिनचर्या में शामिल करके, आप चोटों के जोखिम को कम करते हुए अपने समग्र दौड़ने के अनुभव को बढ़ा सकते हैं. आपको एक पूर्ण और चोट-मुक्त मैराथन यात्रा की शुभकामनाएं!**

### दादी मां के नुस्खे

## सरसों तेल अस्थमा रोग में लाभदायक



अस्थमा का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन सरसों के तेल के इस्तेमाल से इसके लक्षण और असर को कम किया जा सकता है. सरसों के तेल में पाए जाने वाले कॉपर, मैग्नीशियम, आयरन और सेलेनियम जैसे मिनरल्स अस्थमा के इलाज में गुणकारी हैं. इसके लिए गर्म तेल में नमक मिलाकर रोजाना अपनी छाती पर मालिश करें. जल्द ही रात मिलेगी.

### झारखंड के औषधीय वृक्ष

## मलेरिया, चर्मरोग और मधुमेह की दवा है इंद्रजौ और कुटज



झारखंड में और अन्य प्रदेशों में भी इंद्रयव या इंद्रजौ को "कोरैया" नाम से पुकारा जाता है. इसकी फली से जो दाना निकलता है उसे ही इंद्रजौ हिंदी, बंगला और गुजराती में कहते हैं और इसके वृक्ष को कोरैया या इंद्रजौ का वृक्ष कहते हैं और इसकी छाल को "कुटज" कहते हैं. इसका फूल सफेद और गुच्छे में आते हैं. आदिवासी क्षेत्रों में इसके फूल का भी सेवन करते हैं. मैं ने भी कई बार सेवन किया है.



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

इंद्रयव का लैटिन नाम हॉलरिना एन्टीडाईसेन्ट्रिका है. इसके तना में घुन नही लगता है इसलिए आदिवासी जन खपडे के घरों में इसका उपयोग घर छाते समय लगाते थे.

लिवर के लिए दवा निर्माता कंपनी इसकी छाल अर्थात कुटज का इस्तेमाल करते हैं. इंद्रयव या इंद्रजौ का उपयोग मलेरिया, चर्मरोग और मधुमेह की दवा बनाने में विशेष रूप में किया जाता है.

इसकी दो प्रजाति को मैंने झारखण्ड में देखा है. एक की फली के शीर्ष भाग जुड़े रहते हैं और दूसरे के अलग-अलग रहते हैं. इसके बड़े वृक्ष अब देखने को नहीं मिलते हैं. कहीं-कहीं एक दो मिल जाते हैं. सामान्यतः अमरुद के वृक्ष के बराबर ही इंद्रजौ का वृक्ष होता है. इसका दोहन अवैज्ञानिक तरीके से किया गया है. झारखंड में, मध्यप्रदेश में घुमने के दौरान जो पाया समझा वह बहुत ही दुखदाई है. इसका व्यापक व्यापार चोर रास्ते से ही होता पाया है. इंद्रजौ के वृक्षों को संरक्षित करने की आवश्यकता है और इस क्षेत्र में मास्टर प्लान तैयार कर काम करने की आवश्यकता है..

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**




# 30 साल के बाद हर पांच साल पर कराएं पैप और एचपीवी टेस्ट

ब्रेस्ट कैंसर के बाद भारत में महिलाएं जिस कैंसर की सबसे अधिक शिकार होती हैं, वह है सर्वाइकल कैंसर. प्रति आठ मिनट पर एक महिला सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी जान गंवाती है. इस साल बजट में 9 से 14 साल तक की लड़कियों को मुफ्त सर्वाइकल कैंसर टीका लगाए जाने की घोषणा की गई है. आइए, सर्वाइकल कैंसर से जुड़े कुछ प्रमुख सवाल और उनपर एक्सपर्ट के जवाब जानें-



डॉ गुंजेश कुमार सिंह
एचओडी, अंकोलॉजी
डिपार्टमेंट, मेडिका, रांची






**सवाल :** एचपीवी संक्रमण होना यानी सर्वाइकल कैंसर होना है?

**जवाब :** सर्वाइकल के लगभग सभी मामले हाई रिस्क वाले ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के संक्रमण से जुड़े हैं, जो यौन संपर्क के जरिए फैलने वाला एक बेहद आम वायरस है. हालांकि एचपीवी वायरस के कई प्रकार होते हैं, जिनमें से कुछ में सर्वाइकल कैंसर का खतरा अधिक होता है और कुछ में नहीं. आमतौर पर शरीर का इम्यूनिटी सिस्टम वायरस को खुद ही खत्म कर देता है. कुछ मामलों में यह शरीर से बाहर नहीं निकलता है, जिससे कैंसर होता है.

**सवाल :** सर्वाइकल कैंसर तभी होता है जब कई पुरुषों से यौन संबंध बनाया जाता है?

**जवाब :** सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के संक्रमण से होता है पर्सनल हाइजिन का ख्याल नहीं रखने पर यह संक्रमण होता है. यही कारण है कि ग्रामीण इलाकों की महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर शहरी महिलाओं की तुलना में अधिक होता है. पुरुषों के प्राइवेट पार्ट में भी यह वायरस हो सकता है. ऐसे में अधिक पुरुषों से संबंध का मतलब है इस रोग का अधिक खतरा.

**सवाल :** सर्वाइकल से बचाव के लिए हर साल पैप टेस्ट कराना जरूरी है.

**जवाब :** अगर आपका पैप टेस्ट और एचपीवी टेस्ट दोनों सामान्य हैं, तो हर साल पैप टेस्ट कराने की कोई जरूरत नहीं है. ऐसी स्थिति में 21-30 वर्ष के दौरान हर तीन साल में पैप टेस्ट कराएं. आयु 30-64 साल की उम्र तक हर पांच साल में पैप और एचपीवी टेस्ट कराएं. 65 और उससे अधिक उम्र में अगर आप यौन रूप से सक्रिय हैं, तो इसे हर 5 साल में टेस्ट करवाएं.

**सवाल :** जो महिलाएं सेक्सुअली एक्टिव नहीं हैं, उन्हें सर्वाइकल कैंसर नहीं होगा?

**जवाब :** यदि साफ-सफाई के अभाव में किसी भी तरीके से बच्चेदानी के मुंह में इस वायरस का संपर्क हो जाता है तो सर्वाइकल कैंसर हो सकता है.

**सवाल :** क्या एचपीवी संक्रमण खुद ही प्राकृतिक तौर पर खत्म हो जाता है?

**जवाब:** बेशक कुछ मामलों में, एचपीवी संक्रमण अपने आप ठीक हो जाता है. कई बार तो इसके कोई लक्षण तक सामने नहीं आते हैं. लेकिन बार-बार और लंबे समय क संक्रमण बने रहने पर इससे सर्वाइकल, पेनिकल और ओरल कैंसर हो सकता है.

**सवाल :** क्या सर्वाइकल कैंसर पीड़िता मां नहीं बन सकती?

**जवाब :** ऐसा नहीं है. प्रोडक्टिव एज में सर्वाइकल कैंसर होने पर अक्सर डॉक्टर अंडों को फ्रीज करने की सलाह देते हैं. अन्य भी कई एडवांस तकनीक हैं. ओवरीज को सर्जिकली बाहर निकाल कर भी रेडिएशन के दुष्प्रभाव को बचाया जाता है.

**सवाल :** अगर सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित हूं तो आज न कल मेरी बेटी को भी यह होगा?

**जवाब :** ब्रेस्ट कैंसर और ओवेरियन कैंसर की तरह सर्वाइकल कैंसर वंशानुगत नहीं होता है. दरअसल इसके लिए मुख्यतः एचपीवी संक्रमण जिम्मेदार होता है. ऐसे में अपनी बेटी को इस संक्रमण से बचाने के लिए, सुनिश्चित करें कि उन्हें 15 साल की आयु से पहले एचपीवी टीका लग जाए.

**सवाल :** सर्वाइकल कैंसर बिना यौन संबंध बनाए अज्ञात कारण से भी हो सकता है?

**जवाब :** ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर एचपीवी वायरस के कारण होते हैं. यह एक यौन संचारित संक्रमण है.

**सवाल :** अगर मुझमें कोई लक्षण नहीं हैं, शारीरिक समस्या नहीं है तो मुझे स्क्रीनिंग कराने की जरूरत नहीं है?

**जवाब :** असामान्य सर्वाइकल सेल पहले कोई लक्षण पैदा नहीं करते हैं. जब स्क्रीनिंग कराई जाती है तो उनकी पहचान की जा सकती है.

**सवाल :** सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन कब लगवानी चाहिए?

**जवाब :** गायनेकोलॉजिस्ट के अनुसार सर्वाइकल कैंसर से बचना है तो वैक्सीन लगवाने का सबसे ज्यादा फायदा 9 से 14 साल तक होता है. हालांकि, 26 साल तक ये वैक्सीन लगवाई जा सकती है.

**सवाल :** क्या 26 साल की उम्र के बाद सर्वाइकल कैंसर का टीका असर नहीं करता है?



**जवाब :** इस उम्र के बाद भी टीका लगवा सकती हैं. तब भी ये एचपीवी वायरस के कई स्ट्रेन से बचा सकती है. लेकिन अगर सबसे ज्यादा फायदा इस वैक्सीन का लेना है तो 9 से 14 साल तक ही इसे लगवा लेनी चाहिए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

- जॉर्डन ने द. कोरिया को 2-0 से हराया
- अल नैमत व तमारी ने दागे एक-एक गोल

**एशियन कप फुटबॉल : खिताब के प्रबल दावेदार को सेमीफाइनल में करना पड़ा हार का सामना**

# दक्षिण कोरिया को हराकर जॉर्डन पहली बार फाइनल में

**भाषा । अल-रेयान (कतर)**

याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियन कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनायी. अहमद बिन अली स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किये जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया. इसके साथ की दक्षिण कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैंपियन बनाने का सपना भी टूट गया. मैच के 53वें मिनट में पार्क योंग-वू से गेंद कब्जाने के बाद तामारी ने अल नैमत को पास दी और इस खिलाड़ी ने दक्षिण कोरिया के गोलकीपर जो हयोन को छका कर टीम का खाता खोला. तमारी ने इसके 13 मिनट बाद टीम के लिए दूसरा गोल कर स्टेडियम में मोजूद प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया. जॉर्डन अपने ग्रुप (ई) में दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए मुश्किल से अंतिम 16 में पहुंचा था.

**कोच क्लिंसमैन ने ली हार की जिम्मेदारी :** खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके दक्षिण कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच हमेशा जिम्मेदार होता है. लक्ष्य फाइनल में पहुंचना था. हम फाइनल तक नहीं पहुंचें. उन्होंने कहा कि हम अपने मौके को भुनाने में नाकाम रहे. हम जॉर्डन को बधाई देते हैं. वे फाइनल में पहुंचने के हकदार थे.



**हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था : कोच अम्मौता**

इस जीत के बाद जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह दक्षिण कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें. मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा. उन्होंने कहा कि हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था. फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैंपियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी.

**टेस्ट रैंकिंग : पहली बार शीर्ष स्थान भारतीय तेज गेंदबाज के नाम**



# शिखर पर बुमराह

**भाषा । दुबई**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए. विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने नौ विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया. वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है. इससे पहले बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं. बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो पिछले 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे. टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गये. बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है. वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है. अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे. इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद 14 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपने शुरुआती दोनों टेस्ट मैचों में 50 रन और पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले दोनों सूची में सुधार करने में सफल रहे. वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 103 से 95वें स्थान जबकि गेंदबाजी में 63वें से 53वें स्थान पर आ गये. इस रैंकिंग में श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेले गये मैच को भी शामिल किया गया है. मैच में आठ विकेट लेने वाले श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थान के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गये है.

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग



केन विलियमसन



रवींद्र जड़ेजा

**बल्लेबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग अंक |
|---|---|---|
| 01 | केन विलियमसन | 864 |
| 02 | स्टीव स्मिथ | 818 |
| 03 | जो रूट | 797 |
| 04 | डेरिल मिशेल | 786 |
| 05 | बाबर आजम | 768 |

**ऑलराउंडर**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग अंक |
|---|---|---|
| 01 | रवींद्र जड़ेजा | 416 |
| 02 | रविचंद्रन अश्विन | 326 |
| 03 | शाकिब अल हसन | 320 |
| 04 | बेन स्टोक्स | 295 |
| 05 | अक्षर पटेल | 286 |

**गेंदबाजी**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग अंक |
|---|---|---|
| 01 | जसप्रीत बुमराह | 881 |
| 02 | कागिसो रबाडा | 851 |
| 03 | रविचंद्रन अश्विन | 841 |
| 04 | पैट कमिंस | 828 |
| 05 | जोश हेज़लवुड | 818 |

**टीम**

| रैंक | टीम | रेटिंग अंक |
|---|---|---|
| 01 | ऑस्ट्रेलिया | 117 |
| 02 | भारत | 117 |
| 03 | इंग्लैंड | 115 |
| 04 | दक्षिण अफ्रीका | 106 |
| 05 | न्यूजीलैंड | 95 |

## ऑलराउंडर्स में टॉप पर जडेजा शीर्ष पांच में तीन भारतीय

टेस्ट में ऑलराउंडर्स रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं भारत के रविंद्र जडेजा. भारत के अक्षर पटेल को दूसरे टेस्ट में अच्छी बल्लेबाजी के कारण ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फायदा हुआ. वह छठे से पांचवें नंबर पर पहुंच गए. अश्विन दूसरे नंबर पर हैं.

### यशस्वी को 37 पायदान का फायदा

बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए. इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है.

### शीर्ष 10 में विराट एकमात्र भारतीय

निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल सके विराट कोहली छठे से सातवें नंबर पर पहुंच गए. वह शीर्ष-10 बल्लेबाजों में शामिल एकमात्र भारतीय हैं. बल्लेबाजों में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे और इंग्लैंड के जो रूट तीसरे नंबर पर हैं. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी एक स्थान की गिरावट के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए.

# लगातार दूसरी बार फाइनल में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप

**भाषा । केपटाउन**

**एसए 20**
- ईस्टर्न कैप ने जरबन को 51 रन से हराया
- शनिवा को खेला जाएगा टूर्नमिंट का फाइनल मुकाबला

ओट्निेल बार्टमैन और मार्को यानसेन के चार- चार विकेट की मदद से गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने डरबन सुपर जाइंट्स को वर्षा बाधित मैच में 51 रन से हराकर लगातार दूसरी बार 'बेतवे एसए20' के फाइनल में प्रवेश कर लिया. फाइनल शनिवार को खेला जायेगा. बारिश के कारण पहला क्वालीफायर करीब एक घंटे तक बाधित रहा लेकिन कोई ओवर कम नहीं किये गए. सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 157 रन बनाये जिसके जवाब में डरबन टीम 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट हो गई. यानसेन ने 16 रन देकर चार विकेट लिये और दूसरे ही ओवर में टोनी डिजोर्जी को आउट करके सनराइजर्स को अच्छी शुरूआत दिलाई लेकिन निर्णायक ओवर बार्टमैन का रहा जिन्होंने चौथा ओवर मैडन डालते हुए दो विकेट लिये. बार्टमैन ने 10 रन देकर चार विकेट चटकाये और इस सत्र में अब तक सर्वाधिक विकेट उनके नाम हैं. उन्होंने पहले मैथ्यू ब्रीज्के को विकेटकीपर ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों लपकवाया. इसके बाद जोन जोन स्मट्स का शानदार कैच मिडआन में एडेन मार्कराम ने लपका. सुपर जाइंट्स की उम्मीदें क्विंटोन डिकॉक के क्रीज पर रहने तक बनी हुई थी लेकिन उन्हें लियाम डॉसन ने शानदार रिटर्न कैच पर पवेलियन भेजा. डॉसन ने वियान मूल्डर (38) को भी डीप में लपकवाया. बार्टमैन ने खतरनाक हेनरिच क्लासेन (23) को विकेट के पीछे लपकवाया जिससे डरबन की सारी उम्मीदें खत्म हो गई. यानसेन ने पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करके उसकी पारी का अंत किया.

# पंत को आईपीएल के पूरे सत्र में खेलने का भरोसा: पोंटिंग

**भाषा । मेलबर्न**

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन



प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिल्हाल विकेटकीपिंग से दूर रह सकता है. पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना गंभीर रूप से चोटिल हुए थे. इसके कारण उन्हें लिगामेंट की सर्जरी करानी पड़ी. पोंटिंग ने कहा कि पंत को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे. वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है.

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है. आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेटकीपिंग करवाना मुश्किल होगा. उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे. हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा.

## लॉरियस पुरस्कार का आयोजन 22 अप्रैल को

**लंदन ।** खेल जगत में बीते साल के यादगार प्रदर्शनों को सम्मानित करने वाले लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार का आयोजन 22 अप्रैल को स्पेन के मैड्रिड में होगा. यह इस पुरस्कार का 25वां सत्र होगा. इस समारोह में खेल की दुनिया के अतीत और वर्तमान के कई बड़े नाम 2023 में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को सम्मानित करने के लिए उपस्थित होंगे. यहां जारी बयान में कहा गया है कि पुरस्कार समारोह मैड्रिड की सबसे प्रतिष्ठित इमारतों में से एक 'पलासियो डी सिबेल्स' में होगा. इस साल पुरस्कारों की दौड़ में स्पेन की महिला फुटबॉल टीम भी होगी, जिसने ऑस्ट्रेलिया में फीफा विश्व कप का खिताब जीता था.

# हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं : जो रूट

**भाषा । विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में



इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से जरूरत के मुताबिक संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है. इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 ये बराबर है. भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अब तक बल्ले से नाकाम रहे रूट ने दूसरे टेस्ट से पहले कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं. यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं. एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं. इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है. मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं. इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही.

## वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच बने पोंटिंग

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया. पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच. उन्होंने ने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है. ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे. इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच खेला जाएगा जुलाई में खेला जायेगा.

# न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को 281 रन से हराया

- श्रृंखला का दूसरा मुकाबला 13 फरवरी से खेला जाएगा
- पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले रचिन बने मैन ऑफ द मैच

**भाषा । माउंट मोनगानुई**



न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन नये खिलाड़ियों के साथ यहां पहुंची दक्षिण अफ्रीका को 281 रनों से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की. कप्तान टिम साउदी ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 179 रन पर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी घोषित कर दी जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 529 रन का लक्ष्य मिला. काइल जैमीसन के चार और मिचेल सैंटनर के तीन विकेट से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी को 247 रन पर समेट दी. इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 511 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 162 रन पर आउट कर 349 रन की बढ़त हासिल की थी. साउथी ने तब फॉलोऑन नहीं करना का फैसला किया और पहली पारी में शतक जड़ने वाले अनुभवी केन विलियमसन ने दूसरी पारी में भी शतक लगाया. टेस्ट में यह उनका 31वां शतक था. लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआती चार ओवर में सलामी बल्लेबाज नील ब्रांड (तीन) और एडवर्ड मोरे (शून्य) के विकेट गंवा दिये. जुबैर हमजा (36) और रेनार्ड वान टोंडर (31) ने 100 मिनट से अधिक समय तक बल्लेबाजी करके दक्षिण अफ्रीका को और किसी नुकसान के बिना लंच तक पहुंचाया. लंच के तुरंत बाद दोनों गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर काइल जैमीसन की गेंद पर आउट हो गए. डेविड बेडिंघम ने 96 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 87 रन की पारी खेलकर टीम के संघर्ष को आगे बढया. उन्होंने कीगन पीटरसन (16) के साथ पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की. बेडिंघम ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की शॉट गेंदों का आक्रामकता से सामना करते हुए अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा. क्रीज पर दोनों की मौजूदगी के समय लगा कि मैच पांचवें दिन खिंच जायेगा लेकिन दिन के आखिरी सत्र में बेडिंघम जैमीसन का तीसरा शिकार बने.

**लोहा मनवाया** | **मां नहीं चाहती थी कि क्रिकेट खेले सचिन पर पिता ने किया सपोर्ट**

# दमदार प्रदर्शन से पिता के सपने को पूरा कर रहे हैं सचिन

**भाषा । नयी दिल्ली**

सचिन धास की पुलिस अधिकारी मां नहीं चाहती थीं कि वह क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करें लेकिन उनके पिता जानते थे कि वह इस खेल के लिए ही बना है. दक्षिण अफ्रीका में खेले जा रहे अंडर-19 विश्व कप में महाराष्ट्र के बीड जिले का यह खिलाड़ी टीम के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरा है. टीम में फिनिशर की भूमिका निभाने वाले सचिन ने 100 से अधिक की स्ट्राइरेट से 294 रन बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. विश्व कप के सेमीफाइनल में जीत के लिए 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 32 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन सचिन (96) ने कप्तान उदय सहारन (81) के साथ पांचवें विकेट के लिए 171 रन की शानदार साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी. उनकी इस पारी से भारत लगातार पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा. सचिन के करियर के शुरुआती दिनों में आकार देने वाले शेख अजहर ने कहा कि हमारे पास यहां (बीड में) केवल आधी पिचें (लगभग 11 गज) हैं. सचिन साढ़े चार साल की उम्र में अपने पिता के साथ जब यहां आये थे तब उन्होंने भी आधी पिचों पर प्रशिक्षण लिया था. इस खिलाड़ी का नाम महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से प्रेरित है और वह मैदान पर तेंदुलकर की तरह 10 नंबर के साथ जर्सी पहनते हैं.

## सचिन तेंदुलकर के नाम पर पिता ने रखा नाम



सचिन के पिता संजय ने कहा कि जब 2005 में उसका जन्म हुआ तो मैंने उनका नाम सचिन तेंदुलकर के नाम पर रखा क्योंकि मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक था, लेकिन वह विराट कोहली को भी बहुत पसंद करता है. उन्होंने कहा कि सचिन का कोई दोस्त नहीं है. मैं ही उसका दोस्त हूं. वह किसी भी शादी या जन्मदिन में नहीं जाता है. मैंने ऐसा कुछ नहीं करने दिया जिससे उसका ध्यान क्रिकेट से हटे. उन्होंने कहा कि उसकी मां पुलिस में है तो वह बहुत अनुशासित है. इस बीच संजय के पास बेटे की शानदार पारी के लिए बधाई देने के लिए लगातार फोन कॉल आ रहे थे. सचिन की मां सुरेखा 2010 में महाराष्ट्र पुलिस से जुड़ी और वह अब सहायक पुलिस निरीक्षक के पद पर है. संजय ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी के तौर पर उनके काम के घंटे तय नहीं हैं और वह कभी नहीं चाहती थीं कि सचिन का पूरा ध्यान क्रिकेट पर रहे. इस बात को लेकर बीच मतभेद थे लेकिन मैं जानता था कि मेरा बेटा क्रिकेटर ही बनेगा. उन्होंने हंसते हुए कहा कि धीरे-धीरे वह समझ गई और अब ड्यूटी के बीच में अपने फोन पर विश्व कप के मैच देखती है.

# पैरालंपिक पर खिलाड़ियों की नजरें

**20 से 25 फरवरी तक होगा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का आयोजन**

**भाषा । मुंबई**

भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 फरवरी तक पटाया में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं. भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियन खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किये थे जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे. महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरूगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था.

**खास बातें**
- पैरा एशियन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने जीते थे 21 पदक
- पटाया में होगा विश्व चैंपियनशिप का आयोजन

मानसी ने प्रायोजक द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हम सभी विश्व चैंपियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं. यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है. उन्होंने कहा कि क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जायेगी. इसलिये यह विश्व चैंपियनशिप हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है. मंदीप ने कहा कि हमें पैरा एशियन खेलों से पहले ट्रेनिंग करने का ज्यादा समय नहीं मिला था. लगातार टूर्नामेंट हो रहे हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप से पहले हमें ट्रेनिंग के लिए करीब दो महीने मिले और हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं. उम्मीद है कि हम अपना शत प्रतिशत देंगे. इक्कीस साल की पलक हड्डी में ट्यूमर से उबर चुकी हैं, उन्होंने कहा कि वह आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हैं. पलक ने कहा कि इस साल मेरा लक्ष्य पेरिस पैरालंपिक है. मैं पेरिस में पोडियम स्थान के अलावा प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रही हूं. उन्होंने कहा कि पिछला साल मेरे लिए वापसी के बारे में रहा था.

### ब्रीफ खबरें

## अगलगी की घटना में जिंदा जला युवक

**पूर्वी चंपारण।** जिले में मलाही थाना क्षेत्र के मलाही नहर के समीप बुधवार को अचानक आग लगने से आधा दर्जन घर जलकर राख हो गये. वही घर में सोये एक गृहस्वामी की जलकर मौत हो गई. आग लगने की इस घटना में करीब आधा दर्जन बकरी व मवेशी की भी जलकर मौत हो गई. सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना में जिंदा जले मृतक की पहचान मलाही गांव के 40 वर्षीय रतन साह के रूप में किया गया है.

## बीजेपी नेता के बेटे की बेगूसराय जेल में मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदेहास्पद अवस्था में मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों ने आरोप लगाया है कि साजिश के तहत उसे मारकर हॉस्पिटल लाया गया है. परिजन इसे संदेहास्पद मौत मानते हुए इसके लिए जेल प्रशासन को जिम्मेवार बता रहे हैं. मृतक कैदी की पहचान मंसूरचक थाना क्षेत्र के समसा गांव के रहने वाले अभिनव कुमार के रूप में की गई है. बताया जाता है कि अभिनव कुमार हत्या के एक मामले में अगस्त 2022 से ही मंडल कारा बेगूसराय में बंद था. मिली जानकारी के अनुसार आज अभिनव जेल के बाथरूम गया, जहां उसकी तबीयत बिगड़ गई.

## पुलिस कस्टडी में कैदी की मौत, हंगामा

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले में एक कैदी की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई है. इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में काफी आक्रोशित है. उन्होंने पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. मिली जानकारी के अनुसार, सरायरंजन थाना क्षेत्र का झखरा निवासी भगवान झा उर्फ टूना झा के खिलाफ जिला न्यायालय से लाल वारंट जारी किया गया था. जिसके बाद सरायरंजन थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात टूना झा को गिरफ्तार किया. लेकिन पुलिस अभिरक्षा में ही टूना झा की मौत हो गई. पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया था.

### राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का बड़ा दावा

# हमारे संपर्क में राजद-कांग्रेस के विधायक

- बोले–पूर्ण बहुमत में सरकार है और फ्लोर टेस्ट में कहीं से कोई दिक्कत नहीं हो रही है

**संवाददाता। पटना**



राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन घटक दल को लेकर कहा है कि जो लोग कहते हैं बिहार में खेला होगा उन्हें पता होना चाहिए कि महागठबंधन घटक दल के कई विधायक हम लोगों के संपर्क में हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली गए हैं. वह अपने काम से दिल्ली गए हैं. प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे. उन्होंने कहा कि हम भी दिल्ली जा रहे हैं, लेकिन हमारी यह यात्रा सामान्य यात्रा है. इस यात्रा में कहीं कोई विशेषता नहीं है. जब उनसे सवाल किया गया कि आप अपने दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के नेताओं से भी मिलेंगे तो उन्होंने कहा कि इसमें कहीं कोई नई बात नहीं है. उन्होंने कहा कि हम यह नहीं कहते कि राजद में टूट होगी या कांग्रेस में टूट होगी, लेकिन हम इतना जरूर जानते हैं कि राजद के विधायक हों या कांग्रेस का विधायक हों कुछ ऐसे विधायक हैं जो एनडीए के नेताओं के संपर्क में हैं. यह बात पहले लोगों को समझना चाहिए. सिर्फ बिहार में फ्लोर टेस्ट को लेकर कुछ से कुछ बयानबाजी विपक्ष में बैठे लोग कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पहले अपने घर को लोगों को देखना चाहिए. उसके बाद ही दूसरे के घर के बारे में बातें करनी चाहिए. बिहार में जो नई सरकार है उसको कहीं से कुछ होने वाला नहीं है, पूर्ण बहुमत में सरकार है और फ्लोर टेस्ट में कहीं से कोई दिक्कत नहीं हो रही है.

## विजय सिन्हा ने संभाला कृषि मंत्रालय का कार्यभार

**पटना।** एडीए की सरकार बनने के बाद बुधवार को विभागीय मंत्री सह उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि विभाग का पदभार ग्रहण किया है. विभाग के अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर उनका कार्यालय में स्वागत किया है. वहीं, पदभार ग्रहण करने के बाद सिन्हा ने कहा कि हमारी तमन्ना है कि बिहार खुशहाल हो और सूबे कि किसान भी खुशहाल हो. बिहार में 77 प्रतिशत लोग अभी भी कृषि पर निर्भर है. किस तरह खुशहाल किसान हो , इसके लिए काम करेंगे. साथ ही कृषि को लेकर अनुसंधान पर ध्यान देने का काम भी करेंगे. कृषि आधारित उद्योग बिहार में ज्यादा से ज्यादा लगे ताकि युवाओं को रोजगार मिले, यह काम भी हम एक मंत्री के रूप में करने का प्रयास करेंगे.

# रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाते दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत

**संवाददाता। बेतिया**



बेतिया में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत हो गई. दरअसल, दोनों रेलवे लाइन पर रील बना रहे थे. इसी दौरान वो ट्रेन की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. दोनों युवक ट्रैक पर रील बनाने और सेल्फी लेने में इतने मशगूल थे कि उनको पीछे से आ रही ट्रेन नहीं दिखी. दोनों के कान में ईयरफोन भी लगा हुआ था. जिस कारण उन्हें ट्रेन की आवाज भी सुनाई नहीं दी. घटना मझौलिया थाना क्षेत्र परसा हाल्ट के असवा बैरागी के समीप रेलवे ट्रैक की है. जहां दो युवक रेलवे ट्रैक पर रील बना रहे थे. इसी दौरान पीछे से सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन जो रक्सौल से दिल्ली जा रही थी इसकी चपेट में आ गए. दोनों युवक की ट्रेन से कटकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई. दोनों मृत युवकों की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र सेनवरिया पंचायत के अमवा बैरागी निवासी कन्हैया कुमार और सूरज कुमार के रूप में हुई है. वहीं ट्रेन से हुए इस हादसे से पूरे इलाके में हड़कंप मची हुई है.

## 26 लाख के नेपाली नोट बरामद, तीन गिरफ्तार

**सीतामढ़ी ।** सीतामढ़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक जाली नोट के कारोबारी गिरोह का पर्दाफाश किया है. मामला जिले के पुपरी थाना क्षेत्र का है, जहां पुपरी बाजार समिति में जाली नोटों के बड़े खेप की डील होने वाली थी. पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद पुपरी एसडीपीओ अतनु दत्ता ने इसकी जानकारी सीतामढ़ी एसपी मनोज कुमार तिवारी को दी. एसपी के निर्देश पर एक पुलिस टीम का गठन करते हुए पुलिस ने पुपरी बाजार समिति से तीन लोगों को हिरासत में लिया. गिरफ्तार युवक से पुपरी थाना की पुलिस ने पूछताछ की, जिसके दौरान दोनों युवकों ने बताया कि पुपरी नगर परिषद वार्ड नंबर 6 निवासी आलोक कुमार के घर पर जाली नोटों को छापा जाता है.

### अविश्वास प्रस्ताव पर विस स्पीकर अवध बिहारी चौधरी बोले-

# जब तक मतदान नहीं होता तब तक वे पद पर बने रहेंगे

**संवाददाता। पटना**

विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने बुधवार को कहा कि इस्तीफा नहीं देंगे. स्पीकर ने अपने खिलाफ लाए अविश्वास प्रस्ताव पर



कहा कि उन्हें बुधवार को इसकी जानकारी मिली है. इसका फैसला विधायक करेंगे. विधानसभा प्रकिया कार्य संचालन नियमावली है. मेरे ऊपर भी अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी मिली है. नियमावली के अनुसार स्पीकर पर सदस्य अविश्वास प्रस्ताव का संकल्प दे देते हैं तो 14 दिन या 14वां दिन तक विधानसभा अध्यक्ष उस पद पर बने रहेंगे. इस पर जिस दिन तक सदन में मतदान नहीं हो जाता है तब तक वे रहेंगे. उन्होंने कहा कि जो नियम प्रक्रिया है और जो कानून कहेगा उसके अनुरूप कार्यवाही करेंगे. प्रक्रिया नियमावली के तहत जो आवश्यक निर्देश रहेंगे उसी के अनुसार कार्यवाही होगी. आगे भाजपा के आरोपों पर उन्होंने कहा कि मैं नियमों को मानने वाला व्यक्ति हूं और नियमानुसार चल रहा हूं और नियमानुसार ही कार्यवाही कर रहा हूं.

**आपका पूरा सहयोग चाहिए :** आगे स्पीकर ने कहा कि एक मार्च तक सत्र शुरू होने जा रहा है. परंपरागत अधिकारियों के साथ बैठक हो गई और इसके साथ ही मीडिया कर्मी के साथ ही बैठक हो गई. इस सत्र में आप लोगों का पूरा-पूरा सहयोग रहे और बढ़िया तरह से आपका शहर से लेकर गांव तक विधानसभा में जो कार्यवाही चलेगी उसकी सूचना जाए इसके लिए आपसे मैं आग्रह करना चाहता हूं. उन्होंने पत्रकारों को कहा कि सेफ कार्यक्रम ऑलरेडी आपके पास सर्कुलेटेड है. उसी के अनुसार कार्यवाही होगी और हम लोगों के यहां तो जो देश के संविधान है उसकी अनुच्छेद के तहत आपके विधानसभा में विधानसभा प्रक्रिया कार्य संचालन नियमावली बनी हुई है. उससे ना हम दाएं जा सकते हैं और ना बाएं जा सकते हैं.

### प्रशांत किशोर ने फ्लोर टेस्ट पर बोले

## जनता झाड़ू मारकर बाहर करे, तब असली खेला होगा



**पटना:** बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले ही सियासत में संकट के बादल मंडराने लगे हैं. इसी बीच प्रशांत किशोर ने बुधवार को नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में कोई भी खेला हो जाए आपको शायद जानकारी हो कि बिहार में 2012 के बाद ये नीतीश का छठा से सातवां प्रयोग है. बिहार में किसी की भी सरकार बन जाए चाहे वो किसी भी फॉर्मेशन में आ जाए. किसी भी तरह का खेला हो जाए, बिहार में परिवर्तन आने वाला नहीं है. बिहार में खेला तो तब होगा जब बिहार की जनता खुद खड़ा होकर जितने भी खेला करने वाले लोग हैं उन्हें झाड़ू मारकर बाहर करेगी तब असली खेला होगा. उन्होंने कहा कि केंद्र में चाहे यूपीए की सरकार हो या प्रधानमंत्री मोदी की सरकार हो. बिहार में नीतीश कुमार चाहे महागठबंधन के साथ रहें या अकेले रहें या फिर भाजपा के साथ रहें इससे बिहार में क्या बदल गया? क्या आज बिहार में बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था अच्छी हुई? बिहार में क्या चीनी मिलें चालू हुई? बिहार के लोगों को रोजगार तो मिला नहीं.

### सरकार से नाराज चल रहे हैं जीतनराम मांझी

# बेटे ने कार्यभार संभाला, कहा-खुश हूं

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र/पटना**

पूर्व सीएम जीतन राम मांझी सूबे में बनी नयी एनडीए सरकार में विभागों के बंटवारे पर नाराज हैं. मांझी लगातार कह रहे हैं कि उनकी पार्टी हम को दो मंत्री पद मिलना चाहिये. जब एक निर्दलीय विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है तो 5 सदस्यों वाली हम पार्टी को 2 मंत्री पद क्यों नहीं? वे अपने बेटे संतोष कुमार सुमन को मिले विभाग पर नाराजगी भी जता चुके हैं. दूसरी ओर मांझी के बयानों से उनके बेटे ही सहमत नहीं हैं. बेटे ने मंगलवार को अपने विभाग में कार्यभार संभाला और पिता की डिमांड पर बड़ी बात कह दी. मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सूचना एवं प्रावैधिकी यानि आईटी विभाग का कार्यभार संभाला. वहां से मीडिया से बात की. सवाल पूछा गया कि विभागों के बंटवारे में आपकी पार्टी को जो हिस्सेदारी मिली है क्या आप उससे खुश हैं. संतोष सुमन का जवाब था- मेरे मन में विभाग को लेकर कोई संशय होता तो मैं मंत्री की कुर्सी पर बैठा नहीं होता. संतोष सुमन ने कहा कि सब कुछ ठीक है तभी तो मैं विभाग में बैठा हूं. संतोष सुमन ने कहा कि मुझे जो विभाग मिला है, उससे मैं खुश हूं. एक व्यक्ति को एक ही विभाग मिल सकता है. हर व्यक्ति को हर विभाग तो दिया नहीं जा सकता. हर विभाग का अपना महत्व है. मुझे जो मिला है मैं उससे खुश हूं. मेरे अंदर क्षमता होगी तो मैं यहां भी बेहतर काम कर सकता हूं. मांझी यूं तो एनडीए और पीएम मोदी के समर्थन की बात कहते नहीं थकते.

## वाहन तेज चलाने से रोका तो मार दी गोली

**सासाराम।** रोहतास जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलाने से मना करने की कीमत एक युवक को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी. मामला इंद्रहिया गांव की बतायी जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, गांव में एक शादी थी और बारात द्वार लगने का कार्यक्रम चल रहा था. इसी बीच, गांव के एक-दो युवक सड़क पर तेज गति से कार चलाने लगे. गांव के ही युवक धर्मराज राम ने दुर्घटना की आशंका को लेकर कार चला रहे युवकों से कार धीरे चलाने की गुजारिश की. आरोप है कि कार चला रहे युवक ने धर्मराज को गोली मार दी. घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया.

## नीतीश कुमार ने की मोदी से मुलाकात गुलदस्ता दिया, मुस्कुराते हुए हाथ मिलाया



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. यह मुलाकात सरकार द्वारा 12 फरवरी को विधानसभा में विश्वास मत का सामना करने से पांच दिन पहले हुई है. बिहार में 28 जनवरी को ‍रमहागठबंधन‍र को छोड़कर राजग में लौटने के बाद सीएम की राजधानी के अपने पहले दौरे के दौरान भाजपा के अन्य शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात करेंगे.

---

**कारोबार**

## ईआईडी पैरी इंडिया का शुद्ध लाभ घटा

**चेन्नई।** चीनी उत्पादक ईआईडी पैरी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ एक साल पहले की तुलना में आधे से भी कम होकर 216.52 करोड़ रुपये रहा. कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 481.60 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में कंपनी की कुल आय घटकर 7,811.32 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इसकी आय 9,855.36 करोड़ रुपये रही थी.

## केनरा बैंक इक्विटी शेयरों का होगा विभाजन

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने बुधवार को कहा कि वह शेयर तरलता बढ़ाने के लिए अपने इक्विटी शेयरों के विभाजन की योजना बना रहा है. केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की 26 फरवरी को होने वाली बैठक में शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा. इस बैठक में बैंक के इक्विटी शेयरों के विभाजन के लिए निदेशक मंडल से सैद्धांतिक मंजूरी लेने की योजना है. हालांकि यह निर्णय आरबीआई एवं अन्य नियामकीय मंजूरियों के अधीन होगा.

## नेस्ले का शुद्ध लाभ 655.61 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 4.38 प्रतिशत बढ़कर 655.61 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 628.06 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था. शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी शुद्ध आय 8.27 प्रतिशत बढ़कर 4,583.63 करोड़ हो गई. पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही यह 4,233.27 करोड़ थी. दिसंबर तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 6.11 प्रतिशत बढ़कर 3,636.94 करोड़ रुपये रहा.

### ईरान ने 28 देशों के टूरिस्ट के लिए वीजा फ्री टूरिज्म का ऐलान दिसंबर 2023 में किया था

# भारतीय पर्यटकों के लिए वीजा फ्री पॉलिसी

**भाषा। नयी दिल्ली**




एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं, इस बीच भारत के साथ रिश्ते उसी तरह सामान्य हैं. इसका असर ईरान की वीजा पॉलिसी से पता चलता है, जहां ईरान ने इंडियन टूरिस्ट्स के लिए वीजा फ्री फैसेलिटी शुरू कर दी है. नई दिल्ली में ईरान की एंबैसी ने यह जानकारी दी. इस वीजा फ्री ट्रैवल में कुछ शर्तें भी रहेंगी.

मसलन, इस वीजा फ्री ट्रैवल में टूरिस्ट सिर्फ 15 दिन ही ईरान में रूक सकेगा. दूसरी बात यह है कि इसका फायदा सिर्फ उन टूरिस्ट्स को मिलेगा जो एयर ट्रैवल यानी हवाई मार्ग से ईरान जाएंगे. एटमी प्रोग्राम बंद न करने की वजह से ईरान पर पश्चिमी देशों ने तमाम तरह की सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं. इसका सीधा असर उसके एक्सपोर्ट्स पर पड़ रहा है. खस्ताहाल इकोनॉमी को सहारा देने के लिए ईरान ने 28 देशों के टूरिस्ट के लिए वीजा फ्री टूरिज्म का ऐलान दिसंबर 2023 में किया था. नयी दिल्ली में ईरान की एंबैसी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि भारतीय पर्यटकों के लिए हम वीजा फ्री पॉलिसी लाए हैं. इसका फायदा सिर्फ वो टूरिस्ट उठा सकेंगे जो एयर ट्रैवल के जरिए ईरान पहुंचेंगे और जिनका मकसद सिर्फ ईरान घूमना होगा. इसके अलावा वो कितने दिन वहां ठहर सकेंगे, इसके लिए भी रूल्स तय किए गए हैं.

वीजा फ्री पॉलिसी के मुताबिक, कोई भी टूरिस्ट ईरान में 15 दिन ही ठहर सकेगा और इस टाइम पीरिएड को बढ़ाया नहीं जा सकेगा. यह वीजा छह महीने में सिर्फ एक बार लिया जा सकेगा. अगर कोई टूरिस्ट 15 दिन से ज्यादा ठहरना चाहता है या 6 महीने में एक से ज्यादा बार ईरान आना चाहता है तो उसे दूसरी कैटेगरीज का वीजा लेना होगा.

ईरान पर तो तमाम तरह की पाबंदियां हैं, लेकिन सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी कट्टर इस्लामी नियमों में ढील देकर मुल्क को टूरिज्म हब बनाना चाहते हैं और इसके लिए सऊदी में कई तरह के बदलाव देखे जा रहे हैं. हाल ही में वहां 70 साल बाद पहला लिकर स्टोर यानी शराब की दुकान खोली गई थी. हालांकि, शुरुआत में यहां सिर्फ फॉरेन डिप्लोमैट्स ही खरीदारी कर सकेंगे.

### हटी पाबंदी


- इसमें टूरिस्ट सिर्फ 15 दिन ही ईरान में रूक सकेगा
- यह वीजा छह महीने में एक बार लिया जा सकेगा

### सऊदी अरब समेत कई पड़ोसी देशों से रिश्ते सुधारना चाहता है

ईरान सरकार अब किसी वक्त कट्टर दुश्मन रहे सऊदी अरब समेत कई पड़ोसी देशों से रिश्ते सुधारना चाहती है और इसकी झलक साफ तौर पर इस वीजा फ्री पॉलिसी में भी देखने मिलती है. मसलन, इस पॉलिसी में जिन देशों को शामिल किया गया है, उनमें सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, कतर, यूएई के अलावा सेंट्रल एशिया के कुछ देशों को भी शामिल किया गया है. प्रेसिडेंट इब्राहिम रईसी ने 2023 में कहा था– पश्चिमी देशों से मुकाबले के लिए पड़ोसी देशों से रिश्ते मजबूत करना बहुत जरूरी है. पिछले साल ही ईरान और सऊदी अरब ने डिप्लोमैटिक रिलेशन बहाल किए थे. ये करीब 7 साल पहले टूट गए थे. इसके अलावा यूएई और कुवैत जैसे सुन्नी मेजॉरिटी वाले देशों से भी ईरान के रिश्ते काफी खराब थे और अब ये भी करीब–करीब सही रास्ते पर हैं. बहरीन के मामले में भी यही कहा जा सकता है. करीब 23 साल से ईरान एटमी ताकत हासिल करने की कोशिश कर रहा है. 2015 में ईरान की चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका के साथ एटमी कार्यक्रम बंद करने को लेकर एक डील हुई थी.

## टाटा स्टील अपनी सहयोगी टीआरएफ का नहीं करेगी विलय

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




इस्पात उत्पादक टाटा स्टील ने बुधवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सहयोगी कंपनी टीआरएफ लिमिटेड के प्रदर्शन में आ रहे सुधार को देखते हुए उसका विलय नहीं करने का फैसला किया है. टाटा स्टील ने पहले टीआरएफ, टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स, टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया, टाटा मेटालिक्स, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स, टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड और एस एंड टी माइनिंग कंपनी समेत नौ रणनीतिक कारोबारों के एकीकरण की योजना घोषित की थी. टाटा समूह की कंपनी ने बयान में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने टीआरएफ का विलय करने की योजना पर आगे न बढ़ने का फैसला किया है.

## लार्सन एंड टुब्रो को मिला फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टिक लगाने का ऑर्डर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को कहा कि उसके बिजली पोषण और वितरण व्यवसाय को घरेलू बाजार एवं पश्चिम एशिया में कुछ बड़े ऑर्डर मिले हैं. कंपनी ने बीएसई को इसकी सूचना दी. कंपनी के वर्गीकरण के तहत 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये तक के ऑर्डर बड़े ऑर्डर की श्रेणी में आते हैं. कंपनी को एक बांध पर 75 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टिक इकाई लगाने का ऑर्डर मिला है. यह संयंत्र अल्ट्रा मेगा नवीकरणीय ऊर्जा पावर पार्क का हिस्सा है जिसे झारखंड और पश्चिम बंगाल में दामोदर घाटी निगम के जलाशय पर विकसित किया जा रहा है. एलएंडटी ने कहा, सऊदी अरब में कंपनी को एक बिजली सब-स्टेशन के निर्माण का ऑर्डर मिला है. कुवैत और सऊदी अरब में हाइड्रोकार्बन कंपनियों से कंपनी को सब-स्टेशन और वोल्टेज रूपांतरण के भी ऑर्डर मिले हैं.

**दी जानकारी** क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स रिसर्च ने जनवरी माह की जारी की रिपोर्ट

# शाकाहारी थाली महंगी हुई, मांसाहारी थाली की लागत घटी

**एजेंसी। मुंबई**



शाकाहारी और मांसाहारी थाली दोनों की ही कीमतें दिसंबर, 2023 की तुलना में जनवरी, 2024 में क्रमशः 6% और 8% कम हुई हैं

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई. बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी ‘राइस रोटी रेट’ अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई.

वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई. रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है.

इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं. इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया. पिछले साल के समान महीने की तुलना में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई.

हालांकि शाकाहारी और मांसाहारी थाली दोनों की ही कीमतें दिसंबर, 2023 की तुलना में जनवरी, 2024 में क्रमशः छह प्रतिशत और आठ प्रतिशत कम हुई हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, मासिक आधार पर प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमशः 26 प्रतिशत और 16 प्रतिशत की कमी आने और टमाटर की आवक बढ़ने से शाकाहारी थाली की लागत दिसंबर की तुलना में घटी है. वहीं, मांसाहारी थाली के मामले में मासिक आधार पर मुर्गे के दाम आठ-10 प्रतिशत तक कम होने से थाली की लागत तेजी से कम हुई है.

## एथर इंडस्ट्रीज गुजरात में सौर ऊर्जा संयंत्र जल्द चालू करेगी

**एजेंसी। मुंबई**



एथर इंडस्ट्रीज अधिक टिकाऊ बनने के मकसद से गुजरात के भरूच में निजी इस्तेमाल के लिए 15 मेगावाट की एक सौर ऊर्जा परियोजना चालू करेगी. कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा है कि यह परियोजना गुजरात के भरूच जिले में 60 एकड़ में स्थापित की जाएगी. सौर ऊर्जा संयंत्र की चरणबद्ध शुरुआत अगले वित्त वर्ष के आरंभ में होने की संभावना है. हालांकि कंपनी ने इस परियोजना के लिए पूंजीगत व्यय का ब्योरा नहीं दिया है. एथर इंडस्ट्रीज इसके पहले जुलाई, 2023 में भी निजी उपभोग के लिए 16 मेगावाट की एक सौर ऊर्जा परियोजना चालू कर चुकी है. कंपनी ने कहा कि भरूच में लगने वाली नई सौर परियोजना उसके नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में वृद्धि करेगी और उसे टिकाऊ स्थिति की तरफ ले जाने में मदद करेगी. निदेशक रोहन देसाई ने कहा, हम एथर इंडस्ट्रीज को देश में रसायन उद्योग के भीतर स्थिरता में एक मानक बनाने के तरीकों का पता लगाना जारी रखेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पास

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किया गया समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल सदन में पारित हो गया. उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पास होने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. बीजेपी के सभी विधायकों ने ध्वनि मत से UCC का विधेयक पारित किया, 80 प्रतिशत सहमति के साथ यह प्रस्ताव स्वीकृत किया गया. सभी सदस्यों ने फिर सदन में जय श्रीराम के जयकारे लगाए.

### ज्ञानवापी मामले में अगली सुनवाई 12 को

**प्रयागराज।** इलाहबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित व्यास जी का तहखाने में हिंदुओं को पूजा अर्चना की अनुमति देने के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया की अपील पर सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी. ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति संबंधी मामला अदालत के 31 जनवरी के आदेश के खिलाफ अपील की थी. अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी.

### 15 पूर्व विधायक व 1 पूर्व सांसद भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए. आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है. केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. अन्नामलाई ने उनका स्वागत किया.

### धर्मांतरण कराने पर 10 लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में प्रार्थना सभा के नाम पर कथित रूप से सामूहिक धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने 16 लोगों को नामजद करते हुए एक पादरी समेत अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि गत सोमवार को देवा थाना क्षेत्र के चकरार मजरे रेंदुआ पल्हरी गांव स्थित एक प्रार्थनागृह और चर्च में अवैध रूप से धर्मांतरण कराने के आरोप में 16 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था.

### ऐसा अन्याय इतिहास में कभी नहीं हुआ: राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के रूप में मान्यता संबंधी फैसला देकर लोकतंत्र की पीठ में छुरा भोंका है. राउत ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जिस तरह का अन्याय राकांपा के संस्थापक शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ हुआ है, वैसा अन्याय इतिहास में कभी नहीं हुआ.

## सद्भावना महोत्सव



बीएपीएस के आध्यात्मिक नेता महंत स्वामी महाराज सद्भावना महोत्सव की शुरुआत के अवसर पर बीएपीएस हिंदू मंदिर, अबू धाबी पहुंचे. **फोटो : पीटीआई**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया मेट्रो में सफर



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की. राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मुर्मू ने पहली बार मेट्रो ट्रेन में सफर किया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पीले रंग की साड़ी पहने राष्ट्रपति ने मेट्रो ट्रेन की यात्रा के दौरान स्कूली छात्रों से बातचीत की. अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर यात्रा की, जो कि कश्मीरी गेट और फरीदाबाद में राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) के बीच संचालित होती है.

### राहुल गांधी ने ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार पर साधा निशाना, कहा-

# ओडिशा में भाजपा-बीजद का गठजोड़ है

**भाषा। राउरकेला**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच 'गठजोड़' है और कांग्रेस राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है. राहुल ने यहां ओडिशा के इस्पात शहर के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर शुरू की. उन्होंने कहा कि आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी की साझा सरकार है. दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं. मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा का समर्थन करती है. बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान करते हैं. राहुल ने दावा किया कि अकेली कांग्रेस पार्टी ही ओडिशा के लोगों के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध कर रही है.

**राज्यों में दलितों की उपेक्षा कर रही है सरकार :** राहुल ने कहा कि ओडिशा में आदिवासियों की बड़ी आबादी है लेकिन सरकार राज्यों में दलितों के साथ ही उनकी भी उपेक्षा कर रही है. उन्होंने कहा कि मैं यहां छह-सात घंटे आपके 'मन की बात' सुनने आया हूं और केवल 15 मिनट अपनी बात रखूंगा. उन्होंने कहा कि ओडिशा में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है क्योंकि उद्योग सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं. इससे पहले, राहुल ने वेदव्यास शिव मंदिर में पूजा करने के साथ राउरकेला में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की फिर शुरूआत की और उदितनगर से यहां पानपोश चौक तक 3.4 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की.

**राहुल ने की लोगों से बातचीत :** राहुल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार और ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक के साथ लोगों से बातचीत की. राहुल का रानीबांध में बिरसा मुंडा मैदान में दोपहर बाद कुटरा तथा बड़ागांव में दो और सभाओं में भाग लेने का कार्यक्रम है.



### बोले राहुल

- 6-7 घंटे आपके मन की बात सुनने आया हूं
- बीजद के लोग भी हमें परेशान करते हैं

### मोहब्बत की दुकान खोलने ओडिशा आया हूं


राहुल ने कहा कि मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए ओडिशा आया हूं. कांग्रेस नेता ने ओडिशा में बीजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के 30 लाख लोग आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों में विस्थापित हो गए हैं क्योंकि राज्य सरकार उनके लिए काम नहीं कर रही है. उन्होंने कहा कि 30 लाख लोगों के अपनी आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में विस्थापित होने के साथ ही ओडिशा से बाहर के 30 करोड़पति राज्य की संपदा को लूटने के लिए यहां आए हैं.

### सिद्धरमैया और कई कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व के वितरण में राज्य के साथ हुए अन्याय को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया. इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए. कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ अन्याय किया गया है. विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे. सिद्धरमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है. उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है. मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि देश एकजुट रहे, लेकिन दक्षिणी राज्यों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए.

# शिकागो में भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से की मारपीट

**भाषा। न्यूयॉर्क**



अमेरिका के शिकागो शहर में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र के साथ उसके घर के समीप अज्ञात लोगों ने बेरहमी से मार-पीट की. सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में चार फरवरी की रात को तीन लोगों को सैयद मजाहिर अली का पीछा करते देखा गया. 'एक्स' पर पोस्ट एक अलग वीडियो में अली की नाक और चेहरे से खून निकलते हुए और उसके कपड़ों पर खून के धब्बे देखे जा सकते हैं. शिकागो में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने मामले की जांच कर रहे स्थानीय प्राधिकारियों से संपर्क किया. करीब छह महीने पहले हैदराबाद से अमेरिका आए अली ने 'एबीसी7 आईविटनेस न्यूज' को बताया कि एक हमलावर ने उस पर बंदूक तानी थी. वीडियो फुटेज में अली रात को अपने घर की ओर पैदल जाते हुए देखा गया और उसके हाथ में एक पैकेट था, इस दौरान तीन पुरुष उसका पीछा कर रहे थे. अली ने कहा कि हमलावरों ने उसे आंख और नाक, पसलियों और कमर पर मुक्के मारे. एबीसी7 की खबर में कहा गया है कि उसे एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया जहां उसका इलाज किया गया. 'एक्स' पर मिली जानकारी के अनुसार, अली इंडियाना वेस्लेयान यूनिवर्सिटी से सूचना प्रौद्योगिकी में परास्नातक कर रहा है. उसने कहा कि वह इस हमले को भुला नहीं पाएगा.

# फिलीपींस में भूस्खलन, छह लोगों की मौत, 46 लापता

**भाषा। मनीला**

दक्षिणी फिलीपींस में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 46 अन्य लापता हो गए. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं. अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला. अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अधिक भूस्खलन की आशंका के कारण एक रात पहले तलाशी अभियान स्थगित करने के बाद बुधवार सुबह फिर से अभियान शुरू किया. आपदा प्रतिक्रिया बल के अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन के बाद से 750 से अधिक परिवारों को राहत केंद्रों में ले जाया गया है.

डवाओ डी ओरो प्रांत के प्रवक्ता एडवर्ड मकापीली ने कहा कि लापता लोगों में 27 खनिक भी शामिल थे, जो दो बसों में सवार थे और अपने घर जाने का इंतजार कर रहे थे. एडवर्ड मकापीली ने कहा कि इंतजार कर रहे लोगों में से आठ खनिक बस की खिड़कियों से कूद गए या दूर जा गिरे और बच गए. भूस्खलन के समय तीसरी बस रवाना हो चुकी थी.

# अभिनेत्री ईशा देओल पति भरत तख्तानी से अलग हुईं



**भाषा। मुंबई**

अभिनेत्री ईशा देओल और उद्यमी भरत तख्तानी ने शादी के 11 साल बाद एक दूसरे से अलग होने की बुधवार को पुष्टि की. सोशल मीडिया पर कुछ समय से उनके अलग होने की अफवाहें आ रही थीं. दो बेटियों राध्या और मिराया के माता-पिता ईशा और भरत ने कहा कि वह 'आपसी सहमति' से अलग हो रहे हैं. दोनों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है. जिंदगी के इस बदलाव में हमारे दोनों बच्चों का हित और भलाई ही हमारे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और रहेगा. हम इस वक्त हमारी निजता का सम्मान करने की उम्मीद करते हैं. मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी और अभिनेता धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने 29 जून 2012 को भरत से शादी की थी.

### अमेरिकी सीनेट में यूक्रेन को सहायता देने संबंधी प्रस्ताव गिरा

# बाइडन ने ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया

**भाषा। वाशिंगटन**



अमेरिकी सीनेट में राष्ट्रपति जो बाइडन की अपील के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी के समर्थन वापस लेने के कारण सीमा प्रवर्तन उपायों और यूक्रेन को मदद देने संबंधी एक प्रस्ताव मंगलवार को गिर गया. बाइडन ने इस प्रस्ताव के गिरने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया है. राष्ट्रपति बाइडन की टिप्पणियों के कुछ मिनटों बाद सीनेट में रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कॉनेल संसद भवन से बाहर आए और उन्होंने इस प्रस्ताव के गिरने की पुष्टि की. यह घटनाक्रम दिखाता है कि संसद पर ट्रंप का प्रभाव बढ़ रहा है और बाइडन की विदेश नीति बेअसर साबित हो रही है जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूरोप में अपना दबदबा बढ़ाने से रोकना अहम है. अब कोई निधि न होने के कारण पेंटागन युद्ध के तीसरे साल में प्रवेश करने पर यूक्रेन को और हथियारों की खेप नहीं भेज पा रहा है. रूस के युद्ध लड़ रहा यूक्रेन हथियारों और सैन्य कर्मियों की कमी से जूझ रहा है. बाइडन ने कहा कि यूक्रेन को कोई नयी मदद दिए बिना गुजर रहे हर सप्ताह, हर महीने का मतलब है कि यूक्रेन के पास रूसी आक्रमण से अपना बचाव करने के लिए तोप के कम गोले, कम हवाई रक्षा प्रणाली, कम उपकरण है. वहीं, बाइडन ने यूक्रेन के लिए सहायता के साथ ही अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर अवैध शरणार्थियों को रोकने के लिए 60 अरब डॉलर की योजना पर सीनेट के नेताओं के साथ महीनों तक बातचीत की. रिपब्लिकन पार्टी के इस प्रस्ताव को खारिज करने के बाद राष्ट्रपति और सांसदों के पास अब कांग्रेस के जरिए यूक्रेन को सहायता देने का कोई साफ रास्ता नहीं बचा है. बाइडन ने इस प्रस्ताव के गिरने के लिए ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया है जो नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिक पार्टी की तरफ से उनके प्रतिद्वंद्वी हैं. सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने मंगलवार को अमेरिकी सीनेट में एक निराशाजनक दिन बताया.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# बीबीए इन फाइनेंस की पढ़ाई कर बना सकते है अपना कॅरियर



**रजनीश प्रसाद। रांची**

फाइनेंशियल मैनेजमेंट में स्पेशलिस्ट तीन साल का डिग्री कोर्स होता है. इस डिग्री कोर्स का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच वित्तीय समझ विकसित करना और वित्तीय समस्याओं से निपटने के लिए और इससे जुड़े स्किल का निर्माण करना है. किसी भी व्यवसाय को शुरू करना और इसे पेशेवर रूप से चलाना एक बहुत बड़ा काम है. यहां बिजनेस एडमिनिस्ट्रेटर की भूमिका अहम हो जाती है. कई कंपनियां, सरकारी हों या प्राइवेट, एक अच्छे बिजनेस प्रशासक की तलाश में हमेशा रहती हैं, जो उनके व्यवसाय को ठीक से आगे बढ़ा सके. बीबीए फाइनेंस कोर्स के दौरान आपके द्वारा पढ़ाए गए विभिन्न विषय आपको किसी भी व्यवसाय को ठीक से समझने और चलाने का ज्ञान और समझ देते हैं. कोर्स के 3 वर्षों के दौरान, छात्रों को सिखाया जाता है कि अलग-अलग प्रकार के व्यवसाय कैसे प्रबंधित करें. यह बैचलर कोर्स आज काफी फेमस है और कई छात्रों को इस कोर्स को करने के बाद अच्छी नौकरी और अच्छा पैकेज भी मिल रहा है.

### बीबीए फाइनेंस क्यों चुनें

- **बढ़िया पैकेज :** फाइनेंस बढ़िया कमाई की क्षमता वाला क्षेत्र है और इन्वेस्टमेंट और प्रॉफिट मार्जिन की एक विस्तृत श्रृंखला है. यह स्पेशलाइजेशन विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर विकल्पों को पुरस्कृत कर सकता है. यह देखा गया है कि इस स्पेशलाइजेशन और धारा में महत्वपूर्ण विकास देखा गया है.
- **फाइनेंशियल डेवलपमेंट :** फाइनेंस ग्रेजुएट्स में बीबीए एसेट मैनेजमेंट, बैंकिंग और फंडिंग, कॉर्पोरेट फाइनेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट और शेयर बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में काम करेगा.

### बीबीए फाइनेंस के बाद जॉब के विकल्प

- बिज़नेस एनालिस्ट
- क्रेडिट एनालिस्ट
- ऑपरेशन मैनेजर
- एकाउंटिंग मैनेजर
- रिस्क और इंश्योरेंस मैनेजर
- कोषाध्यक्ष
- फाइनेंस मैनेजर
- कैश मैनेजर
- फाइनेंस डायरेक्टर
- फाइनेंशियल एडवाइजर
- फाइनेंस एसोसिएट्स
- पोर्टफोलियो मैनेजर
- चीफ इंवेस्टमेंट अफसर
- इन्वेस्टमेंट सेल्स ट्रेडर्स
- इन्वेस्टमेंट बैंकर
- डेटा साइंटिस्ट
- ब्लॉकचैन एक्सपर्ट
- फाइनेंशियल मैनेजर/एनालिस्ट

### बीबीए स्पेशलाइजेशन

कई सारी फील्ड्स है, जिनमें आप स्पेशलाइजेशन ले सकते हैं. बीबीए एक कोर्स के रूप में उम्मीदवारों को केवल मैनेजमेंट क्षेत्र तक ही सीमित नहीं करता है. बल्कि, यह उम्मीदवारों को एक विशेष विशेषज्ञता से संबंधित प्रशासनिक तकनीकों और रणनीतियों के साथ कौशल प्रदान करता है. इस कोर्स के जरिए उम्मीदवार कई प्रकार के संगठनों में महत्वपूर्ण प्रबंधकीय स्तर की भूमिकाओं के बारे में जान सकते हैं. इन स्पेशलाइजेशन के अलावा कुछ विश्वविद्यालय हैं, जो बीबीए-एमबीए इंटीग्रेटेड कोर्स प्रदान करते हैं. नीचे दी विशेषज्ञताएं अधिकांश क्षेत्रों को कवर करती हैं.

### बीबीए फाइनेंस में भारत के बेस्ट कॉलेज

- शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एसजेएमएसओएम) (आईआईटी बॉम्बे का हिस्सा)
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- माउंट कार्मेल कॉलेज, बैंगलोर
- क्वांटम विश्वविद्यालय, रुड़की
- शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- केशव महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय
- अनिल सुरेंद्र मोदी स्कूल ऑफ कॉमर्स, एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, मुंबई
- महाराजा सूरजमल संस्थान, (जीजीएस-आईपीयू), दिल्ली
- एमिटी बिजनेस स्कूल, नोएडा
- बिट्सोम, बिट्स स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- एथिराज कॉलेज फॉर विमेन, चेन्नई
- लाला लाजपत राय कॉलेज ऑफ कम्युनिकेशन एंड इकोनॉमिक्स, मुंबई

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )